माघ कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
वर्ष 34, अंक 2, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री 15
गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल 16

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि-पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस पर **26 जनवरी** को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक **28 जनवरी** को प्रकाशित होगा। -संपादक

### एक नजर

## शाहजहांपुर में सड़क हादसे में 12 श्रद्धालुओं की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले के मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो को बिहार जा रहे कंटेनर (ट्रक) ने गुरुवार सुबह करीब 10 .30 बजे टक्कर मार दी। भीषण हादसे में ऑटो में सवार 12 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक किशोर शामिल हैं। हादसा अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा बना है। (**संबंधित खबर पेज 12 पर** )

## संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा। वर्तमान लोकसभा का यह आखिरी सत्र होगा। बजट सत्र से पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकार नियमों के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। यह पूछे जाने पर कि विपक्ष सरकार पर सदन में मुद्दे नहीं उठाने देने का आरोप लगाता है तो मेघवाल ने कहा कि हम हर उस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं जिस पर लोकसभा अध्यक्ष और सभापति नियमों के तहत फैसला करते हैं।

# ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण में भी मिला मंदिर का ढांचा

### सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ता का दावा

### 839 पन्नों की रिपोर्ट की प्रतियां संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराईं

**वाराणसी, एजेंसी**

काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने गुरुवार को दावा किया कि रिपोर्ट से संकेत मिला है कि ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी।

जैन ने संवाददाताओं को बताया एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां गुरुवार देर शाम अदालत द्वारा संबंधित पक्षों को उपलब्ध करा दी गईं। रिपोर्ट के हवाले से जैन ने दावा किया कि मस्जिद पूर्व में मौजूद मंदिर को तोड़कर उसके अवशेषों पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंदिर के अस्तित्व के पर्याप्त सबूत मिलने की बात कही गई, जिस पर मस्जिद का निर्माण किया गया था। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों सहित कुल 11 लोगों ने अदालत में आवेदन किया था।



**हिंदू और मुस्लिम पक्षों से कुल 11 लोगों ने कोर्ट से मांगी थी रिपोर्ट**

ज्ञानवापी मामले में अदालत ने एएसआई के निदेशक को चार अगस्त 2023 तक सर्वे के संबंध में रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट गया। जिसके बाद दोबारा चार अगस्त 2023 से सर्वे शुरू हुआ, जो दो नवंबर तक पूरा हो सका।

18 दिसंबर 2023 को सर्वे रिपोर्ट अदालत में दाखिल की गई थी। इसके बाद से ही हिंदू पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहा था। हिंदू पक्ष का कहना था कि सर्वे में हिंदू पक्ष की दलीलों को माना गया है। आज इस सर्वे रिपोर्ट के कुछ अंश सामने आए हैं जिन्होंने एक बार अयोध्या फैसले की याद दिला दी है। सर्वे में इस बात का दावा किया गया है कि मस्जिद के पहले यहां मंदिर था और उसकी संरचना के सबूत प्राप्त हुए हैं। जैन का कहना है कि अब सील वजूखाना की एएसआई सर्वे की मांग सुप्रीम कोर्ट से करेंगे।

इससे पहले अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से साफ इन्कार कर दिया था। यह मांग अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से की गई थी। दूसरी तरफ मस्जिद कमेटी की सर्वे रिपोर्ट ई-मेल पर उपलब्ध कराने की मांग भी खारिज कर दी गई।

### क्या है ज्ञानवापी विवाद

ज्ञानवापी विवाद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इसके नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था। दावा है कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वाकर यहां मस्जिद का निर्माण किया। जिसे ज्ञानवापी मस्जिद कहा जाता है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि ज्ञानवापी परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण कर यह पता लगाया जाए कि जमीन के अंदर का भाग मंदिर का अवशेष है या नहीं। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के शिलालेख मिले हैं। रिपोर्ट में महामुक्ति मंडप लिखा है। एएसआई का कहना है कि यह मजबूत संकेत है।

## नीतीश के भाजपा के साथ गठबंधन की अटकलें तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों में गहराती दरार के संकेतों के बीच जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख के भाजपा के साथ गठबंधन में लौटने की संभावना जताई जा रही है।



राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों पर जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के कटाक्ष के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने 'एक्स' पर पोस्ट में ''हवा की दिशा बदलने के साथ अपनी विचारधारा बदलने'' के लिए कुमार पर तंज कसा था। इसके बाद से बिहार की राजनीति में गहमागहमी देखी जा रही है। बिहार के एक भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अपनी भविष्य की राजनीतिक अनिवार्यताओं को ध्यान में रखकर कदम उठाएगी, न कि अतीत की कड़वाहट से। हालांकि, उन्होंने कहा कि (गठबंधन के संबंध में) कोई भी निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।

## मुख्तार के बेटे उमर को गिरफ्तारी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज एक आपराधिक मामले में गुरुवार को गिरफ्तारी से राहत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने संबंधी अंसारी की याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी किया।

# चुनाव का नहीं विकास के लिए बिगुल फूंकता है मोदी

### प्रधानमंत्री ने बुलंदशहर में जनसभा को किया संबोधित, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दीं 20,700 करोड़ रुपये की 46 विकास परियोजनाएं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मोदी शब्द को ही विकास की गारंटी का पर्याय करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाएं दीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, वो हमेशा विकास का बिगुल फूंकते हैं। मोदी को ना पहले जरूरत थी, ना आज जरूरत है और ना ही चुनाव का बिगुल फूंकने की आगे कभी जरूरत पड़ेगी। जब जनता ही मोदी के लिए बिगुल फूंकती है तो उन्हें अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। प्रधानमंत्री गुरुवार को यहां पुलिस शूटिंग ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने रेलवे के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



बुलंदशहर में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीराम की मूर्ति भेंट करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मौजूद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### कल्याण सिंह को किया याद

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री ने रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज और आद्योगिक क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है। कल्याण सिंह ने रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां भी हैं अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### योगी ने मोदी को बताया प्रेरणा

**योगी ने मोदी को बताया प्रेरणा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि आज मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री का बुलंदशहर की धरती पर आगमन हम सबके लिए प्रेरणा है कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। कुछ दिनों के बाद जब आम चुनाव होंगे, जनता आपके साथ फिर से खड़ी होगी। योगी के मुताबिक, आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस मौके पर योगी ने प्रधानमंत्री को राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

### मोदी ने की योगी की प्रशंसा

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नए पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य बढ़ा दिया है। कहा कि आज दुनिया में तीन हजार रुपये में किसानों को यूरिया की बोरी मिल रही है, वहीं भारत में ये 300 रुपये से भी कम कीमत में मिल रही है। सरकार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत बहनों को ड्रोन पायलट के रूप में ट्रेनिंग दे रही है।

Since : 1963

PIONEER MONTESSORI GROUP OF SCHOOLS & COLLEGES



Prof. Puran Singh

Lucknow/Barabanki

75th 1950 2024

गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ADMISSION OPEN IN ALL BRANCHES

Session - 2024-2025

For Class Play Group to Class IX & XI

Streams Offered : ➢ Science ➢ Commerce ➢ Humanities

CBSE BOARD, NEW DELHI ICSE/ISC BOARD, NEW DELHI U.P. BOARD

Tel. : 2446377, 2447730

Website : https://pmiceldeco.in www.pioneermontessori.in

E-mail : pmseldeco@rediffmail.com, pioneer.ho@gmail.com

www.facebook.com/pmiceldeco

Er. Brajendra Singh
Manager

## एक नजर

### पवन कुमार मीना फतेहपुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएएस अधिकारी पवन कुमार मीना को फतेहपुर का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। मीना 2020 बैच के अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने गुरुवार को स्थानांतरण को लेकर आदेश जारी किया।

### मथुरा में फसल बीमा की नहीं हुई वसूली

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुए फर्जीवाड़े की वसूली किसानों से नहीं हो पाई है। न ही दोहरा लाभ पाए किसानों की जांच हुई है। कृषि निदेशालय ने जिलाधिकारी को रिमाइंडर भेजा गया है। रबी 2021-22 में मथुरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का दोहरा लाभ किसानों ने उठाया। इसमें बिचौलिए भी हावी रहे। एक जमीन पर केसीसी से तो जनसेवा केंद्र से दोहरा बीमा कराया गया। दूसरे किसानों की जमीन पर भी उसकी सहमति के बिना बीमा कराने जैसे मामले पकड़े गए थे। जिलेस्तर पर हुई जांच में 51 किसानों ने फर्जीवाड़ा स्वीकार कर क्षतिपूर्ति राशि वापस करने की सहमति जताई। वहीं, 700 पॉलिसी संदिग्ध होने पर कमेटी बनाकर जांच कराई जानी थी। फिलहाल यह कार्रवाई जिलेस्तर पर लंबित है। उपनिदेशक निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही इसकी जांच कराकर मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवही की जाएगी।

# मतदान करना केवल अधिकार नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी

## मुख्य सचिव ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मतदान करना हमारा केवल अधिकार ही नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है, इसलिए प्रदेश के सभी लोग मतदान अवश्य करें। मुख्य सचिव 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य सचिव ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। नए व 100 वर्ष से अधिक आयु वाले छह विशिष्ट मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराये गये। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि मतदान करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम अपने कर्तव्य पूर्ण नहीं करते हैं तो हमें कोई हक नहीं है कि हम अपने अधिकारों की बात करें। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि प्रदेश का मतदान प्रतिशत इस बार अवश्य बढ़े। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष वोट लोकतंत्र का नया निर्माण कर सकता है। देश में मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है।



मतदाता दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का देखते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य।

यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक संख्या में चुनाव के दौरान मतदान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म छह ऑनलाइन भरा जा सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप एंड्रॉयड और एप्पल दोनों पर उपलब्ध हैं, इसके माध्यम से भी फार्म भर सकते हैं। कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनय पाठक, स्टेट आइकॉन सुधा सिंह, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

▸▸ **नए व 100 वर्ष से अधिक आयु वाले छह विशिष्ट मतदाताओं को उपलब्ध कराए वोटर कार्ड**

### जागरूकता पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित

मतदाता दिवस पर मुख्य सचिव ने लोकतंत्र के उत्सव पर आधारित प्रदर्शनी व मतदाता जागरूकता पर आधारित पपेट शो, सेंड आकृति का अवलोकन किया और गुब्बारे भी छोड़े। उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा वॉल राइटिंग पर 'अपना वोट जरूर डालिए' लिखकर आह्वान किया।

# 200 चीफ फार्मासिस्ट की होगी पदोन्नति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जल्द ही सरकारी अस्पतालों व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालयों में रिक्त चल रहे 50 प्रभारी फार्मासिस्ट व 200 चीफ फार्मासिस्ट के पद भर जाएंगे। इसके लिए विभागीय पदोन्ति कमेटी (डीपीसी) की एक बैठक मंगलवार को संपन्न हो चुकी हैं, दूसरी बैठक 30 जनवरी को प्रस्तावित है, जिसके बाद पदोन्नति पाए फार्मासिस्टों की सूची जारी की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग में 7500 फार्मासिस्टों के कैडर में प्रभारी फार्मासिस्ट के 85 पदों में 55 रिक्त हैं, और चीफ फार्मासिस्ट के 1500 पदों में करीब 500 रिक्त चल रहें हैं। मगर ये सभी नहीं भरे जाएंगे। इन पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य महानिदेशालय को करीब 300 फार्मासिस्टों की वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) भेजी गईं हैं। डीपीसी की बैठक में इन्हीं फार्मासिस्टों के नामों पर चर्चा की गई है। विभिन्न जिलों से हर एक फार्मासिस्ट की भेजी गई प्रवृष्टियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। कितनों को प्रोन्नति मिलती है, अगली डीपीसी बैठक में तय होगा।

**संयुक्त निदेशक व ओएसडी भी होंगे नियुक्त:** स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट कैडर में संयुक्त निदेशक का पद रिक्त है, इस पद पर वर्तमान विशेष कार्यकारी फार्मासिस्ट (ओएसडी) की नियुक्ति होनी है। संयुक्त निदेशक पर तैनाती होने के बाद ओएसडी का पद रिक्त हो जाएगा, इसलिए ओएसडी की नियुक्ति के लिए शासन में 29 जनवरी को बैठक प्रस्तावित है। ओएसडी पद पर नियुक्ति के लिए पांच प्रभारी फार्मासिस्टों के नाम शासन में भेजे गए हैं।

डीपीसी में कई फार्मासिस्टों की सेवा संबन्धित संपूर्ण जानकारी नहीं भेजी गई थी, किसी में सेवाएं की तारतम्यता नहीं, किसी के नाम में त्रुटि थी। त्रुटियों की संख्या अत्यधिक थी, इसलिए जिलों से दोबारा संशोधित प्रवृष्टियां तलब करते हुए अगली बैठक 30 जनवरी को अगली बैठक बुलाई गई है। जिनमें मानकनुरूप फार्मासिस्टों को पदोन्नति दे दी जाएगी।

**डॉ .ब्रजेश राठौर, स्वास्थ्य महानिदेशक**

फार्मासिस्ट के पद रिक्त हैं, मगर संभवता 200 पदों पर प्रोन्नति दी जा रही है। महानिदेशालय को रिक्त पदों की सही जानकारी नही मिलती है, जिसकी वजह से सभी पद नहीं भर जा रहें हैं। जिलों से आने वाली सूचनाओं के आधार पर प्रोन्नति दी जाती है। जबकि कुल पद में तैनाती के पद हटाकर शेष रिक्त पदों पर प्रोन्नति प्रदान करनी चाहिये।

**सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.**

### पूरे उत्साह से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 75वें गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। शुक्रवार को अमृतकाल के दूसरे गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। पूरे प्रदेश में पारंपरिक सादगी के साथ लेकिन पूरे उत्साह से राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को एक परामर्श समिति का गठन करने के निर्देश पहले ही दे दिए थे। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों, विभिन्न समाजिक संगठनों, राजनीतिक पार्टियों, सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इन प्रतिनिधियों ने ही गणतंत्र दिवस के आयोजन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सरकारी भवनों और इमारतों में सुबह 8 .30 बजे व शिक्षण संस्थानों में सुबह 10 बजे झंडारोहण होगा।

## राजधानी के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का आज होगा लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **राजभवन में राज्यपाल करेंगी लोकार्पण**

▸▸ **ध्वज की लंबाई 90 फुट व चौड़ाई 60 फुट है**

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी के सबसे ऊंचे 75 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इसका लोकार्पण करेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दो उप मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री भी शामिल होंगे।

राजभवन के अधिकारियों ने बताया कि करोड़ों भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई 90 फुट व चौड़ाई 60 फुट है, जो 75 मीटर (246 फुट) की ऊंचाई पर स्थापित है।

राजभवन में स्थापित होने जा रहे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ मैनराइडर यूनिट व एविएशन लाइट युक्त स्वचालित मोटर प्रणाली पर आधारित है। इसे 12 मीटर ऊंचाई के चार स्तंभ से आठ 350 वॉट एलइडी लाइट से प्रकाशित किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ के नींव की गहराई 14 फुट है। अधिकारियों ने बताया कि राजभवन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मिलेट्स व्यंजनों के प्रोत्साहन के लिए राजभवन महिला कार्मिकों व अध्यासितों के लिए 'श्री अन्न' व्यंजन प्रतियोगिता के साथ-साथ राजभवन में गणतंत्र दिवस की संध्या पर कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

### अयोध्या में सरकारी अस्पताल में होगी हाईटेक ओटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या का हर स्तर पर विकास हो रहा है। सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विशिष्ट चिकित्सकीय सेवाएं देने वाला बनाया जा रहा है। उक्त क्रम में मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित 50 बिस्तर युक्त अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक बनाया जा रहा है। ओटी में अत्याधुनिक उपकरण के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख ज्यादा का बजट दिया है। देवगांव, मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को सुपर स्पेशयलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

## अयोध्या में रेकी करने वालों को सात दिनों की रिमांड पर भेजा गया

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **एटीएस 26 से 1 फरवरी तक करेगी पूछताछ**

**लखनऊः** खलिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू के निर्देश पर अयोध्या में रेकी करके बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास करने के आरोपियों को सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने आदेश एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दिया है। एटीएस अभियुक्तों को हिरासत में लेकर 26 जनवरी से एक फरवरी तक पूछताछ करेगी।

इसके पूर्व एटीएस ने गत 19 जनवरी को तीनों अभियुक्तों को अयोध्या से गिरफ्तार करके 20 जनवरी को कोर्ट में पेश किया था, अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने की मांग संबंधी अर्जी देते हुए, सरकारी वकील एमके सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की रिपोर्ट एटीएस थाने में इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुछ लोग आतंकी घटना कारित करने के उद्देश्य से अयोध्या की रेकी कर रहे हैं, इस सूचना पर एटीएस ने स्कॉर्पियो में सवार तीनों अभियुक्तों शंकर लाल, अजीत कुमार और प्रदीप पुनिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पहले तो आरोपी एटीएस टीम को बरगलाते रहे लेकिन बाद में शंकर लाल ने बताया कि वह 2016 में बीकानेर की जेल में बंद था जहां उसकी मुलाकात खलिस्तानी आतंकवादी सुखविंदर सिंह सुक्खा के साथी लखविन्दर सिंह से हुई जिसने अपने भांजे पम्मा से मुलाकात करने का निर्देश दिया और पम्मा ने कनाडा में रहने वाले सुखविंदर सिंह से बात करने को बोला। बताया गया कि कनाडा में रह रहे खलिस्तानी आतंकियों ने गुरपतवंत सिंह का नाम लेकर उसे अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रेकी करने के लिए कहा था और वहां का नक्शा भेजने के लिए कहा था। बताया गया कि अभियुक्त को निर्देश दिये गए थे कि उसे आतंकी घटना करित करने के लिए और सामग्री दी जाएंगी। अर्ज़ी में कहा गया कि अभियुक्तों से बरामद मोबाइल का डाटा विश्लेषण करने के बाद उनसे पूछताछ करना है।




## शहर में आज



- चारबाग स्थित रविंद्रालय/बाल संग्रहालय से परेड (26 जनवरी) का आयोजन - 8:00 बजे।
- नारायणा ई-टेक्नो स्कूल सेक्टर जी में सांस्कृतिक कार्यक्रम - 9:30 बजे।
- डालीगंज स्थित मानस मंदिर में 75 फुट ऊंचे शिवालय का पूजन - 11:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित श्रीराम पार्क (नेहरू इन्क्लेव) में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन व अन्य धार्मिक आयोजन - 11:30 बजे।

## एक नजर

### लखनऊ के गौरव खन्ना को मिला पद्मश्री अवार्ड



**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वास ही नहीं हो रहा है, किसी सपने के सच हो जाने जैसा है। यह कहना है पदम श्री अवार्ड के लिए चुने गए लखनऊ के गौरव खन्ना का। दिव्यांग खिलाड़ियों को बैडमिंटन की ट्रेनिंग देने वाले गौरव खन्ना को 2020 में द्रोणाचार्य अवार्ड मिला था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित करेंगी। बताते चलें कि गौरव खन्ना ने ओलंपिक से लेकर एशियाई खेलों में पदक विजेता पैरा शटलर तैयार किए हैं। जो कि विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

# पहले बसा दिए घर, अब लगा रहे कोर्ट के चक्कर

## 1984 में कुकरैल नदी के सर्वे में 139 थे अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब अकबरनगर में नदी व बंधे पर हो गए हैं 1,200 मकान व दुकान, इन्हीं का होना है ध्वस्तीकरण
- एलडीए और नगर निगम के अफसरों व अभियंताओं की लापरवाही से बस गया मोहल्ला
- कौन-कहां से आया, यह तक बताने वाला कोई नहीं

**अमृत विचार :** अगर आप मकान की मरम्मत या फिर पुराने निर्माण में मामूली बदलाव कर रहे हैं तो आप काम शुरू भी नहीं कर पाएंगे कि एलडीए के स्थानीय जिम्मेदार तत्काल आपके पास पहुंच जाएंगे। नक्शा बनवाया है या नहीं, निर्माण में बदलाव कराना तो पूरी तरह से गैर कानूनी है, इस पर मुकदमा चलेगा समेत तमाम ऐसे-ऐसे सवाल दागेंगे कि आप उनसे उसका हल स्वयं पूछते नजर आएंगे। विभागीय नुमाइंदों की यह सख्ती नियम कानून के अनुपालन के लिए नहीं बस अपनी जेब के लिए होती है।

यही वजह है कि शहर में दनादन अवैध बस्तियां और कमर्शियल काम्पेलक्स तनते चले जा रहे हैं। मजाल है कि कोई कार्रवाई कर सके। कुछ इसी तरह की नजीर अकबर नगर की कुकरैल नदी और बंधे पर बने आवास पेश करते नजर आते हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अभियंताओं ने पहले तो कुकरैल नदी और बंधे पर घर बसने दिए। अब ध्वस्तीकरण के लिए न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। यहां न तो नक्शा देखा गया और न ही नोटिस जारी की गई। सिर्फ 'नजराने' से काम चलता रहा। सरकार ने जब कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण की योजना पर अफसरों से सवाल किए तब तक 1,200 मकान और दुकानें खड़े हो गए।

**1984 में थे 139 अवैध निर्माण:** 1984 में जब एलडीए ने कुकरैल नदी का सर्वे कराया तब कुल 139 अवैध निर्माण थे। इनमें 29 पक्के और 110 टीनशेड निर्माण थे। इसके बाद अकबर नगर में अवैध कालोनी तेजी से बसती चली गयी। टीनशेड से पक्के निर्माण हो गए। मुख्य मार्ग पर दुकानें और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खुल गए। एलडीए ने लगभग 40 साल बाद तीन महीने पहले यहां बने मकान, दुकान और कॉम्प्लेक्स को ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी की।

**कर दिया गृहकर निर्धारण :** गजब खेल है। कौन कहां से आया है न कोई आधार लेकिन नगर निगम के अधिकारी गृहकर निर्धारण में देरी नहीं करते हैं। कब्जा होता रहता है और नगर निगम रसीद काटता रहता है। सरकारी जमीन पर कब्जे होते चले जाते हैं। अवैध तरीके से बसे मकानों व दुकानों का बिना देखे ही गृहकर निर्धारण कर दिया जाता है। कुछ तो मकान का दाखिल खारिज तक करा देते हैं। इसके आधार पर लोग ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र तैयार कराते हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड बनता है और फिर अवैध निर्माण पर जिम्मेदार कोर्ट के चक्कर लगाते हैं।



> नगर निगम द्वारा गृहकर निर्धारण कर टैक्स वसूला जाता है लेकिन जमीन या मकान पर मालिकाना हक की पुष्टि नहीं करता।
>
> –संजय यादव, जोनल अधिकारी जोन चार, नगर निगम लखनऊ

### ऐसे बसती हैं बस्तियां

- सरकारी जमीन पर पहले टीन शेड और झोपड़ी डाला जाता है।
- फिर अतिक्रमण पर अस्थायी निर्माण कराया जाता है।
- इसके वोटर बनवाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि आगे आते हैं।
- उनकी शह पर इन अस्थायी निर्माणों को पक्का किया जाता है।
- फिर यही क्षेत्रीय नेता नगर निगम कर्मियों से मिल-जुलकर गृहकर निर्धारित करा देते हैं।
- कुछ दाखिल खारिज रास्ता बताते हैं तो कई का काम करा भी दिया जाता है।
- बिजली कनेक्शन दिया जाता है।
- इसके आधार पर आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड बन जाता है।

# जलकल विभाग के बजट पर चली कैंची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जल निगम के अधिशासी अभियंता बैठक से गायब, महापौर नाराज
- 445.76 करोड़ रुपये का संशोधित बजट हुआ पास
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 4.86 करोड़ की कटौती

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक जलकल विभाग के ऐशबाग मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में आयोजित की गई। शहर की पेयजल आपूर्ति, सीवर और नलकूप आदि के संचालन के लिए जलकल विभाग का वित्तीय वर्ष 2024-25 का 445.76 करोड़ रुपये का संशोधित बजट पास किया गया। महापौर ने बजट पर कैंची चलाते हुए 4.86 करोड़ रुपये की कटौती की।

बैठक से जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता के गायब रहने पर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने 1 फरवरी को प्रस्तावित नगर निगम सदन की बैठक में मुख्य अभियंता को अमृत योजना के सभी कार्यों की पूरी जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए।

बैठक में उप सभापति, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, नगर निगम, महाप्रबन्धक जलकल विभाग, अपर नगर आयुक्त व कार्यकारिणी के पार्षद तथा समस्त अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग और सुएज इण्डिया के अधिकारी उपस्थित रहे।

**खुर्रमनगर में पानी व सीवर की व्यवस्था, व्यापारियों को नगर निगम भेज रहा बिल:** बैठक में पार्षदों ने महापौर के सामने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जोन 7 के शंकरपुरवा वार्ड में खुर्रमनगर में शादाब कालोनी से रिंग रोड तक पानी व सीवर की व्यवस्था न होने के बावजूद नगर निगम व्यापारियों को बिल भेज रहा है।

जोन 1 के नाका से बिरहाना पुल, सुभाष मार्ग और डालीगंज से आईटी कॉलेज तक नई सीवर लाइन डालने की मांग की। जोन 4 के विभूतिखंड में सीवर के मैनहोल के टूटे चैम्बरों की मरम्मत न होने और जोन 6 में छह सबमर्सिबल खराब होने की शिकायत की। इस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंताओं को समस्याओं का निराकरण कराकर रिपोर्ट नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



जलकल विभाग की कार्यकारिणी बैठक के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अन्य। अमृत विचार







# मानकों के अनुसार नवंबर तक तैयार होगी लैब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु पालन विभाग में लैब विकसित करने की कंपनी ने शुरू की प्रक्रिया
- अपर निदेशक ने कंपनियों के लिए कार्य की निर्धारित की समय सीमा

**अमृत विचार :** पशु पालन निदेशालय में बंद पड़ा बीपी संस्थान औषधि महानियंत्रक के मानकों पर नवंबर तक तैयार होगा। विभाग ने कंपनी को लैब विकसित करने का अनुबंध करते हुए समय सीमा निर्धारित की है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बादशाहबाग स्थित पशु पालन निदेशालय में बीपी संस्थान में पशुओं की वैक्सीन बनाई जाती थी। जो औषधि महानियंत्रक, नई दिल्ली ने लाइसेंस न होने पर 2018 से बंद कर दिया था। संस्थान पुनः चलाने के लिए विभाग ने औषधि महानियंत्रक में लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। जो मानकों के आधार पर लैब विकसित करने और परीक्षण करने पर मिलेगा। यह संस्थान चलाना केंद्र व राज्य दोनों सरकार की प्राथमिकता में है। इसलिए लैब विकसित करने के लिए 5.10 करोड़ रुपये बजट मिला था। इस आधार पर लैब विकसित करने का एक कंपनी को अनुबंध किया गया। अपर निदेशक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि नवंबर तक लैब विकसित मानकों पर बन जाएगी और लाइसेंस भी उसी समय मिल जाएगा।

## ट्रक को टक्कर मार ट्रेलर में घुसी बस, एक की मौत

**लखनऊ/ गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज इलाके में गंगाखेड़ा महुरा गांव के समीप कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार तड़के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ट्रक को टक्कर मारने के बाद एक बस रेस्ट एरिया में रोड किनारे खड़े ट्रेलर टकरा गई। हादसे में बस परिचालक की मौत हो गई और 18 सवारियां घायल हो गईं।

इनमें से 5 की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से सिविल अस्पताल रेफर किया गया।बिहार के चकनयंदामोदरपुर निवासी परिचालक सुरेंद्र सिंह (48) बस के आगे बैठा था। केबिन में दबकर सुरेंद्र की मौत हो गई। दमकल कर्मियों और पुलिस ने खिड़कियां काटकर सवारियों को निकाला।

### पीजीआई निदेशक डॉ. आर के धीमन को मिला पद्मश्री



**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ व कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. आर के धीमन को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। डॉ. धीमन ने साल 1983 में केजीएमयू से एमबीबीएस किया है, उसके बाद 1991 में पीजीआई में गैस्ट्रोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल की। इसके बाद चंडीगढ़ में हेपटोबेलोरी विभाग में तैनाती के दौरान हेपेटाइटिस सी के खिलाफ अभियान चलाया, जोकि पूरे देश में चला। इसका श्रेय डॉक्टर धीमन को जाता है। डॉ. धीमन वर्तमान में पीजीआई के साथ ही कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक का पद संभाल रहे हैं। कुछ समय के लिए केजीएमयू के भी कार्यवाहक कुलपति रह चुके हैं।

### 250 जोड़ों के विवाह की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 31 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने एक पंडाल के नीचे 250 गरीब जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य रखा है और लाभार्थी भी चयनित किए हैं। आवेदनों का सत्यापन भी कर लिया है और कार्यक्रम की तैयारी करने में लगा है। सिर्फ डीएम की स्वीकृति मिलने का इंतजार है।









## एक नजर

### छात्रों ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन एवं उनके नव मतदाताओं से संवाद कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में अनिवार्य रूप से छात्र-छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विवि व इससे सम्बद्ध जिला लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के महाविद्यालयों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

### बीबीएयू में शुरू होगा एमएड पाठ्यक्रम

**लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में एमएड पाठ्यक्रम आरंभ होने जा रहा है। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम की एक यूनिट को 50 सीटों की मान्यता दी गई है। विवि के कुलपति ने कहा कि शिक्षक शिक्षा के इस परास्नातक पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचित वर्गों के लोगों को शिक्षक शिक्षा में अवसर प्राप्त होगा। साथ ही विश्वविद्यालय देश के शीर्ष शिक्षा विभागों की श्रेणी में शामिल होने का प्रयास करेगा।

# ऊंचाइयों तक जाना है तो बनाए रखें हौसला...

## यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय सांख्यकीय सेवा परीक्षा के टॉपरों ने साझा किए अनुभव

UPSC संघ लोक सेवा आयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में 33 उम्मीदवार चयनित हुए हैं। इनमें से पांच टॉपर अग्रिमा रस्तोगी, नयन दीप गुप्ता, सौम्या मिश्रा, अंकित यादव और रेखा गुप्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

सभी ने ऊंचाइयों तक जाने के लिए हौसला बनाए रखने की बात कही। नए विचारों और आपबीती के बीच युवाओं को ये सब संदेश देना नहीं भूले।

### तैयारी से पहले विषय का ज्ञान आवश्यक



सौम्या मिश्रा

17वीं रैंक पाने वाली सौम्या मिश्रा कहती हैं कि परीक्षा देने से पहले विषय बोध आवश्यक है। इन्हीं कारणों से वे दो बार सफल नहीं हो सकीं। फिर वर्ष 2018 में लविवि में रहते हुए पीएचडी आरंभ की। सुपरवाइजर डॉ. अनुपमा सिंह ने उन्हें विषयवार जानकारियां उपलब्ध कराईं, जो परीक्षा में सहायक साबित हुईं। कहती हैं कि उन्हें मजबूत करने में मां तारा मिश्रा ने बखूबी जिम्मेदारियां निभाई हैं।

### आईपीएस चाचा ने किया प्रेरित, बनी अफसर



अग्रिमा रस्तोगी

लखनऊ वासी अग्रिमा रस्तोगी अपने चाचा पुनीत रस्तोगी से प्रभावित हैं। वे जोधपुर में बीएसएफ में आईजी के पद पर तैनात हैं। कहती हैं कि चाचा की कार्यशैली, उनका अनुशासन मन में ऐसा बैठा कि स्वयं को अफसर बनाने का मन में ठान लिया। फिर व्यवसाई पिता बृजेश कुमार रस्तोगी और मां ने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की। कहती हैं कि सोशल साइट्स और किताबों दोनों से उन्हें विषयवार जानकारियां उपलब्ध हुईं।

### जीरो ने बनाया हीरो



नयनदीप गुप्ता

यूपीएससी परीक्षा के परिणामों में नयन दीप गुप्ता की 15वीं रैंक है। कहते हैं कि शुरू से माध्यम हिंदी रहा तो परीक्षा की तैयारियों में मुश्किलें आईं, शुरू की दो परीक्षाओं में जीरो आया। दो प्राइवेट नौकरियों में भी जगह नहीं मिली। फिर तय कर लिया कि कुछ करके दिखाना है। रोजाना परीक्षा के विषयों पर मेहनत और लगन ने उन्हें टॉपर बनाया है। उन्नाव निवासी नयन बताते हैं कि छोटी सी उम्र में पिता राकेश कुमार गुप्ता का निधन हो गया। चाचा मनीष गुप्ता ने इंटर तक पढ़ाया, फिर उन्होंने भी हाथ खड़े कर लिए। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मां कुसुमलता ने उन्हें किसी चीज की कमीं नहीं होने दी।

### माता-पिता ने किया प्रोत्साहित



रेखा गुप्ता

26वीं रैंक पाने वाली रेखा गुप्ता कहती हैं कि जीवन हो या फिर परीक्षा की घड़ी, सीधा और सपाट रहना चाहिए। पिता रामगोपाल गुप्ता पीडब्लूडी विभाग में कार्यरत थे, जो रिटायर हो चुके हैं, उनका प्रोत्साहन मिला। एक शिक्षक ने भी उनकी मदद की। बताती हैं कि पहले इंटरव्यू में ही उत्तीर्ण हुई हूं। एमएससी लखनऊ विश्वविद्यालय से किया है।

### लविवि में रहकर तैयार की टॉपरों की पौध



अंकित यादव

लखनऊ विश्वविद्यालय में सुरक्षाकर्मी के पद पर रहकर सुरेश यादव ने अपने परिवार में उम्मीदों की जो बाट जोही, वो बच्चों ने साकार की। पुत्र अंकित यादव की 25वीं रैंक आई है। कहते हैं कि एक बहन ने इंटर की परीक्षा में लखनऊ टॉप किया था। वो अब बीटेक कर रही है, जबकि दूसरी बहन बीएड है। बताते हैं कि पढ़ाई को लेकर पिता सदैव प्रोत्साहित करते रहे हैं।

# अभ्युदय के छात्रों ने यूपी पीसीएस में लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

| वित्तीय वर्ष | लाभांवित (सं) |
|---|---|
| 2020-2021 | 5128 |
| 2021-2022 | 10140 |
| 2022-2023 | 10140 |

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग ले रहे 19 अभ्यर्थियों ने यूपी पीसीएस में बाजी मारी है। अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग लेने वाले 19 अभ्यर्थी एसडीएम और डिप्टी एसपी समेत अन्य पदों के लिए चयनित हुए हैं।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन 2020-2021 में शुरू हुआ था। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आइएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक मदद की जाती है। इसके लिए सभी मंडलों में एक-एक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों को ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाता है। इस बार हुई परीक्षा में एक एसडीएम, तीन डिप्टी एसपी, सात डिप्टी जेलर और आठ अन्य पदों पर चयनित हुए हैं।

बता दें कि इससे पूर्व संघ लोक सेवा आयोग 23 और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 95 का चयन हुआ था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जरूरतमंद परिवार के मेधावी छात्रों को विभाग की ओर से जीवन में बेहतर करने के लिए अवसर प्रदान किया जा रहा है। अभ्युदय योजना का लाभ लेकर अभ्यर्थी अपने सपने पूरे कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग ने सपनों को दी उड़ान

**लखनऊ :** समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र से जुड़े अभ्यर्थियों ने एसडीएम, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, ट्रेजरी ऑफिसर, सब रजिस्ट्रार सहित 19 पदों में यूपीपीसीएस में सफलता पाई है। योजना पूरे प्रदेश में संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभ्युदय योजना का संचालन हो रहा है। जरूरमंद छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। योजना का लाभ उठाकर अभ्यर्थी कड़ी मेहनत करके सफलता का परचम लहरा रहे हैं। अरुण ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

# रोजगार की जुगत में उम्मीदों की दौड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दीपक कुमार शर्मा



अभिनव निषाद



रफीक



रमेश चन्द्र

**रोजगार की उम्मीद**

- इजराइल भेजे जाने के लिए श्रमिकों का साक्षात्कार
- 1000 अभ्यर्थियों में से 700 का हुआ चयन
- चयनित हुए लोगों ने साझा किए विचार
- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** रोजगार पाने की ऐसी होड़ लगी कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लंबी कतार लग गई। 1000 श्रमिकों के साक्षात्कार में 700 को चयनित किया गया है। अभी पत्रावलियों की जांच होना बाकी है। ऐसे में उम्मीदों भरे लोगों ने अमृत विचार से अनुभव साझा किये हैं।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज शाखा में गुरुवार को सुबह से लंबी कतारे लग गईं। कोई फर्रूखाबाद, कोई जालौन तो कोई मेरठ से आया हुआ था। सभी उम्मीदों के सहारे अपना साक्षात्कार दे रहे थे। जालौन के रहने वाले रमेश चन्द्र कहते हैं कि शासन की योजना बहुत अच्छी है। अगर विदेश जाने का मौका मिला तो घर की माली हालत ठीक हो जाएगी। परिवार में मॉ-बाप, भाई-बहन है। जमीन नहीं है। इसी जिले के रफीक साक्षात्कार देकर निकले तो मुस्कुरा रहे थे। कहते हैं कि 9 लोगों में वो और उनके पिता ही मजदूरी कर घर के खर्चे चलाते हैं। उम्मीद है कि उन्हें इजराइल जाने का मौका मिलेगा। हालात में सुधार आएंगे। दीपक कुमार शर्मा मेरठ से आए थे। ये कारपेन्टर हैं। कहते हैं कि दिहाड़ी के सहारे ही घर चलता है। पत्नी और तीन बच्चे हैं। अगर नौकरी लग जाती है तो खस्ताहाल सुधर जाएंगे। अभिनव निषाद कहते मिले कि इस तरह की योजनाएं समय-समय पर निकालनी चाहिए, ताकि हम मजदूरों का भला हो सके।

### 17 महिला अभ्यर्थियों का चयन

श्रमिकों के अलावा 17 महिला अभ्यर्थियों का चयन भी किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि 54 महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे साक्षात्कार के बाद 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में निजी कंपनियां शामिल रहीं।



लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय के साथ पुस्तक का विमोचन करते डॉ. संदीप गोयल।

# अर्थव्यवस्था को समझना है तो पढ़ें किताबें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अर्थव्यवस्था और व्यापार को लेकर तैयार हुई रिपोर्ट
- 1565 नागरिकों पर केन्द्रित रहा सर्वेक्षण

**अमृत विचार :** वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था और व्यापार कैसा रहेगा, इसको लेकर किताबें पढ़ें। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और रिडिफ्यूजन संस्था के एमडी ने संयुक्त रूप से किताब का विमोचन करते हुए ये बात कही।

आशावाद कारक 2024 में अर्थव्यवस्था और व्यापार को कैसे प्रभावित करेंगे। इसी को लेकर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और रिडिफ्यूजन के एमडी ने पुस्तिका का विमोचन किया। पुस्तक के माध्यम से सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की गई। जिसमें कैरियर की संभावनाओं और सकारात्मक व्यक्तिगत जीवन के महत्व को दर्शाया है। कुलपति का कहना है कि तैयार रिपोर्ट में छात्रों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों, उद्यम मालिकों और गृहिणियों के दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। यह अध्ययन दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह और जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में विभिन्न समूहों में भारत के 1565 नागरिकों पर केंद्रित सर्वेक्षण है।

## बीबीएयू की जान्हवी को मिली द्वितीय रैंक

**लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की छात्रा जान्हवी पटेल ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2023 में द्वितीय रैंक हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने छात्रा जान्हवी पटेल को शुभकामनाएं दी हैं। इसके अतिरिक्त सांख्यिकी विभाग के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की ओर से भी छात्रा को उनकी इस सफलता पर बधाई दी गई है।

## बीबीएयू की छात्रा का परेड में हुआ चयन

**लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की स्वयंसेविका एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग की छात्रा अविष्का श्रीवास्तव का चयन गणतंत्र दिवस की कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में हुआ है। परेड का विषय मिशन शक्ति रखा गया है। डीएसडबल्यू प्रो. बीएस भदौरिया एवं कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# किसानों के लिए कार्यशाला आयोजित

**लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में किसानों की आजीविका में सुधार एवं सतत कृषि तकनीकों पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में किसानों को कृषि और उससे संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अनुप्रयोगों व नवाचारों की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्राणी विज्ञान विभाग के शिक्षकों द्वारा किसानों को सेरीकल्चर एवं एपीकल्चर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वी एलंगोवन भी मौजूद रहे।

## डोली उत्सव के तहत मंगल कलश यात्रा आज

**लखनऊ :** महानगर स्थित कल्याण मंडप में दादी जी मित्र मंडली की ओर से 26 जनवरी को झुंझुनू वाली दादी के डोली उत्सव के तहत 251 सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह कलश यात्रा पूर्वाह्न 11 बजे महानगर सिविल अस्पताल स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर कल्याण मंडप तक आयेगी।

कमेटी के उपाध्यक्ष दिनेश मेघदूत अग्रवाल ने बताया कि नारायणी चरित्र मानस पाठ दोपहर एक बजे शुरू होगा जो शाम तक चलेगा। इस दौरान असहाय परिवार की दो कन्याओं का विवाह भी सम्पन्न कराया जायेगा। यह आयोजन महेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल मेघदूत, जया अग्रवाल, शरद देवरा, संदीप अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, वीरेन्द्र अग्रवाल और राहुल अग्रवाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## आशीष नेहरा अकादमी की जीत में चमके सूरज

**लखनऊ :** मैन ऑफ मैच सूरज एम यादव (35 रन, 5 विकेट) के शानदार ऑलराउंड खेल की बदौलत आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के गुरुवार को खेले गए मैच में शाकुंभरी क्रिकेट क्लब को 41 रन से पराजित किया। यह मुकाबला गियर क्रिकेट मैदान पर खेला गया।

## सार-संक्षेप

### लविवि प्रोफेसर के शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल



डॉ. कल्पना सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर के शोध अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल किये गए हैं। तमाम मुद्दों से जुड़े इन शोधों को पटल पर प्रस्तुत कर चर्चा भी की जाएगी। लखनऊ विवि में एसो. प्रोफेसर डॉ. कल्पना सिंह और निकिता कटियार द्वारा इन्हें तैयार किया गया है। लविवि से जुड़ी प्रवक्ता प्राणि विज्ञान विभाग से जुड़कर पूर्व में भी कई शोध में शामिल रहीं हैं। इस बार इनका शोध पेरिस के छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने जा रहा है। ये पारंपरिक चिकित्सा, एथनोमेडिसिन और प्राकृतिक चिकित्सा से जोड़कर तैयार किया गया है।

### हजरत अली के जन्मदिवस पर महफिलों का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौलाए कायनात हजरत अली के जन्मदिवस की खुशी में पुराना शहर रोशनी से जगमगा उठा है। मस्जिदों व इमामबाड़ों को सजाया गया है। घरों, इमामबाड़ों व कर्बलाओं में इस मौके पर नज्र का आयोजन किया गया। इदारा-ए-वारिसे काबा ने शिया यतीमखाना में यौम-ए-अली का आयोजन किया। महफिल की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। महफिल में शायर नायाब बलियावी, आमिर फैजाबादी, आगा सरोश हैदराबादी समेत अन्य ने हजरत अली की शान में अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर शिया यतीमखाने की भव्य सजावट की गई थी। इमामबाड़ा कसरे हुसैनी में भी महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि हजरत अली ने लोगों को मिलजुलकर रहना सिखाया। इमामबाड़ा आगा बाकिर में कल रात ही महफिल जश्न-ए-मौलूदे हरम का आयोजन किया गया था। मौलाना अली मुत्तकी जैदी की अध्यक्षता में हुई यह महफिल पूरी रात चली।

### देश विभाजन की त्रासदी की तस्वीर खींच गया नाटक मसीहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्था स्वर्ण संगीत व नाट्य समिति के तत्वावधान में संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक मसीहा का मंचन किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय नाट्य समारोह की आखिरी संध्या पर सागर सरहदी द्वारा लिखित व अनुपम बिसारिया द्वारा निर्देशित नाटक मसीहा को आकांक्षा थियेटर आर्ट्स ने प्रस्तुत किया। नाटक मसीहा में 1947 के भारत-पाकिस्तान बंटवारे की त्रासदी को दर्शाया गया है। इस नाटक में एक तरफ शरणार्थियों की सामाजिक एवं मानसिक मनोदशा उभरती है तो दूसरी तरफ यह बात भी साफ़ हो जाती है कि सरहदें मुल्क को बांट सकती हैं इंसानियत को नहीं। नाटक में नीरज दीक्षित, गौतम राय, अश्विनी मक्खन, अशोक शुक्ला, अनीता वर्मा और अनुपम बिसारिया ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

### सनातन महासभा ने पूर्णिमा पर की गोमती की महाआरती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में गोमती की महाआरती का आयोजन किया गया। प्रत्येक पूर्णिमा पर आदि गंगा गोमती की महाआरती का यह 121वां आयोजन था। हरिद्वार की तर्ज पर सात भव्य मंचों से स्वामी आनंद नारायण और देवेन्द्र शुक्ल के मार्गदर्शन में मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि और शंखनाद के साथ महाआरती की गई। इस दौरान मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे और शंख का प्रयोग किया गया। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पहले अमित दीक्षित, भूषण अग्रवाल, महर्षि कपूर और मंजू श्रीवास्तव के संयोजन में बच्चों ने समूह लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत रिद्धि- सिद्धि के दाता सुनो गणपति से की गई। महाआरती के बाद गोमती के घाट को 1101 दीपों से घाट जगमगा उठा। इस मौके पर डॉ. आहुति वाजपेयी, ऋषि शर्मा, मनीष रस्तोगी, रवि कचरू, हिमांशु अवस्थी, सीपी अवस्थी, सोमेश सिंह, रामकिशोर शुक्ल, सुशील तिवारी, आशा सिंह, विनय कुमार, डॉ. नीलू त्रिवेदी, देवेन्द्र राय, कमल कपूर, केके राय, दीपक चौधरी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सीपी तिवारी, नविता द्विवेदी, भूषण अग्रवाल और शोभित सिंह मौजूद रहे।

### लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 1 फरवरी से

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछली विजेता दैनिक जागरण की तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)-2024 के उद्घाटन मैच में आगामी एक फरवरी को डीडी-एआईआर इलेवन से टक्कर होगी। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इस लीग का पहला मैच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा।

# दयानन्द पाण्डेय और महेश दर्पण को मिला स्मृति सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोनों साहित्यकारों को 11-11 हजार रुपये की राशि, प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट किया गया



अरुण कुमार शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित साहित्यकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ का 58वां वार्षिक अधिवेशन क्रॉस रिवर माल कड़कड़डूमा में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में लखनऊ के वरिष्ठ लेखक और पत्रकार दयानन्द पाण्डेय तथा वरिष्ठ साहित्यकार महेश दर्पण को अरुण कुमार शर्मा स्मृति सम्मान-2023 – 2024 से अलंकृत किया गया।

सम्मान के तहत दोनों साहित्यकारों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की राशि प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयानन्द पाण्डेय ने की जबकि मुख्य अतिथि पद्मश्री श्याम सिंह शशि थे।

इस मौके पर हिन्दी प्रकाशन का वर्तमान परिदृश्य विषय पर डॉ. पुष्पा सिंह भिसेन, राधेश्याम तिवारी और महेश दर्पण ने अपने विचार व्यक्त किये। संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि प्रकाशकों का दायित्व बहुत बड़ा है। हम पुस्तकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार करते हैं। शब्दों की गंगा बहाकर हम विश्व को ज्ञान का गंगाजल प्रदान करते हैं।

इस मौके पर श्रेष्ठ प्रकाशन के लिए चेतन कुमार जैन यूनिवर्सिटी बुक हाउस जयपुर और राम अवतार अजमेरा की अजमेरा बुक कम्पनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंद्र सेंगर ने किया जबकि सौरभ शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

# रंगोली और मेहंदी रचकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों ने रंगोली और मेंहदी रचकर लोगों को जागरूक किया। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालयों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मतदान के लिए जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों सहित 14 संस्थानों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी में लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टाल को प्रथम और अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कालेज लखनऊ के स्टाल को द्वितीय पुरस्कार मिला। समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा मतदान जागरूकता से संबंधित रंगोली, सजीव चित्रण एवं मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता में आईटी महाविद्यालय को द्वितीय तथा इस्लामिया महाविद्यालय को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अन्य महाविद्यालयों ने भी प्रतिभाग किया।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ 226001 (उ.प्र.)
ई-टेण्डर पोर्टल : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 16386/पी./उद्यान दिनांक: 24.01.2024

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा निम्नलिखित 01 कार्य की दिनांक 06.02.2024 को पुनः द्वितीय बार द्वि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से ई-निविदाये, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 06.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त नियम/शर्ते तथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र की सूचनायें पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षक उद्यान
(1,2,3,4,5,6,7,8)

**आवश्यकता है**
**अमृत विचार डिजिटल को**
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
**वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की**
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा एलाटमेन्ट लेटर आई.डी. स0-AAFPP/0007721-22 तथा बुकिंग का यूनिट नम्बर 602/BC3 /Tower-B2/3BHK Floor 6 के प्रोजेक्ट Belve Dere Court 3 की मूल प्रति वास्तव में खो गयी है। हर्षित बजाज पुत्र रजत बजाज नि.- म.नं. -सी-2/85, विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम Arvind Kumar Dikshit से Arvind Dikshit S/O Kamlaakar Dikshit रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। निवासी- 2403, Dhruv(B)Paarth Aadyant, Phoinex Pallasio Mall, Gomti Nagar EXtt. Lucknow - 226010

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं.: 01-DYCEGA-2024

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में-प्रमुइं कार्यालय (प्रमुइं ड्राइंग कार्यालय, पुल ड्राइंग कार्यालय एवं नियोजन अनुभाग) एवं प्रविस कार्यालय के वित्त अनुभाग के सुधार का प्रस्ताव। अनुमानित लागत: ₹ 85,62,628.36, बयाने की राशि: ₹ 1,71,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 06 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में-उप मुइं/गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न कालोनियों में जलापूर्ति के लिये पाइप लाइन का बदलाव। अनुमानित लागत: ₹ 90,57,298.63, बयाने की राशि: ₹ 1,81,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में-धर्मशाला बाजार स्थित वर्तमान तालाब के सुधार का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,28,41,096.20, बयाने की राशि: ₹ 2,14,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 08 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में-(शेष बचे कार्य) ल.न.मिश्र रेलवे चिकित्सालय में बहिरंग विभाग के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव। अनुमानित लागत: ₹ 1,43,78,512.51, बयाने की राशि: ₹ 2,21,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 04 माह।
कुल योग: ₹ 4,48,39,535.70
(1) ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 21-02-2024 को 11:00 बजे। (2) ई-निविदा की बिडिंग तिथि 07-02-2024 से 21-02-2024 समय 10:59 बजे तक। (3) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (4) यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-519
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# ठंड- कोहरे के बीच होगी गणतंत्र दिवस परेड

## न्यूनतम तापमान फिर लुढ़का, 4.5 डिग्री हुआ, गलन से राहत की संभावना कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को भी कोहरे रहने का अनुमान है। शीतलहर की स्थिति भी रह सकती है। ऐसे में गणतंत्र दिवस की परेड भीषण ठंड और कोहरे के बीच निकलेगी।

राजधानी वासियों को बीते तीन दिन धूप निकलने से कुछ राहत जरूर मिली थी, लेकिन गुरुवार को राजधानी में धुंध छायी रही। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन बेअसर रही। शाम को धुंध फिर गहरा गयी। देर रात वाहनों की रफ्तार कम रही। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई सहित आसपास के क्षेत्रों में शीतलहर चलने की संभावना दिख रही है।



घने कोहरे के बीच चारबाग रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते यात्री। अमृत विचार

- **गुरुवार को राजधानी में छायी रही धुंध**

**दृश्यता पर असर:** लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में दृश्यता (विजिबिल्टी) पर असर पड़ा है। गुरुवार सुबह कई स्थानों पर दृश्यता शून्य से 50 मीटर दर्ज की गई। वहीं, दिन में 200 मीटर तक रही। मौसम विभाग ने आगे भी यही स्थिति बने रहने की संभावना जताई है।

### इन जनपदों को लेकर शीतलहर का अलर्ट

लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, हरदोई, अयोध्या, उन्नाव के अतिरिक्त रायबरेली जनपद में शीतलहर की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। वहीं, लखनऊ का न्यूनतम पारा एक दिन बीतने के बाद फिर लुढ़क गया। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान 4 .5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। वहीं अधिकतम तापमान 17 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं, बाराबंकी का तापमान 5 डिग्री रहा। हरदोई 6 डिग्री, लखीमपुर का तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# रियल एस्टेट कंपनी आजिया गया ने हड़पे 200 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अपार्टमेंट निवासियों से क्लब हाउस व प्रीमियम कैटेगरी सुविधा के नाम पर ली रकम**
- **पीजीआई थाने में दो निदेशकों पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी आजिया गया द्वारा फ्लैट मालिक से क्लब हाउस और प्रीमियम कैटेगरी सुविधा के नाम पर 200 करोड़ हड़पने का मामला सामने आया है। आवास विकास परिषद के कुछ जिम्मेदारों की मिलीभगत होने का भी आरोप है। पुलिस ने कंपनी के दो निदेशकों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

पीजीआई थाना अंतर्गत वृंदावन योजना सेक्टर -11 अजिया बोटेनिका निवासी मंजू राय ने बताया कि रियल एस्टेट कंपनी आजिया गया के प्रमोटर अनिरुद्ध सिंह चौहान, आधार बंसल और अन्य निदेशकों से फ्लैट के संबंध में बात हुई थी। मंजू समेत अन्य खरीदारों से आरोपियों ने वर्ष 2015 से 2019 के बीच फ्लैट देने के नाम पर 80 लाख से 1.10 करोड़ रुपये तक जमा कराया। आरोपियों ने वर्ष 2021 में फ्लैट हैंडओवर किए। जब लोग शिफ्ट हुए तो क्लब और प्रीमियम सुविधाएं शून्य मिलीं। लगभग 200 करोड़ की ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने सीएम पोर्टल, आवास विकास परिषद के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से शिकायत की। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया अनिरुद्ध सिंह चौहान, आधार बंसल व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार उड़ानें रद, एक को किया गया डायवर्ट

**लखनऊ/सरोजनीनगर :** मौसम का असर विमान सेवाओं पर पड़ रहा है। कोहरे के कारण चार उड़ानें रद कर दी गईं जबकि एक को डायवर्ट करना पड़ा। दो दर्जन से अधिक उड़ान एक से पांच घंटे विलंब से रहीं। विमान सेवाएं प्रभावित होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। आगरा से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई 7932, दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई 2319, लखनऊ से आगरा जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई 7928 और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई 2243 को रद कर दिया गया। जबकि नागपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई7467 घने कोहरे के कारण आसमान में काफी देर तक चक्कर काटती रही मगर मौसम साफ न होने पर उसे भोपाल डायवर्ट कर दिया गया। दूसरी ओर इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7127, मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 914, जद्दा से लखनऊ आने वाली सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 890, दुबई से लखनऊ आने वाली फ्लाई दुबई एयरलाइंस की उड़ान संख्या एफजेड 443, देहरादून से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 305, मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2442, विलंब से रहीं।

# नगर निगम ने तालाब की जमीन से हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल ने नगर निगम की जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित करके कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को सदर तहसील के चिनहट स्थित ग्राम गनेशपुर रहमानपुर में तालाब की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। पांच लोगों के खिलाफ चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। खाली करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य लगभग 10 करोड़ रुपये है।

प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति एवं जोनल अधिकारी जोन चार संजय यादव ने बताया कि सदर तहसील के चिनहट स्थित ग्राम गनेशपुर रहमानपुर में खसरा संख्या 580 स तालाब में दर्ज भूमि नगर निगम की है। लगभग .052 हेक्टेयर भूमि पर स्थानीय लोगों ने अस्थायी दुकानें व मंदिर बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। इस पर नगर निगम ने नोटिस भी दी थी। गुरुवार को नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी चलवाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति एवं जोनल अधिकारी जोन चार संजय यादव सहित अन्य मौजद रहे।









अमृत विचार
www.amritvichar.com

# गणतंत्र दिवस पर आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार सुबह विधान भवन के आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह बदलाव सुबह 6 बजे से परेड के समापन तक लागू रहेगा।

परेड चारबाग बाल विद्या मंदिर के बाहर से शुरू होकर बर्लिंग्टन, विधान भवन मार्ग, हजरतगंज अटल चौक होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त होगा।



यह जानकारी डीसीपी यातायात हृदयेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि डायवर्जन कई टुकड़ों में लागू किया गया है।

## हुसैनगंज चौराहे के आस पास रहेगी यह व्यवस्था

**यहां रहेगी रोक** – हुसैनगंज से सिंचाई भवन सदर की तरफ से वाहन बर्लिंगटन चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहे से वाहन हुसैनगंज की ओर नहीं जा सकेंगे।

**इन रास्तों का करें प्रयोग** – हुसैनगंज से उदयगंज सदर तिराहे से योजना भवन और लालबत्ती चौराहे के रास्ते वाहन जा सकेंगे। हुसैनगंज से लाटूश रोड, बांसमंडी अथवा परिवर्तन चौक के रास्ते वाहन जाएंगे।

## विधानभवन के सामने पूरी तरह से रहेगा प्रतिबंध

हजरतगंज चौराहे से रायल होटल (बापूभवन) चौराहा और विधानसभा मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। नावेल्टी लालबाग चौराहे से कैपिटल तिराहा के मध्य परेड के दौरान वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। केवल कार पास वाले वाहन ही नावेल्टी चौराहे से जनपथ तक वाहनों को पार्क करने के लिए जा सकेंगे। दोनों तरफ बैरिकेडिंग की गई है।

## इमरजेंसी में करें कंट्रोल रूम में कॉल

डीसीपी यातायात हृदयेश कुमार ने बताया कि इमरजेंसी में वैकल्पिक मार्ग पर इस दौरान वाहनों का दबाव होने से एंबुलेंस, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन जाम में फंसते हैं तो संबंधित चालक या व्यक्ति को ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर सूचना देनी होगी। इसके बाद सूचना के आधार पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचकर उसे जाम से मुक्त कराएंगे।

## ड्रोन से निगरानी, 915 जवान तैनात

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर आयोजन स्थल पर पुलिस ड्रोन से निगरानी रखेगी। साथ ही 915 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें डीसीपी, एक एडीसीपी, छह एसीपी, 34 निरीक्षक, 211 उपनिरीक्षक, 19 महिला उपनिरीक्षक, 100 हेडकांस्टेबल, 318 आरक्षी, 225 महिला आरक्षी शामिल हैं। पांच कंपनी पीएसी बल भी लगाया गया है। परेड और झांकी निकालने वाले मार्ग को तीन जोन व नौ सेक्टर में बांटा गया है।

## चारबाग से हजरतगंज चौराहे तक डायवर्जन

**यहां रहेगी रोक** – आलमबाग और मवैया से आने वाले वाहन केकेसी की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज ढाल से बासमंडी की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। केकेसी तिराहे से चारबाग रविंद्रालय एवं राणा प्रताप चौराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। सदर एवं कुंवर जगदीश चौराहे से लोको चौराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। राणा प्रताप चौराहे से छितवापुर चौकी, केकेसी एवं चारबाग की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। हीवेट रोड तिराहे से राणा प्रताप चौराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। उदयगंज, सिंचाई भवन से एनेक्सी से आने वाले वाहनों को विधानभवन की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। सदर ओवरब्रिज से आने वाले वाहन हुसैनगंज के रास्ते कैसरबाग की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। बंदरिया बाग चौराहे से वाहन हजरतगंज की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहे से हुसैनगंज चौराहा अथवा बापू भवन की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे।

**इन रास्तों का करें प्रयोग** – रविंद्रालय तिराहे से लाटूश रोड अथवा बासमंडी के रास्ते जा सकते हैं। कैसरबाग अथवा चारबाग तिराहे से दाहिने से जा सकते हैं। लोको चौराहे से कुंवर जगदीश, आलमबाग कैंट से लालबत्ती चौराहे के रास्ते जा सकते हैं। लोको वर्कशाप से फतेहअली, आलमबाग अथवा कैंट के रास्ते जा सकते हैं। बासमंडी अथवा कैसरबाग चौराहे के रास्ते जा सकते हैं। लालबत्ती चौराहा अथवा उदयगंज तिराहे से सदर ओवरब्रिज के रास्ते जा सकते हैं। कैंट एसएन पेट्रोल पंप, कटाई पुल, बंदरिया बाग, गोल्फ क्लब और गांधी सेतु से संकल्प वाटिका से परिवर्तन चौक के रास्ते जा सकते हैं। गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा, गांधी सेतु के रास्ते जा सकते हैं। बांसमंडी, चारबाग नत्था होटल तिराहा, आलमबाग या परिवर्तन चौक, हनुमान सेतु के रास्ते, संकपल्प वाटिका के रास्ते जा सकते हैं।

## हजरतगंज चौराहे, मेफेयर तिराहे की यातायात व्यवस्था

**यहां रहेगी रोक** – हजरतगंज चौराहे से मेफेयर और परिवर्तन चौक की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। राजभवन चौराहे से एनेक्सी तिराहे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। महानगर–निशातगंज और संकल्प वाटिका से हजरतगंज चौराहा, विधान भवन की ओर प्रतिबंध रहेगा। गोमतीनगर से आने वाले वाहन वाईएमसीए चौराहा, सिकंदरबाग चौराहे से हजरतगंज की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। गोल्फ क्लब चौराहे से पार्क रोड होते हुए हजरतगंज चौराहे तक रोक रहेगी। कमिश्नर आवास तिराहे से बैंक ऑफ इंडिया तिराहे होते हुए एलआइसी बिल्डिंग तिराहा तक रोक रहेगी। लालबाग चौराहे से मेफेयर तिराहे की तरफ रोक रहेगी। नरही, वाईएमसीए चौराहा से मीराबाई मार्ग तिराहा से हजरतगंज चौराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे।

**इन रास्तों का प्रयोग** – अशोक मार्ग से मीराबाई मार्ग, सप्रू मार्ग तिराहा, सिकंदरबाग चौराहे और संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु के रास्ते जा सकेंगे। संकल्प वाटिका से बाएं बैकुंठधाम, बालू अड्डा, गांधी सेतु, जियामऊ, गोल्फ क्लब, कैंट के रास्ते जा सकेंगे। संकल्प वाटिका से हनुमान सेतु तिराहा और परिर्वतन चौक, क्लार्क अवध के रास्ते जा सकेंगे। पार्क रोड चौराहा से नरही के रास्ते जा सकेंगे। बैंक ऑफ इंडिया तिराहा से लीला सिनेमा तिराहे के रास्ते नवल किशोर रोड से जा सकेंगे। नावेल्टी कार बाजार के रास्ते हरिओम मंदिर रो होते हुए जा सकेंगे। मीराबाई मार्ग तिराहा से सप्रू मार्ग तिराहा, सिकंदरबाग के रास्ते जा सकेंगे।

## परिवर्तन चौक व केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक बदलाव

**यहां रहेगी रोक** – आइटी चौराहा, कैसरबाग और चौक से आने वाले वाहन केडी सिंह स्टेडियम रोड के रास्ते हजरतगंज जाने पर रोक रहेगी। प्रेस क्लब तिराहा से डीएम आवास, हिंदी संस्थान की तरफ रोक रहेगी। चिरैयाझील एवं मोतीमहल लान तिराहा से स्टेट बैंक मुख्य शाखा के रास्ते केडी सिंह स्टेडियम तक रोक रहेगी। चौक से आने वाले वाहन डालीगंज पुल चौराहे से सीडीआरआई से आगे नहीं जा सकेंगे। महानगर, निशातगंज की ओर से आने वाली सिटी और रोडवेज बस सिकंदरबाग के रास्ते हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेंगे। गोमतीनगर से आने वाली सिटी और रोडवेज बस सिकंदरबाग चौराहे से हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेंगे। चारबाग से आने वाली रोडवेज, सिटी बसें, स्टेशन रोड के रास्ते हजरतगंज की ओर नहीं जा सकेंगी। कैसरबाग से आने वाली रोडवेज, सिटी बसें रायल होटल, हुसैनगंज की ओर नहीं जा सकेंगी।

**इन रास्तों का करें प्रयोग** – परिवर्तन चौक से कैसरबाग अथवा क्लार्क अवध तिराहा से चिरैयाझील, बैकुंठधाम एवं हनुमान सेतु के रास्ते जा सकेंगे। परिवर्तन चौक से चाइना बाजार एवं निशातगंज केक रास्ते जा सकेंगे। चिरैयाझील तिराहा, लक्ष्मण मेला बंधा रोड, संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु रास्ते जा सकेंगे। संकल्प वाटिका से बाएं बैकुंठधाम तिराहा, गांधी सेतु, गोल्फ क्लब, बंदरिया बाग के रास्ते जा सकेंगे। कैंट, गोल्फ क्लब, बंदरिया बाग, लालबत्ती, समतामूलक, पेपर मिल तिराहा, हनुमान सेतु और परिवर्तन चौक के रास्ते जा सकेंगे। आलमबाग, कुंवर जगदीश चौराहा, कैंट, लालबत्ती, बंदरिया बाग और गोल्फ क्लब के रास्ते जा सकेंगे। लाटूश रोड से बांसमंडी, चारबाग, नत्था चौराहे, मवैया अथवा क्लार्क अवध, संकल्प वाटिका एवं हनुमान सेतु के रास्ते जा सकेंगे।

## एक नजर

### विभिन्न इलाकों में बाधित रही बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर, आलमबाग, राजाजीपुरम सहित कई इलाकों में गुरुवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही। आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तारों और फीडरों के मेंटिनेंस कार्य के चलते यहां घंटों बिजली गुल रही। करीब एक लाख की आबादी इससे प्रभावित रही। गोमतीनगर के विशाल खंड स्थित उपकेंद्र में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इससे विवेक खंड चार, उजरियांव और विजय खंड में भी आपूर्ति प्रभावित रही। विश्वास खंड, नेहरू इनक्लेव, जुगौली में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं, राजाजीपुरम के न्यू उपकेंद्र के हसियामऊ और शेखपुर में 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### इंस्टाग्राम पर अपलोड की महिला की अश्लील फोटो

**अमृत विचार, लखनऊ:** विभूति खंड थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले चचेरे भाई की महिला मित्र ने कई बार काल कर उनसे गाली गलौज की। फिर घर आकर धमकी, विरोध करने पर हंगामा किया। पीड़ित और उसकी पत्नी को बदनाम करने की धमकी दी। 21 जनवरी को भाई की महिला मित्र ने इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई। फिर पीड़ित की पत्नी के अश्लील फोटो के साथ टिप्पणी पोस्ट कर दी। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के मुताबिक मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जालसाज ने खाते से उड़ाए 88 हजार रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ:** सरदारी खेड़ा निवासी दिनेश कुमार के मुताबिक उनका बचत खाता आईसीआईसीआई बैंक में है। 18 जनवरी को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बातों के उलझाकर क्रेडिट कार्ड से 88,084 रुपए साफ कर लिए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ित परेशान हो गया। बैंक में शिकायत की पर कोई मदद नहीं मिली। इस पर पीड़ित दिनेश कुमार ने आलमबाग थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### बच्चों के विवाद में बड़े भिड़े चलीं लाठियां

**अमृत विचार, लखनऊ:** मामला सआदतगंज थाना क्षेत्र के बिहारीपुर का है। एक पक्ष से गौरव रावत ने दी। तहरीर में बताया बच्चों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। इसमें विरोधी पक्ष के अनूप, रिसब, विमल, दीपू, कल्लू, छोटी आदि ने उसके परिवार पर हमला कर लोगों को घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से दीपू ने दी तहरीर में बताया कि बच्चों में विवाद होने पर उसके पक्ष से शिव कुमार व नैन्सी समझाने गए थे। इसी दौरान शिवा, हिमान्शू, गौरव, आनन्द, लक्की रावत व सुन्दर ने राड से हमला कर दिया। इससे मैन्सी व शिव कुमार को गंभीर चोटें आईं। इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार सिंह ने बताया दोनों पक्षों के 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोर्ट का जाली समन भेज आंध्र प्रदेश के युवक से ठगी का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ:** आंध्रा के विशाखापटनम निवासी राजेश कोरुपोलू निजी कम्पनी में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। व्हाट्सएप की डीपी पर पुलिस अधिकारी की फोटो लगी थी। मैसेज में वर्ष 2022 में इंदिरानगर थाने में दर्ज अपराध संख्या 422/2022 धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, धमकी की गंभीर धाराओं का समन था। समन में कोर्ट का आदेश था कि 9 जनवरी 2023 को वह हाजिर नहीं होगा तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा। समन जारी होने की तारीख 26 दिसंबर 2022 पड़ी थी। पीड़ित राजेश ने बताया कि लखनऊ कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के सामने समर्पण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने इंदिरानगर पुलिस से आख्या मांगी। जिसपर थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त अपराध संख्या उनके थाने पर दर्ज नहीं है। वर्ष 2022 में अपराध प्राथमिकी 379 की थी। पीड़ित ने बताया कि समन भेजने वाले ने मोबाइल नंबर से कॉल कर रुपये ऐंठने और न मिलने पर फर्जी मामले में फंसाकर गिरफ्तार करने की धमकी दी थी। राजेश का कहना है कि जालसाज ने कोर्ट का जाली समन भेजकर ठगी का प्रयास किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि इस अपराध संख्या का कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है और न ही उनके साइन हैं। पीड़ित ने बताया कि आदेश की कॉपी थाने और अधिकारियों को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी डाली। जिस पर कोर्ट ने वजीरगंज थाने को केस दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद वजीरगंज थाने में जाली पेपर बना धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रंग-बिरंगी लाइटों से रोशन विधान भवन। अमृत विचार

## छात्रा की हत्या मामले में आईटी कंपनी का सीनियर एसोसिएट गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** नशे में धुत आईटी कंपनी के सीनियर एसोसिएट ने नीट छात्रा से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेलिब्रिटी मीडोज की नौंवी मंजिल से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे साथी की तलाश में दबिश दे रही है। इस मामले में मृतका की मां ने बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में हत्या व छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी शुभम राय एक आईटी कंपनी में सीनियर एसोसिएट है। वह मूलरूप से मऊ के सदर कोतवाली स्थित रामनगर कालोनी हनुमानगर भीटी का रहने वाला है। उसे पुलिस ने जी–20 चौराहे से गिरफ्तार किया। मामले में दूसरे आरोपी समीर सिंह की तलाश की जा रही है। गुरुवार को आरोपी शुभम को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एडीसीपी ने बताया कि छात्रा और आरोपी की काल डिटेल व मोबाइल चैट खंगाली गई है। इसमें पता चला कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था। जांच में यह बिंदु अहम साबित होंगे। अभी जांच की जा रही है। इसमें घटना में आरोपी के दोस्तों की क्या भूमिका है, जांच की जा रही है।

# बुजुर्गों से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पुलिस का दावा, शौक पूरे करने के लिये करते थे लूट

**अमृत विचार :** बुजुर्गों से लूट करने वाले दो बदमाशों को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी शौक पूरे करने के लिए लूट करते थे। दोनों की जेल में दोस्ती हुयी थी। पांच माह पहले दोनों ने जेल से छूटने के बाद गैंग बनाया था। आरोपियों के कब्जे से लूटी चेन और बाइक बरामद हुयी है।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि इन्दिरानगर सेक्टर- डी निवासी प्रीती श्रीवास्तव से गुरुवार बाजार से लौटते समय घर से कुछ दूरी पर एक व्यक्ति ने धक्का देकर गिराया और दूसरा गले से चेन लूट फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रायबरेली के लालगंज निवासी शिवम सिंह और कृष्णानगर के जितेन्द्र पाल की पहचान हुयी। हिरासत में ले कर पूछताछ में दोनों ने लूट का जुर्म कबूल किया। शिवम फूड डिलीवरी कंपनी में काम करता है और जितेन्द्र हलवाई है। दोनों पहले भी लूट में जेल भेजे गये थे। आरोपी बाइक से निकल बुजुर्गों को देख तत्काल लूट की साजिश रचते थे।

## निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज पुलिस ने निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर वजीरगंज मनोज मिश्रा ने बताया कि बुधवार को पीड़िता ने तहरीर दी थी। बताया था कि बांसमंडी निवासी फैसल ने निकाह का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। निकाह के लिये मना कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की थी।

## सार-संक्षेप



कथा कहते गोपाल दास जी महाराज, साथ में अन्य। अमृत विचार

### सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

**अमृत विचार, काकोरी :** ग्राम बसरैला सराय अलीपुर काकोरी में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री रामचरितमानस कथा के दिव्य समागम की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सरोजनीनगर श्याम किशोर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा नागेन्द्र सिंह यादव, लोकसभा मोहनलालगंज के पूर्व प्रत्याशी सीएल वर्मा सहित क्षेत्र के कई प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। इससे पहले भार माता मंदिर में भागवत कथा के दौरान परम पूज्य गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि योगेश्वर श्रीकृष्ण 16108 रूप धारण करके अपनी धर्म भार्यादा को गौरवान्वित करते थे। यह विवाह लीला अद्वितीय एवं अलौकिक है। उन्होंने अपने जीवन के 128 वर्ष में अनेक युद्ध किए तथा कराए जिनमें महाभारत अन्यतम है। 125 वर्षों में पृथ्वी सें दैत्यवृत्ति का विनाश कर दिया।

### समाजवादी पार्टी का पीडीए पखवाड़ा आज

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम पखवाड़ा मनाने के आह्वान पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी के नेतृत्व में आज महोना में सैयद राशिद मियां की दरगाह पर पीडीए पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी, लखनऊ के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व विधायक गोमती यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, मोहनलालगंज लोकसभा के प्रत्याशी सी एल वर्मा, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव अकरम सिद्दीकी एवं समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शाह आलम मौजूद रहेंगे। पीडीए पखवाड़ा के आयोजक समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मो .अकील खान ने यह जानकारी दी है।

### एसडीएम व एसीपी ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**अमृत विचार , मोहनलालगंज :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को तहसील सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उप जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने तहसीलदार आनन्द तिवारी समेत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखने की शपथ दिलाई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक, उत्साहित करने के उद्देश्य से ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। वहीं एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने अपने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियो को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई। एसडीएम व तहसीलदार ने पहली बार मतदाता सूची में शामिल दर्जन भर युवाओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह,नायाब तहसीलदार भानु त्रिपाठी,अनुपम कुमार वर्मा,गुरमीत कौर,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला ने गोष्ठी में मतदाता जागरूकता पर चर्चा की।

### छात्र के कमरे में शार्ट सर्किट से लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** वास्तुखंड इलाके के एक मकान की ऊपरी मंजिल पर रह कर सिविल सिर्विसेज की तैयारी कर रहे छात्र सिद्धार्थ गुप्ता के कमरे में बुधवार देर रात आग लग गई। लपटें उठती देख आनन–फानन सिद्धार्थ ने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने एक गाड़ी से 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग से छात्र का मोबाइल फोन, बेड और एसी जल गये। आग शार्ट सर्किट से लगी बतायी जा रही है। सिद्धार्थ ने बताया कि लाइब्रेरी के ऊपरी मंजिल पर चार कमरे बने हैं। उनमें कई छात्र किराये पर रहते हैं। आग से कोई जनहानि नहीं हुयी है।

### कंटेनर के केबिन में लगी आग

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके के खुशहालगंज में बुधवार देर रात कंटेनर के केबिन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दो दमकल की दो गाड़ियों से 30 मिनट में आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया। पूरा केबिन जल कर खाक हो गया। राजस्थान के जयपुर अंतर्गत शाहपुरवा निवासी चालक कृष्ण कुमार कंटेनर में मूंगफली दाना, बर्तन आदि लेकर अहमदाबाद से गुवाहाटी जा रहा था।

### लकवा से ग्रसित अधेड़ का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज थाना अंतर्गत उदयगंज में रहने वाले 55 वर्षीय मो . हासिफ ने गुरुवार को फंदा लगाकर जान दे दी। वह लंबे समय से लकवा की बीमारी से ग्रसित थे। बेटी कमरे में पहुंची तब घटना की जानकारी हुयी। परिजन ने आरोप से इंकार किया है।इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता ने बताया कि मो . हासिफ की तीन बेटी और एक बेटा है। दूसरी बेटी की शादी टूट गई थी। तीसरी बेटी की शादी होनी थी। बीमारी से अवसाद में थे। बेटे मो . शहनवाज ने बताया दुबई में लकवा पड़ा था। वहां इलाज में सुधार नहीं होने पर 2016 में घर लौट आए। यहीं इलाज चल रहा था। इंस्पेक्टर ने बताया फारेंसिक टीम व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बाइक सवार युवकों ने गाड़ी चालक पर किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत गड़रियनपुरवा निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया वह अपने दुग्ध वाहन से मंगलवार शाम खरगापुर के सामने से गुजर रहा था। जहां पर कोई आयोजन चल रहा था, रोड पर खड़े लोगों से उसने हटने के लिये कहा। तो कुछ लोग भड़क कर गाली गलौज करने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर वह घर चला आया। अगले दिन देर शाम लौटते समय खरगापुर स्थित शराब ठेके के सामने दो बाइकों से आये चार लोगों ने गाड़ी रुकवा कर बैट से हमला कर दिया। विरोध करने पर उसे पीटा और जानमाल की धमकी दी।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत, पति गंभीर

संवाददाता, सरोजनीनगर

▶▶ लखनऊ से कानपुर जा रहे थे दंपति, बंथरा में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बंथरा इलाके में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत हो गयी और पति गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल पति को अस्पताल में भर्ती करा हादसे की सूचना परिजन को दी है।

मूलतः प्रतापगढ़ जिले के हाथी कटरा गांव निवासी ज्ञान कुमार प्रजापति (44) वर्तमान में परिवार सहित कानपुर स्थित नौबस्ता में रह कर प्राइवेट नौकरी करते हैं। ज्ञान कुमार गुरुवार को पत्नी सुनीता प्रजापति (40) को गोमती नगर स्थित वसुंधरा हॉस्पिटल से दवा दिला कर बाइक से लौट रहे थे। बंथरा इलाके में कटी बगिया के समीप कानपुर रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुनीता ट्रक के पिछले पहिया में फंस करीब 10 फीट तक घिसट गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति बाइक समेत दूर गिरने से गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ज्ञान कुमार को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# थाने से चंद कदम की दूरी पर किसान की बाइक चोरी

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाने से चंद कदम दूरी से किसान की बाइक चोरी हो गयी। शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। शाहपुर गोड़वा निवासी रामवीर बुधवार शाम बाइक से कस्बा माल आये थे। बाइक माल तिराहे पर स्थित नई मार्केट के सामने खड़ी दुकान पर सामान की खरीदारी करने गये। इसी बीच चोर ने बाइक पार कर दी। वापस लौटने पर काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद कराने की गुहार लगायी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# असलहों से लैस हमलावरों ने मकान ढहाया, की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ शिकायत पर आशियाना पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में असलहों से लैस हमलावरों ने पड़ोसी के घर पर धावा बोल दिया। घर के सदस्यों ने भाग कर जान बचायी। आरोपियों ने हथौड़ा से मकान ढहा दिया। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुये करीब 15 लाख का नुकसान होने का अनुमान जताया है।

आशियाना थाना अंतर्गत औरंगाबाद जगीरा निवासी दीपक कुमार भारती ने बताया पड़ोसियों से पुरानी रंजिश है। कुछ दिन पहले बिजली के तार को लेकर दोबारा कहा सुनी हो गयी थी। दीपक का आरोप है कि 21 जनवरी की रात आरोपियों ने असलहों व हथौड़ा आदि से लैस होकर घर पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने हथौड़ा आदि से उसका मकान ढहा दिया। बताया कि एक माह पहले भी आरोपियों ने उसके मकान का गेट तोड़ दिया था। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर परिवार की जान को खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया श्रवण कुमार सचान, अखिलेश कुमार, आदेश, शशि देवी व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नशे में धुत हो गाली गलौज करने पर अधेड़ को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में गुरुवार शाम नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहे अधेड़ का पड़ोसी ने पीट दिया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऐन गांव निवासी मजदूर अशोक (50) मजदूरी कर घर पहुंचा। तभी पड़ोसी राजेंद्र शराब के नशे में धुत हो उसे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी और सरिया से हमला कर अशोक को घायल कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। गंभीर हालत में उसका सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया है। आनन–फानन घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

## पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर दी दूसरी शादी की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई थाना अंतर्गत तेलीबाग निवासी दिव्या पुत्री बच्चा लाल ने बताया कि उसकी शादी मई 2023 में प्रशांत निवासी राजाजीपुरम संग हुई थी। पति एक बैंक में मैनेजर हैं। शादी के समय दान दहेज की सभी शर्तों को मायके वालों ने पूरा किया था। इसके बाद भी ससुराल पहुंचते ही पति समेत अन्य कम दहेज लाने का ताना देने लगे। कुछ दिन बाद कार व और नगदी की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे भूखा रखने व मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने बताया कि मांग पूरी नहीं होने पर पति दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं। उसे मायके भेज दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया पति समेत चार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

गणतंत्र दिवस पर विशेष

1942 के आंदोलन में पत्नी आजादिन संग जेल गए थे रामदेव आजाद

# इतिहास के पन्नों में दफन हो गए आजादी के मतवाले

राज प्रताप सिंह, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** देश को अंग्रेजो के चुंगल से आजाद कराने के लिये कितने ही आजादी के मतवालों ने अपनी जाने दी जवानी दी वर्षो तक जेलों में कठोर यातनायें सही थी। देश आजाद हुआ लेकिन आजादी की इस रोशनी में स्वतंत्रता संग्राम के अनगिनत सितारे गुमनामी में खो गये। सरकार व शासन की उदासीनता के चलते कुम्हरावां गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामदेव आजाद व उनकी पत्नी का आज तक स्मारक नहीं बन सका है।

लखनऊ गजेटियर के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामदेव आजाद व उनकी पत्नी फूलमती उर्फ 'आजादिन' आंदोलन के दौरान 15 अगस्त 1942 को अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए। 18 माह जेल में रहने के बाद उन्हें सन 1943 में रिहा कर दिया गया। उनके बड़ा पुत्र स्वर्गीय सरोज कुमार बाजपेई का जन्म जेल में ही हुआ था।उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध कई आंदोलन किए। हाथ में तिरंगा झंडा लेकर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ इटौंजा स्टेशन पर रेलगाड़ी को रोंककर अंग्रेजों के विरुद्ध अपना विरोध जताया था।उन्होंने अपने क्षेत्र कुम्हरावां, इटौंजा कुर्सी में अंग्रेजों के विरुद्ध अपना विरोध जताते रहे। कुम्हरावां में 16 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंग्रेजों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करते रहे।उन सभी सेनानियों के नाम का एक शिलापट बना है, जिसमें उनके नाम अंकित है। क्षेत्र में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गौरव गाथा चुनाव के दौरान करते नहीं थकते है। वह स्मारक निर्मित करने के दावे भी करते हैं पर हकीकत कुछ और है। सत्ता का सुख आते ही उनका स्मारक बनवाने में कोई दिलचस्पी नहीं रखते।



ब्लाक परिसर में लगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का शिलापट।

## इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने दी कुर्बानी

रमा देवी आजाद निवासी कुम्हरावां, गयादीन निवासी महिंगवां इटौंजा, फकीरे निवासी अकड़रिया इटौंजा, जगेश्वर निवासी भीखमपुर इटौंजा, मोहनलाल निवासी भीखमपुर इटौंजा, रुद्रभाल निवासी धरमपुर इटौंजा, गयादीन निवासी नेवादा इटौंजा, रामदेव आजाद निवासी कुम्हरावां, शिवदुलारे निवासी इटौंजा, गणेश जन बाजपेई निवासी रायपुर इटौंजा, राम सागर मिश्र निवासी कुम्हरावां, अब्दुल बारी निवासी इटौंजा, बद्री विशाल मिश्र निवासी बरगदी कुम्हरावां, हागा सिंह निवासी मरपा इटौंजा, करूण सिंह निवासी बख्शी का तालाब, पुत्तीलाल निवासी कुम्हरावां इटौंजा, सर्वजीत सिंह निवासी मुरलीपुरवा मड़ियांव, सन्यपाल निवासी कुम्हरावां इटौंजा, मंगलन निवासी महिंगवां इटौंजा, भोलानाथ गुप्ता निवासी भौली बीकेटी, राम देवी गुप्ता निवासी भौली बीकेटी

उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव



26 जनवरी

# गणतंत्र दिवस की

# हार्दिक शुभकामनाएं

**माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।**

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।**

**नरेन्द्र मोदी** प्रधानमंत्री



केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।



मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।



पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।



**रेल कनेक्टिविटी :** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।



4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।



मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।



**रोड कनेक्टिविटी :** चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।



**रोप-वे कनेक्टिविटी :** पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट-हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।



जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।



ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।



स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।



राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।



2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलेपमेंट।



मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।



राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।




अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु "मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना"।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरु, एरोमा पार्क व एरोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन"।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।

**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## एक नजर

### विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन का 44वां वार्षिक महाधिवेशन 28 और 29 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन का 44 वां महाधिवेशन 28 और 29 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। दो अक्टूबर 2020 में हुए महाधिवेशन में सरकार और प्रबंधन के साथ संगठन के हुए समझौते को उठाया जाएगा। जिसमें विद्युत व्यवस्था में परिवर्तन करने के साथ ही पुरानी पेंशन को लागू कराना है। साथ ही नॉन कॉमन कैडर के कार्मिकों को समझौते के अनुसार ही उनके गृह नगर में ही तैनात करने के लिए आदेश कराना है। यह बात गुरुवार को अशोक मार्ग स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी बब्बू ने कही। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में फरवरी 2009 के बाद बचे तृतीय श्रेणी के कार्मिकों को 6600 रुपये का वेतनमान को दिलाना है। गैर तकनीकी कर्मचारियों को भी अन्य की तरह ही अतिरिक्त वेतनमान का लाभ समझौते के अनुसार ही लागू कराना है।

### ट्रैफिक सिपाही से अभद्रता करने वाले को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** महानगर इलाके में देर रात ड्यूटी से लौट रहे ट्रैफिक सिपाही गजेंद्र सिंह से बाइक सवार युवक ने अभद्रता की। गजेंद्र ने आनन–फानन गोल मार्केट चौराहे पर तैनात सिपाहियों को बुला कर आरोपी बाइक सवार को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सिपाही की तहरीर पर आरोपी साहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# पारुल को मिलेगी साढ़े चार करोड़ रुपये की धनराशि

## 27 को एशियाई और पैरा एशियाई पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री करेंगे पुरस्कृत

▶▶ 128 पदक विजेताओं में वितरित की जाएगी 62 करोड़ रुपये की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एथलीट पारुल चौधरी को साढ़े चार करोड़ रुपये की धनराशि देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही वह एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले 128 खिलाड़ियों में 62 करोड़ की धनराशि वितरित करेंगे। 27 जनवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पदक विजेताओं के प्रशिक्षकों और इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नकद धनराशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

खेल विभाग के अनुसार गोवा में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों पर भी धनवर्षा होगी। एशियाई खेलों में एथलीट पारुल चौधरी ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीत कर साढ़े चार करोड़ की ईनामी राशि पर कब्जा किया। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। खिलाड़ियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के अनुसार एशियाई एवं पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों क्रमशः तीन करोड़, डेढ़ करोड़ और 75 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा इन खेलों में भाग लेने वाले प्रदेश के प्रत्येक खिलाड़ी को पांच लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एशियाई खेलों में यूपी के खाते में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 8 कांस्य पदक आए।16 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया था। पैरा एशियाई खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक जीते, जबकि18 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया था। गोवा राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः छह लाख, चार लाख और दो लाख रुपये दिए जाएंगे।



सुहास एलवाई



वंदना कटारिया



ललित उपाध्याय



अन्नू रानी




पारुल

### पैरा एशियाई खेल

| खिलाड़ी | खेल और पदक |
|---|---|
| सुहास एलवाई | बैडमिंटन में स्वर्ण |
| प्रवीण कुमार | एथलेटिक्स में स्वर्ण |
| प्रदीप कुमार | एथलेटिक्स में रजत |
| सिमरन | एथलेटिक्स में रजत |
| जैनब खातून | पावरलिफ्टिंग में रजत |
| सूरज सिंह | तीरंदाजी में रजत |
| अजीत सिंह | एथलेटिक्स में कांस्य |
| पुष्पेंद्र सिंह | एथलेटिक्स में कांस्य |
| श्रेयांश त्रिवेदी | एथलेटिक्स में दो कांस्य |

**प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी–** ज्योति, फातिमा खातून, निधि शुक्ला, प्रीति पाल, साक्षी कसाना, सुवर्णा राज, समेघा पाठक, दिनेश चौधरी, रवि कुमार, विजय कुमार, अबू हुबैदा, शशांक कुमार, जतिन कुमार, आकाश, रंजन कुमार।

### एशियाई खेलों के पदक विजेता

| खिलाड़ी | खेल और पदक |
|---|---|
| पारुल चौधरी | एथलेटिक्स में एक स्वर्ण और एक रजत |
| अन्नू रानी | एथलेटिक्स में एक स्वर्ण |
| दीप्ति शर्मा | क्रिकेट में स्वर्ण |
| ललित उपाध्याय | हॉकी में स्वर्ण |
| रिंकू सिंह | क्रिकेट में स्वर्ण |
| अखिल श्योरण | शूटिंग में स्वर्ण |
| अजय सरोज | एथलेटिक्स में रजत |
| कार्तिक कुमार | एथलेटिक्स में रजत |
| पुनीत कुमार | नौकायन में एक रजत और एक कांस्य |
| नीरज | नौकायन में रजत |
| नितिश कुमार | नौकायन में रजत |
| अरविंद सिंह | नौकायन में रजत |
| प्राची | एथलेटिक्स में रजत |
| वंतिका अग्रवाल | शतरंज में रजत |
| किरन बालियान | एथलेटिक्स में कांस्य |
| सीमा पुनिया | एथलेटिक्स में कांस्य |
| गुरवीर सिंह | एथलेटिक्स में कांस्य |
| अर्जुन सिंह | क्याकिंग कनोइंग में कांस्य |
| रामबाबू | एथलेटिक्स में कांस्य |
| एबाद अली | नौकायन में कांस्य |
| खुशबू | सेपक टाकरा में कांस्य |
| वंदना कटारिया | हॉकी में कांस्य |

**प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी–** प्रियंका गोस्वामी, रचना, तान्या चौधरी, ज्योति शुक्ला, गुलशन,यश कुमार, शबाना, प्रगति

# उत्कृष्ट खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** खेलकूद और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आज भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों-छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम खिलाड़ियों और शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्रों को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी और महानगर अध्यक्ष सीता नेगी ने सम्मानित किया गया। महामंत्री रीना चौरसिया और अर्चना साहू ने सभी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय खिलाड़ी करीना कुमारी, जूली भारद्वाज, पूजा भारती, शीला थापा, पीतांबरी कुमारी, कविता विश्वकर्मा, बबीता पाल, मनीषा पटेल, खुशी उपाध्याय, कुमारी मधु, वॉलीबॉल में शंभवी सिंह, प्रिया सिंह, सीता मौर्य, रितिका सिंह, एथलेटिक्स में श्रेया सिंह, रागिनी सिंह, श्रेया यादव, प्रतीक्षा यादव, अंशिका गौतम, आरती, आस्था वर्मा, अर्चिता, तैराकी से कलावती निषाद, वेट लिफ्टिंग से कल्पना यादव, एकता पांडे, साक्षी केसरवानी, क्रिकेट से तान्या सिंह, गार्गी मिश्रा, टेनिस से तनुश्री पांडे, सासा कटियार, हैंडबॉल से सौम्या मिश्रा, सौम्या श्रीवास्तव और मेधावी छात्रों में हर्षिता रावत, शिखा जोशी, सुमेधा कसौधन, संजना वर्मा और प्रीतिका शुक्ला को सम्मानित किया गया।

# नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद कार्यक्रम से जुड़े युवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत युवाओं की सर्वाधिक आबादी वाला देश है। युवाओं में हमेशा कुछ कर गुजरने का जुनून होना चाहिए।

लखनऊ महानगर की ओर से नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम के बाद उक्त बात जल शक्ति मंत्री ने पश्चिम विधानसभा में कही। उत्तर विधानसभा में खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचा और अधिक सुदृढ़ हुआ है। जिसका परिणाम यह है कि अब बेरोजगारी दर निचले स्तर पर है। लखनऊ महानगर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से नमो नव मतदाता सम्मेलन पांचों विधानसभा के दो-दो महाविद्यालयों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी लगाकर लाइव प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम सुभाष गर्ल्स कॉलेज, खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज, केकेसी कॉलेज, डीएवी कॉलेज, क्राइस चर्च कॉलेज, जुबली गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, महामना कॉलेज, सेंट जोसफ इंटर कॉलेज, सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया।

इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा लखनऊ महानगर अध्यक्ष मानेवंद्र प्रताप सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, राज्यसभा सदस्य बृज लाल, पूर्व मंत्री स्वाति सिंह आदि अलग-अलग विधानसभाओं में मौजूद रहे।

# मलबा भरीं गाड़ियां निकालने के विवाद में फायरिंग

▶▶ दुबग्गा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार, काकोरी:** दुबग्गा थाना क्षेत्र में जेहटा माल रोड नई प्लाटिंग में मकान के सामने मलबा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी। एक पक्ष ने जान से मारने की नीयत से दूसरे पक्ष द्वारा फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। एसआई राम सेवक राणा ने बताया कि खदरा निवासी सुरेंद्र साहू का मकान जेहटा माल रोड पर नई प्लाटिंग में बना है। गुरुवार को वह मकान के समीप मलबा डलवा रहे थे। सुबह से ही मलबा लोड कर गाड़ियों की आवाजाही हो रही थी। सुरेंद्र के मकान से पहले बंटू त्रिवेदी का घर बना है। बंटू ने अपने मकान के सामने आरसीसी रोड बनवा रखी है। बंटू ने घर के सामने बनी रोड से मलबा की गाड़ियां निकालने का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। सुरेंद्र ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि फायरिंग की घटना संदिग्ध है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। सुरेंद्र साहू की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी है।



कवि सम्मेलन एवं मुशायरा सम्मान समारोह में जिला अधिकारी सूर्य पाल गंगवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्र। अमृत विचार

# सात कवियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित किया गया। जिलाधिकारी और सिविल डिफेंस के नियंत्रक सूर्य पाल गंगवार और चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ऐशबाग के रामलीला मैदान स्थित तुलसी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पं. आदित्य द्विवेदी, डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी और वंदना विशेष गुप्ता को सुभद्रा कुमारी चौहान से सम्मानित किया गया। जबकि डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल को मैथिली शरण गुप्त सम्मान, अबरार सारिमक को कैफी आजमी सम्मान, शाहबाज तालिब को हरिवंश बच्चन और सुर्यप्रकाश 'सूरज' को अमीर खुसरो सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टाफ अफसर टू चीफ वार्डेन ऋतुराज रस्तोगी, सुनील शुक्ला डिविजन वार्डेन उपस्थित रहे।



## एक नजर

### ध्रुव अकादमी की जीत

**लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच उत्कर्ष पाल के खेल की बदौलत ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हरा दिया। एनडीबीजी खेल मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल क्लब ने 17 .2 ओवर में सभी विकेट खोकर 84 रन बनाए। अनिकेत नारायण ने सबसे अधिक 25 रन बनाए। ध्रुव अकादमी की ओर से ध्रुव अकादमी ने उत्कर्ष पाल और प्रणव सिंह ने 3-3 विकेट चटकाए। निरंजन सिंह ने दो विकेट चटकाए। जवाब में ध्रुव अकादमी ने 12 ओवर में एक विकेट खोकर 88 रन बनाए और जीत दर्ज की। कृष्णा पाठक ने 30 और निखिल गुप्ता ने 48 रन बनाए।

# जय सिंह को दोहरी स्वर्णिम सफलता

## जिला स्तरीय खो-खो, वॉलीबाल, एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय बालक खो-खो, वॉलीबाल, एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में बालक कबड्डी के फाइनल में चौक स्टेडियम ए की टीम चैंपियन बनी।

चौक स्टेडियम ए ने चौक स्टेडियम चौक बी को 34-24 से हरा दिया। बालक वर्ग एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में प्रथमेश त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक जीता। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के जय सिंह ने दोहरी स्वर्णिम सफलता दर्ज की। उन्होंने 200 और 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीता।

### आज हुईं स्पर्धाओं के परिणाम

**100 मीटर** – प्रथम त्रिपाठी–स्वर्ण, अभिराज–रजत (दोनों केडी सिंह के), ऋषभ तोमर–कांस्य (एसपीसी)
**200 मीटर** – जय सिंह (केडी सिंह)–स्वर्ण, सहित्य राज (एसपीसी)–रजत, अभिषेक कुमार (एनईआर)–कांस्य
**400 मीटर** –जय सिंह– स्वर्ण, साहित्य राज–रजत प्रियांश प्रकाश–कांस्य (तीनों केडी सिंह बाबू के)
**800 मीटर**– साहित्य राज–स्वर्ण, शिवम कश्यप–रजत, विनीत मिश्रा–कांस्य (तीनों केडी सिंह बाबू स्टेडियम के)
**1500 मीटर**– समीर खान–स्वर्ण, विक्रांत गिरि (दोनों एसपीसी के)–रजत, उत्कर्ष अवस्थी–कांस्य (केडी सिंह बाबू स्टेडियम)
**5000 मीटर**–उत्कर्ष अवस्थी–स्वर्ण, हिमांशु–रजत, विनीत मिश्रा–कांस्य (केडी सिंह बाबू)
**शॉटपुट** – शशांक सिंह–स्वर्ण, शाहनाज–रजत, अभिराज–कांस्य (एनईआर)
**लंबी कूद** –मो .साहिल–स्वर्ण (एनईआर), प्रथम त्रिपाठी–रजत, प्रियांशु प्रकाश–कांस्य ( दोनों केडी सिंह बाबू)

## भारत हस्तशिल्प महोत्सव में बिखेरा प्रतिभा का जादू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट द्वारा आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में आयोजित भारत हस्तशिल्प महोत्सव में गुरुवार को आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। एक तरफ नयी प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया वहीं युवा कवियों ने वरिष्ठ रचनाकारों के सानिध्य में काव्य पाठ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पलक चौरसिया, खुशी सोनकर, अंजली कनौजिया, आलोक सिंह, नितिन मौर्य, नीरज सिंह, महक और रौनक सोनकर ने जय हो... और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति गीतों को प्रस्तुत कर देशभक्ति की धारा प्रवाहित कर दी। राघव डांस स्टूडियो ने गणेश वंदना से अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वैष्णवी, आराध्या, वेदिका और अमिता ने आई लव माई इंडिया को बहुत अच्छे अंदाज में पेश किया। राघव डांस स्टूडियो के कलाकारों ने राघव क्षेत्री के निर्देशन में सभी प्रस्तुतियां दीं। भारत हस्तशिल्प महोत्सव के आयोजक विनोद कुमार सिंह और एनबी सिंह ने बताया कि गुरुवार को स्कूलों में छुट्टी की वजह से बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी।




## सार-संक्षेप



उत्तर प्रदेश महोत्सव में हुए कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी व अन्य। अमृत विचार

### दिव्यांगों के लिए बहुत कारगर रहा उत्तर प्रदेश महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम में चल रहे उत्तर प्रदेश महोत्सव में गुरुवार को मंगलम दिव्यांग हितार्थ संस्था की और से कृपा नारायण के सौवें जन्मदिवस के उपलक्ष में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बंधु जी उत्सव वाटिका में किया गया। इसमें ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। वहीं दिव्यांगों की जांच कर उन्हें पैर के जूते आदि वितरित किये गए। इसके साथ ही जरूरतमंदों को सुनने की मशीन भी दी गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी दिनेश खरे थे। केजीएमयू दल में दंत चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष विनय गुप्ता, डॉ. मोहित कुमार कनौजिया, सौम्या मिश्रा, डॉ. अपूर्वा वत्स, निहाल कुमार ने ओरल हेल्थ सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर मंगलम संस्था की ओर से संयुक्त मंत्री मेजर के किशोर, जनरल सेक्रेटरी अनुपम नारायण, सदस्य संजीव सक्सेना और उत्तर प्रदेश महोत्सव के संयोजक डॉ. अमित सक्सेना सहित प्रतिभान सिंह, राजकुमार, वीरेंद्र कुमार, राम आसरे, शिवांश सक्सेना, शैलेन्द्र मोहन, अजय और पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के कृष्णा नगर स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हेलमेट की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मोदी और योगी को आरनव और अन्विता का सैल्यूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में भगवान राम के हुई प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर निर्माण को लेकर बच्चों मे खासा उत्साह है। जिसे बच्चों ने कई तरह से अपनी भावनाओं को श्रदालुओं के सामने रखा है। साईं मंदिर के संस्थापक अमित शर्मा ने बताया 'मिलेनियम स्कूल' के विद्यार्थियों आरनव शर्मा व उनकी बहन अन्विता ने आपने सुकोमल भाव से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संदेश प्रेषित किया है। अपने संदेश की व्याख्या करते हुए आरनव ने बताया कि वे अयोध्या में भगवान रामचन्द्र जी के पुनर्वास से बहुत ही आनंदित हैं और अब उन्हें साल में दो बार दीपावली मनाने का अवसर योगी मोदी के कारण प्राप्त हुआ है। आरनव ने कहा कि उनके स्कूल के सभी मित्र और उनके परिवार वाले प्रसन्न हैं, जिसके लिए वे योगी और मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने मंदिर निर्माण के कार्य को बहुत ही सहजता और शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे का ध्यान रखते हुए पूरा किया। अन्विता अपने भाई की तरह ही भावुकता के साथ प्रदेश व देशवासियों को राम मंदिर निर्माण और गणतंत्र दिवस पर बधाई दी। अन्विता ने कहा कि जिस तरह से उनका विद्यालय ' 'मिलेनियम स्कूल'' बच्चों में सुकोमल विचार और अच्छे संस्कार डालने का कार्य बखूबी कर रहा है उसी प्रकार सब के चहेते योगी आदित्यनाथ भी कड़ी कानून व्यवस्था और जनहित परियोजनाओं को संचालित करा कर जनता का भला कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश की दोनों टीमें आज से शुरू करेंगी अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट शुक्रवार से कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज प्रांगण के ध्यानचंद स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता राजेन्द्र सिंह करेंगे। पहले दिन चार मुकाबले में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की दो टीमें शामिल हैं। उत्तर प्रदेश ग्रेस और उत्तर प्रदेश करम एकादश की टीम को जगह मिली है। दोनों ही टीमें अपने अभियान की शुरुआत आज से करेंगी। दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट के लिए आज भी अभ्यास किया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ग्रेस के सामने दिल्ली की टीम होगी जबकि उत्तर प्रदेश करम की टीम का मुकाबला मणिपुर से होगा। अन्य मुकाबलों में नवल टाटा के सामने आरआर हॉकी अकादमी पुणे की चुनौती होगी और एचएफबी सोनीपत हरियाणा का मुकाबला नीलगिरि तमिलनाडु से होगा।

### महिला क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला क्रिकेटर आज से अंडर-23 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में दम दिखाएंगी। शुक्रवार को पहले दिन तीन मुकाबले होंगे। इकाना के मुख्य स्टेडियम में बिहार बनाम महाराष्ट्र, बी ग्राउंड में चंडीगढ़ बनाम मध्य प्रदेश और स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में असम बनाम हिमाचल प्रदेश के बीच मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को सात फरवरी तक होने वाले मुकाबलों का ड्रॉ जारी किया गया।

# एएसपी के बेटे के गैर इरादतन हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

विधि संवाददाता,लखनऊ

▸▸ 21 नवंबर को हुई थी नौ साल के नामिश की मौत

**अमृत विचार:** गैर इरादतन हत्या के आरोपी सार्थक सिंह की जमानत अर्जी को एडीजे नरेंद्र कुमार ने खारिज कर दिया है। बता दें कि 21 नवंबर 2023 को एएसपी श्वेता श्रीवास्तव अपने नौ साल के बेटे नामिश को जनेश्वर मिश्र पार्क में स्केटिंग कराने ले गईं थीं। जैसे ही दोनों जनेश्वर पार्क के गेट नंबर 6 से बाहर निकल कर जी 20 रोड पर सड़क किनारे पहुंचे तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार ने नामिश को टक्कर मार दी। घायल नामिश की अस्पताल में मौत हो गई।

### अनी बुलियन के निदेशक की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ :** बुलियन कारोबार, शेयर, रियल स्टेट व दैनिक वस्तुओं के कारोबार में निवेश कर चालीस प्रतिशत तक लाभ देने का झांसा देकर लोगों का करोड़ों रुपये निवेश करा के हड़पने के आरोपी अनी बुलियन के निदेशक अजीत कुमार गुप्ता की जमानत अर्जी को एडीजे रेखा शर्मा ने खारिज कर दी है। कोर्ट में सरकारी वकील ने तर्क दिया कि वादी आनंद उपाध्याय ने गोमती नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अजीत कुमार गुप्ता ने अन्य साथियों संतोष गुप्ता, अजय उपाध्याय, विष्णु गुप्ता और अन्य लोगों के साथ मिलकर अनी बुलियन ट्रेडिंग व अनी बुलियन ट्रेडर्स नाम की संस्था बनाई। कहा गया कि आरोपी ने वादी व अन्य लोगों को अनी बुलियन के जरिये बुलियन कारोबार, रियल एस्टेट व शेयर ट्रेडिंग में निवेश करके अच्छा लाभ देने का झांसा दिया। आरोप है कि 2019 में मैच्योरिटी का समय आने पर आरोपी ने निवेशित धन नहीं लौटाया और करोड़ों रुपये हड़प लिए।

### श्रीट्रान इंडिया के प्रबंधक को अग्रिम जमानत नहीं

**लखनऊ :** चिकित्सीय अवकाश लेकर नौकरी से गायब रहने व इस्तीफा देने के बाद भी सभी लाभ लेने और बाद में कूटरचित दस्तावेजों और मेडिकल के सहारे फिर से नौकरी प्राप्त करने के आरोपी श्रीट्रान इंडिया के तत्कालीन प्रबंधक अनंग पाल पवार की अग्रिम जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया। कोर्ट में सरकारी वकील कमल अवस्थी और महेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट विजिलेंस थाने में दर्ज कराई गई थी। जांच में पता चला कि आरोपी अनंग पाल पवार की नियुक्ति राज्य सरकार के श्रीट्रान इंडिया में बिजनेस डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर हुई थी। बाद आरोपी ने अपना त्याग पत्र दे दिया जिसे स्वीकार करते हुए उसके समस्त भत्ते दे दिए गए। आरोप है कि आरोपी ने दस्तावेजों में छेड़छाड़ करते हुए अवैध रूप से पुन: नौकरी प्राप्त कर ली।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी चाचा को 20 साल की कैद

**लखनऊ :** चचेरे भाई की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सुभाष को दोषी ठहराते हुए पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने उसे बीस साल के कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट में सरकारी वकील सुखेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि वादी ने मामले की रिपोर्ट मलिहाबाद थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 8 अप्रैल 2019 को वादी की 11 वर्ष की पुत्री घर पर अकेली थी, उसी समय वादी का चचेरा भाई सुभाष वादी के घर आया और नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि पट्टीदारी के विवाद में अभियुक्त को झूठा फंसाया गया है। हालांकि पीड़िता के बयानों व अन्य साक्ष्यों को देखते हुए कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार दिया है।

### फिट इंडिया सप्ताह में 120 छात्रों ने दिखाया दम

**लखनऊ :** फिट इंडिया सप्ताह में जुंबा, पीटी ग्रुप डांस, कबड्डी और लंगड़ी, कलारीपट्टू और योगासन के मुकाबे हुए। इसका समापन गुरुवार को हुआ। फिट इंडिया के तहत युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्पोर्ट्स अर्थाटी ऑफ इंडिया और यूपी शिक्षा विभाग के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज मानसरोवर स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल में ओलिंपियन सुजीत कुमार ने विजेताओ को सम्मानित किया। साई लखनऊ के प्रभारी निदेशक आत्म प्रकाश ने बताया कि, 120 विद्यार्थियों ने इन खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान प्रधानाचार्या पुनीता मिश्रा, साई लखनऊ के दोनों सहायक निदेशक अरुण लाल .वी और शुभांशु और अन्य भी मौजूद रहे।

### अयोध्या के लिए मेमू शुरू, आस्था ट्रेनें 29 से

**लखनऊ :** रेलवे प्रशासन लखनऊ ने अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की मांग पर तीन इंटर सिटी ट्रेनों को चलाने की तैयारी कर रहा है। गुरुवार शाम से लखनऊ से अयोध्या के लिए मेमू ट्रेन की शुरुआत हो गई। चारबाग स्टेशन से लखनऊ अयोध्या धाम मेमू ट्रेन शाम 5 .25 बजे रवाना हुई और अयोध्या कैंट पर रात 9 :10 बजे पहुंच गई। वहीं आस्था स्पेशल ट्रेन की शुरुआत 29 जनवरी से होगी। पहली ट्रेन 29 जनवरी को जम्मूतवी से अयोध्या धाम वाया लखनऊ के रास्ते चलेगी। आस्था ट्रेनें 10 फरवरी तक अलग-अलग तारीखों में अयोध्या के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेनें मां वैष्णो देवी, जम्मूतवी, हिमाचल के ऊना, हरिद्वार, नई दिल्ली, अमृतसर से अयोध्या के लिए 17 ट्रेनें चलेगी।

















सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**जल अमूल्य निधि है** **जल ही जीवन है**

जलकल विभाग, नगर निगम, कानपुर

जल संरक्षण के हित में उपभोक्ताओं से अपील

| क्रम सं0 | क्या करे | क्रम सं0 | क्या न करे |
|---|---|---|---|
| 1- | जलकल विभाग द्वारा आपूर्तित अथवा इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्प का पानी पीने में प्रयोग करें। | 1- | अनाधिकृत रूप से ठेलियों/ट्राली पर पानी बेचने वालों के पानी का प्रयोग न करें। |
| 2- | आपकी पाइप लाइन नाली अथवा किसी अन्य गन्दे स्थान से हो कर जा रही हों तो पंजीकृत प्लम्बर से उसका मार्ग परिवर्तित करा लें अथवा इस पर केसिंग पाइप अवश्य लगवा लें। सर्विस पाइप लाइन पुरानी अथवा क्षतिग्रस्त हो गयी हो तो उसे तत्काल बदलवा लें। अन्यथा गन्दा पानी पेयजल को प्रदूषित करेगा। | 2- | पानी की लाइन में बूस्टर पम्प लगा कर, सीधे पानी न लें। यदि आवश्यक हो तो टब अथवा टैंक में जलकल के नल से पानी एकत्र कर उसे बूस्टर पम्प द्वारा ऊपर चढ़ायें। |
| 3- | हैण्डपम्प का प्लेट फार्म साफ रखें। | 3- | हैण्डपम्प के चारों तरफ गन्दा पानी एवं गन्दगी न एकत्र होने दें। |
| 4- | गन्दा पानी आने पर जलकल विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अथवा जलकल विभाग के कन्ट्रोल रूम नं0–9235553827 पर फोन कर अवगत करायें। | 4- | सीवर मेनहोल में कूड़ा करकट न डालें तथा मेनहोल खुला होने पर तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित करें। |
| 5- | जलकल विभाग की पाइप लाइन में लीकेज/सीवर समस्या होने पर तत्काल जलकल विभाग के कंट्रोल रूम नं0–9235553827 पर इसकी जानकारी दें। | 5- | पानी लेने के बाद नल/स्टैण्ड पोस्ट खुला न छोड़ें। पानी का भण्डारण करें व अपव्यय रोकें। |
| 6- | पानी एकत्र करने के लिये ढक्कन युक्त साफ बर्तन का प्रयोग करें। | 6- | पानी के बर्तन में हाथ न डालें, पानी निकालने के लिये लम्बे हैन्डल के बर्तन का प्रयोग करें। |

जन सामान्य के अच्छे भविष्य हेतु जल – संरक्षण

1- बैठकों सेमीनारों प्रदर्शनियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जहाँ पेयजल आवश्यक हो, एक लीटर के पानी के बोतल के स्थान पर 250–300 मिली0 के पानी के बोतल का इस्तेमाल किया जाये, जिससे इस अमूल्य धरोहर को अपव्यय से बचा जा सके।
2- जन सामान्य पानी पीने हेतु छोटे बर्तन/गिलास का उपयोग करें। प्रायः यह देखा जाता है कि लोग बड़े गिलास/बर्तन में पानी लेकर एक या दो घूँट पानी पीने के बाद शेष पानी फेक देते है। इस लिये उतना ही पानी लिया जाये जिसे पिया जा सके।
3- प्रायः यह देखा जाता है कि लोग पीने के पानी (ट्रीटेड) से अपने लान, किचेन, गार्डेन, फूलों की क्यारियों की सिचाई तथा गर्मियों में घर के सामने की सड़क भिगाते है ताकि धूल न उड़े। जनमानस से अनुरोध किया जाता है कि पेयजल की महत्ता को पहचाने एवं इस अमूल्य धरोहर/संसाधन को अपव्यय से बचने का प्रयास करें।
4- ताजा पानी के उपयोग हेतु सांय/विगत दिवस में संरक्षित पीने के पानी को न फेके/बर्बाद न करें उसे अन्य कार्य में उपयोग में लायें।
5- सर्विस स्टेशनों द्वारा गाड़ी धोने में पीने के पानी का प्रयोग न करें।
नोट– जलकल/जलमूल्य/सीवर कर के बिलों का भुगतान समय से कर छूट का लाभ प्राप्त करें। बिलों का भुगतान जलकल विभाग की वेबसाईट www.jalkalkanpur.in पर आन लाइन भी जमा किये जा सकते है।

महाप्रबन्धक नगर आयुक्त महापौर

# लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ व्यापार मंडल के अलग-अलग संगठनों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ

**अमृत विचार :** लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है। समस्याओं के समाधान के लिए मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर व्यापारियों ने मतदान करने की शपथ ली।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में कोठारी बंधु पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान महामंत्री उमेश शर्मा, उमेश कुमार, विशाल कोहली, जसवीर, सुधीर अवस्थी, अमित मिश्रा, अविनाश चंद शुक्ला, रूपाली श्रीवास्तव, मीनाक्षी गुप्ता, रेखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर हजरतगंज में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नगर महामंत्री अमित अग्रवाल, नगर महामंत्री संजीव जैन, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, उपाध्यक्ष हिमांशु रस्तोगी, अरविंद श्रीवास्तव, ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, अजय जायसवाल आदि थे।

दूसरी ओर भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने व्यापारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मतदान कर उपयुक्त प्रत्याशी चुनेंगे। जिससे अच्छी और मजबूत सरकार मिले। शपथ लेने वाले व्यापारियों में अरविन्द पाठक, उत्तम कपूर, मोहित गर्ग, सिद्धार्थ रस्तोगी, रतन मेघानी, अनुराज अग्रवाल, राहुल श्रीवास्तव, संदीप रस्तोगी, नदीम, मनप्रीत सिंह, आशीष बंसल, मनोज द्विवेदी, अरशद सफीपुरी, हर्ष ग्रोवर, पवन सिंह, मोनू भाटिया, पुरुषोत्तम गुप्ता, पवन सोनकर आदि मौजूद रहे।

## परेड की तैयारियां पूरी, व्यवस्था चाक चौबंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। बता दें कि बुधवार को विधानसभा के सामने फुल ड्रेस रियल टाइम रिहर्सल किया गया था। रिहर्सल में सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड और स्कूली बच्चों ने कदमताल किया। परेड में सबसे आगे टी-90 भीष्म टैंक सेना की ताकत को दर्शा रहा था। परेड में सेना की आकाश मिसाइल भी शामिल रही। रविंद्रालय से निकलकर परेड विधानभवन के सामने तक पहुंची थी। डीएम ने गुरुवार को निरीक्षण किया और तैयारियां पूरी करने के लिए निर्देश दिए। बताया कि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। सुबह सात बजे से ही यातायात परिवर्तित हो जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों के अलावा लोग अपनी झांकियां के साथ आगे बढ़ेंगे। इसलिए यातायात सुबह सात बजे से ही परिवर्तित रहेगा।



गणतंत्र दिवस की तैयारी का जायजा लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार









## कार्यालय, निदेशक हृदय रोग संस्थान, कानपुर

### वर्तमान उपलब्ध सेवायें

1. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अबतक कुल 3089 मरीजों का भती कर उपचार किया गया है।, 2. असाध्य रोग निःशुल्क उपचार योजना के अन्तर्गत संस्थान में वित्तीय वर्ष 2013-14 से अभी तक कुल 20447 निर्धन रोगियों का निःशुल्क (फ्री) उपचार किया।, 3. आकस्मिक सेवायें (24ग7), 4. सभी रक्त परीक्षण लिपिड प्रोफाइल तथा ट्राप-टी सहित, 4. सी0टी0 एन्जियो 128 स्लाइस, 5. एक्स-रे तीनों मंजिलों पर बेड साइड एक्स-रे सहित, 6. ई0सी0जी0, 7. होल्टर मानीटरिंग, 8. ईकोकार्डियोग्राफी- आउटडोर, इन्डोर तथा ओ0टी0 में, 9. एंजियोग्राफी- एलेक्टिव तथा इमरजेन्सी, 10. एंजियोप्लास्टी तथा बी0एम0वी0 (बैलूनिंग), 11. पेसमेकर इम्प्लान्टेशन, 12. कार्डियक सर्जरी, बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी, ओपेन हार्ट सर्जरी, बीटिंग हार्ट वाल्व प्रत्यारोपण सर्जरी आदि, 13. लेजर सर्जरी- वैरीकोज वेन्स, 14. वीडियो ब्रांकोस्कोपी, वीडियो इन्डोस्कोपी तथा फॉरेनबाडी रिमूवल, 15. वैस्कुलर सर्जरी- सभी प्रकार की, 16. थोरैसिक सर्जरी- सभी प्रकार की, 17. सूक्ष्म छिद्र प्रणाली सर्जरी (वैट्स), 18. फिजियोथिरैपी एवं कार्डियक रिहैबिलिटेशन 19. प्रथम 24 घण्टे समस्त उपचार निःशुल्क 20. हार्ट अटैक के रोगियों को जीवन रक्षक आकस्मिक सेवायें निःशुल्क- राउन्ड द क्लाक 21. कैथलैब में बेहतर टेस्टिंग हेतु प्ण्टण्न्ण्ै तथा थ्थ्त्ण् की सुविधा 22. सर्जिकल आइसीयू में पोस्ट आपरेटिव हृदय रोगियों के लिये ब्त्ज् मशीन की सुविधा 23. भर्ती प्रत्येक रोगी व एक तीमारदार को निःशुल्क भोजन (दोनों समय चाय नाश्ता सहित) 24. डिवाइस क्लोज़र (बच्चों के दिल के छेद को बिना आपरेशन बन्द किये जाने) की सुविधा 25. इन्टेन्सिव कोरोनरी केयर तथा सर्जिकल आईसीयू की शैय्याओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि।

### वर्ष 2023 की उपलब्धियाँ

1.मेडिकल आफिसर, मैट्रन, नर्सिंग आफिसर हेतु 32 फ्लैट के निर्माण कार्य की वित्तीय स्वीकृति। 2. डे-केयर ब्लाक का निर्माण जिसमें आपरेशन थियेटर एवं कैथलैब की सुविधा उपलब्ध होगी। 3. संस्थान में 33के0वी0ए0 सबस्टेशन का निर्माण, जिसमे रोगियों को निरन्तर विद्युत आपूर्ति की जा सके। 4. संस्थान मुख्य भवन में 60 नई शैय्याओं के संचालन की व्यवस्था, 5. हृदय रोगियों को उच्चतम स्तर की सेवायें देने हेतु शिक्षण/प्रशिक्षण पर विशेष बल। 6. संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं उपचार कार्य के परिणामस्वरूप शासन द्वारा एम0सीएच0 सी0वी0टी0एस0 की सीट 5 से बढ़ाकर 12 तथा डी0एम0 (कार्डियोलाजी) की सीट 9 से बढाकर 12 तथा डीएम (कार्डियक एनेस्थीसिया) की सीट 3 से बढाकर 6 कर दी गयी है, 7. डीएनबी वैस्कुलर सर्जरी- 2 सीट, डीएनबी थोरैसिक सर्जरी- 1 सीट के साथ संचालित है।, 8. संस्थान में एमएससी कार्डियो थोरैसिक नर्सिंग- 20 सीट एवं बीएससी ओटीटी- 20 सीट, ओटी टेक्नीशियन- 40 सीट एवं कार्डियक टेक्नीशियन- 40 सीट के साथ पैरामेडिकल कोर्सेज संचालित है।, 9. संस्थान भवन एवं प्राँगण का सौन्दर्यीकरण।

आयुष्मान योजना के अन्तर्गत प्रथम आयुष्मान लाभार्थी के उपचार करने का गौरव तथा असाध्य रोग नियमावली के अन्तर्गत विगत वर्षो में सर्वाधिक लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार प्रदान करने का गौरव हृदय रोग संस्थान, कानपुर को प्राप्त है।

संस्थान में प्रधानमंत्री जन अरोग्य आयुष्मान योजना, पं0 दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस योजना एवं असाध्य रोग (हृदय रोग) नियमावली के अन्तर्गत हृदय रोगियों का पूर्णतः निःशुल्क उपचार किया जाता है।



सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. राकेश कुमार वर्मा
निदेशक

सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टा: सर्वादीक्षा राज धर्मेषु योक्ता।
सर्वाविद्या राज धर्मेषु युक्ता: सर्वे लोका: राजधर्मेषु प्रतिष्ठा:।।

राजधर्म में सारे त्यागों का दर्शन होता है। राजधर्म में सारी दीक्षाओं का प्रतिपादन होता है। राजधर्म में संपूर्ण विद्याएं निहित होती हैं और राजधर्म में सारे लोकों का समावेश होता है।

## संपादकीय

# आत्मनिरीक्षण का मौका

गणतंत्र दिवस सिर्फ एक आयोजन भर नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण का मौका है। यह दिन हमारी प्रगति का जायजा लेने और उभरती चुनौतियों के क्षितिज को मापने का अनोखा अवसर प्रदान करता है। साथ ही भारत की यात्रा, पहचान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उत्सव है जो इसकी विविध आबादी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने का दिन है जिसमें राष्ट्र प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। गणतंत्र ने एक अरब और 40 करोड़ भारतीय जिसमें से अधिकांश विचार एवं आशा से भरे-पड़े हैं, के लिए ऊर्जा को उजागर करने का मौका दिया है। इस यात्रा में हमारे गणतंत्र की चमक दिनों दिन बढ़ती गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था को कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। किसानों की बेहतरी लिए सरकार ही नहीं, विपक्ष भी चिंतित है और खेती को फायदेमंद बनाने के रास्ते खोजे जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। इस बार परेड में पहली बार महिलाओं के त्रि-सेवा दल को भी कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए देखा जाएगा। हमने पिछले 75 वर्षों में पर्याप्त दूरी तय कर ली है, लेकिन संघर्ष के दिन समाप्त नहीं हुए हैं। पाकिस्तान आतंकवादियों को शरणस्थली प्रदान करता आ रहा है। आने वाले वर्षों में इस पड़ोसी की शत्रुता को बेअसर करना भारत के लिए प्रमुख चुनौती रहेगा। दरअसल चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं, इसीलिए कहा गया है कि सतत जागरुकता ही स्वतंत्रता की गारंटी है।

राष्ट्रीय दिवस हमें यही याद दिलाने के लिए आते हैं तो गणतंत्र दिवस इस संकल्प का अवसर है कि हमारे संविधान ने जो रास्ता तय किया, उसे सुरक्षित रखने और उस पर आगे बढ़ने के लिए हम सतत सतर्क रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष इमैनुएल मैक्रों का आना हमारे लिए अपने सफर को जांचने का खास अवसर है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की यात्रा प्रतीकात्मकता से भरी होती है। यह भारत और आमंत्रित राष्ट्र के बीच संबंधों को बनाने और नवीनीकृत करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार इसका राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी अधिक है। विश्व में भारत की पहचान आज एक सक्षम और मजबूत जनतांत्रिक देश की है। भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधुनातन स्थिति में है। यही वजह है कि दुनिया हमारी ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह हमारे विकास व विस्तार की मजबूती का प्रतिफल है। हमारी कई सफलताओं से दुनिया चकित है। इसके बावजूद यह निश्चिंत होकर बैठने का वक्त नहीं है।

# भारत के संविधान की आत्मा है सत्य



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था।

गणतंत्र दिवस दलगत-भावना से ऊपर उठकर आज राष्ट्र के संबंध में ईमानदारी से सोचने का दिवस है। संसद का न चल पाना, वहां हुड़दंग होना संसद सदस्यों की देश के प्रति निष्ठा और योग्यता पर संदेह पैदा करता है। वे नेता के प्रति वफादार हैं, पर क्या देश के प्रति भी वफादार हैं? बड़ा कौन है? देश या टिकट देने वाला नेता? या चुनावी कोष देने वाला थैलीशाह? थैलीशाहों का महत्व बढ़ जाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक होगा? निर्वाचन आयोग की संस्तुतियों पर ध्यान नहीं दिया जाना क्या प्रमाणित करता है? बहुत से सरकारी और विधायी कार्यों के प्रति बार-बार उच्चतम या उच्च न्यायालयों में जाना और उन न्यायालयों का हस्तक्षेप करना सरकार और संसद या विधानसभा सदस्यों के कर्तव्य के प्रति शंका पैदा नहीं करता?

यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा सत्य है। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया, सत्य का अहिंसात्मक-आग्रह, सविनय-अवज्ञा आंदोलन चलाया। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्मनिरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था। आज का सर्वोपरि धर्मग्रंथ संविधान है, उसके भाव को जागरित करिए, बजाय इसके कि आप भारतीय संस्कृति के आकर ग्रंथों की आलोचना और निंदा करें अच्छा तो यह हो कि आप लोकतंत्र के जीवन मूल्यों को आधार बनाकर ऐसा ग्रंथ लिख सकें जो लोकजीवन में मान्य हो। व्यर्थ के



विवाद से तो आप उन्हीं निहित स्वार्थ की मदद कर रहे हैं। लोकजीवन की गहराई में जाकर ही आप लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं।

संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं। विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजनसत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जनसत्ता है। व्यक्ति और लोक का संबंध ऐसा है, जैसे क्षण और युग का संबंध। क्षण से युग का अस्तित्व है, क्योंकि युग क्षण से ही अभिव्यक्त होता है, किंतु क्षण युग में व्याप्त है, वह युग से विच्छिन्न नहीं है। इसी बात को महर्षि पतंजलि ने महाभाष्य में एक सूत्र में परिभाषित किया है-अभ्यन्तरोऽहं लोके न त्वहं लोकः। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में सूत्र दिया-शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। गीता ने कहा-लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि।

भारत के संविधान पर लोक संस्कृति और लोक चेतना के प्रभाव को लेकर कुछ अध्ययन मैंने भी किया है। पहली बात तो यह है कि भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय-आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं

संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं।

था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाह कर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था, लेकिन तेलंगाना के रहने वाले एक शोध विद्वान का विषय है- धर्मशास्त्र की परंपरा और भारत का संविधान।

यों सीधे-सीधे धर्मशास्त्र पढ़कर तो भारत के संविधान की रचना हुई नहीं थी और न ऐसा संभव ही था, किंतु संविधान-सभा के सदस्य भारत के ही लोग थे। भारत के सांस्कृतिक-परिवेश में ही जनमे और पले थे, उनका मन तो अन्ततः भारतीय मन था। इसलिए धर्मशास्त्र की परंपरा का प्रभाव उन पर किसी न किसी रूप में तो होगा ही। संविधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू थे और उन्होंने संविधान के संदर्भ में एक बार नहीं बार-बार महात्मा गांधी के विचारों का संदर्भ दिया था। समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, नीति निर्देशक तत्व और लोक कल्याणकारी राज्य जैसी कितनी ही बातें हैं, जो लोकोन्मुखी हैं।

राजेन्द्र बाबू स्वयं भारतीयता में रगे-पगे थे। खैर तो उन शोधविद्वान ने संप्रभुता की बात चलाई। संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य। संप्रभुता का स्रोत कहां है? क्या संप्रभुता का वह स्रोत राजा के मुकुट में है? या सेना में है? क्या वह स्रोत अस्त्र-शस्त्र तलवार और भौतिक-शक्ति में है जिससे जनता को डराकर अथवा आतंकित करके शासन किया जाएगा? एक जमाना था, जब दीवालों पर यह वाक्य लिखा हुआ दिख जाता था कि क्रांति बंदूक की गोली में से निकलती है। माओवादी अभी भी कुछ इस प्रकार से सोचते हैं और तालिबान भी आतंक को अपना हथियार बनाकर सत्ता के केन्द्र में दाखिल हो चुके हैं। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपापूर्वक दे दिया था? क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था? क्या संविधान-सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था?

वास्तव में लोकतंत्र लोकजीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता, लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं। देशी हों या विदेशी क्रूर राजाओं, आक्रांताओं, दस्युओं जमींदारों ने क्या कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोकजीवन लोकसंस्कृति, लोक-आस्था-लोक विश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्य बल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है।

कोई भी संविधान एक ढांचा ही तो होता है, शरीर! उसमें प्राण प्रतिष्ठा तो लोकचेतना के द्वारा ही होती है। लोकचेतना का कोई विकल्प नहीं है। रैलियां स्वांग हैं, प्रदर्शन और प्रायोजित हैं। लोकचेतना प्रायोजित नहीं होती। वह स्वतः स्फूर्त झरने की तरह झरती है, नदी की तरह बहती है, समुद्र की तरह उफनती है और वक्त आने पर ज्वालामुखी की तरह उबल पड़ती है। देश के लोकतंत्र की कठिनाइयों और बाधाओं का समाधान लोकजीवन की अंतर्वर्ती शक्तियां ही कर सकती हैं। नान्यः पन्थः विद्यते ऽयनाय।

## व्यंग्य

# बड़ी गहरी है ये हीनता

पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

जब अमिताभ बच्चन ने अपने डूबते हुए दौर के बाद केबीसी में वापसी की, तो उन्होंने वहां शुद्ध हिंदी बोलना शुरू किया। उसके पहले आप अमिताभ बच्चन के पुराने इंटरव्यू देख लीजिए, वो आपको वही भाषा बोलते दिखेंगे जिसे फिल्म इंडस्ट्री में बोला जाता था। जिसे लोग उर्दू की जगह अब 'हिन्दवी' कहने लगे हैं। जब अमिताभ ने शुद्ध हिंदी में बोलना शुरू किया और 'नमस्कार' को ही प्राथमिकता दी तो उर्दू भाषी लोगों में बड़ी बेचैनी होने लगी।

मैं अपने आसपास का अनुभव आपको बताऊं तो लोग कहते थे कि 'देख रहे हो अमिताभवा को, कितना तास्सुबी (कम्यूनल) होता जा रहा है। कितनी नफरत भरी जा रही है कि अब शुद्ध हिंदी में ही बात करता है। ये जान बूझकर ऐसा कर रहा है, अंदर से ये आरएसएस का आदमी है'। दुनियाभर की उलटी सीधी बात लोग अमिताभ बच्चन को सिर्फ इसलिए बोलते थे, क्योंकि उन्होंने उर्दू छोड़कर शुद्ध हिंदी में बात करना शुरू कर दिया था। शुद्ध हिंदी में बात करना मतलब नफरती होना। इतनी छोटी छोटी बातों से हिंदू को कम्यूनल और नफरती घोषित किया जाता है। लता मंगेशकर जब नौशाद के पास गाने के लिए गईं तो नौशाद ने उन्हें भगा दिया, ये बोलकर कि तुम्हारे उर्दू का उच्चारण ठीक नहीं है, जाओ उर्दू सीखकर आओ। फिर लता जी ने तीन साल उर्दू सीखी और फिर गाना शुरू किया।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

ब्राह्मण परिवार से आई लता जी जिनके पिता और परिवार मंदिरों में भजन गाते थे वो भारत में काम पाने के लिए उर्दू सीख रही थीं और ये सब बहुत अच्छा और सेकुलर था। उर्दू में लिखे गाने अगर लता जी संस्कृत में गाए होते तो भी उतने ही मधुर होते। बस एक माहौल ऐसा तैयार किया गया अपना अधिपत्य जमाने ले लिए कि उर्दू में गाना और उर्दू में बोलना ही अच्छा और बेहतरीन है। क्या अंग्रेजी के गानों में मिठास नहीं होती है? क्या फ्रेंच शायरी में भावनाएं नहीं होती हैं? फिर यहां ऐसा माहौल क्यों बनाया गया कि हिंदी में वो मिठास नहीं है, जो उर्दू में है? नहीं है, क्योंकि नास्तिक होकर भी जावेद अख्तर साहब आपको मुगलों की बनाई भाषा की मिठास समझाएंगे और हिंदी को कमतर बताएंगे। पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

ये मामला इतना आगे बढ़ गया कि हिंदू स्वयं को हीन दृष्टि से देखने लगा। वो हिंदी बोलने में शर्माने लगा और ये प्रयास करने लगा कि उसकी भाषा में अधिक से अधिक उर्दू के शब्द इस्तेमाल हों ताकि लोग उसे समझदार और काबिल समझें, ये हीनता बड़ी गहरी है। इसलिए जो भी आजकल ये कहे कि हमें तो राम-राम या जय सियाराम कहने वाले हिंदू पसंद थे। वो गंगा जमुनी तहजीब वाले हिंदू पसंद थे तो समझ जाइए कि ये व्यक्ति हिंदुओं को "वेजिटेबल" देखना चाहता है। ये यही चाहते हैं कि हिंदू हिंदी छोड़कर उर्दू बोले, ताकि वर्चस्व, दबदबा और रियासत कायम रहे। ये वो लोग हैं, जो पाकिस्तान नहीं गए, मगर यहां वो नया पाकिस्तानी वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं।

उर्दू का उदाहरण तो बहुत छोटा सा उदाहरण है, जो मैंने दिया। दरअसल ये बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक खेल है, मगर घबराइए मत, ये सब धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। वो दौर शुरू हो चुका है।

# बिहार में भाजपा का मास्टर स्ट्रोक



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती से ठीक एक दिन पूर्व उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की गई। केंद्र के इस निर्णय के बाद बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई। कर्पूरी ठाकुर बिहार की अति पिछड़ी जाति नाई से ताल्लुक रखते थे। बिहार में अति पिछड़ी जातियां सबसे बड़ा जातीय समूह है।

बीते साल 2 अक्टूबर को बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक बिहार की कुल आबादी करीब 13 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक संख्या अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। ये राज्य की आबादी के करीब 36 फीसदी हैं। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग की है, जो राज्य में 27.12 प्रतिशत हैं। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक व विरोधी दल के नेता रहे। उनका निधन 1988 में हुआ। उनकी मौत के 36 साल बाद उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जा रहा है। वे बिहार से चौथे व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

मनमोहन सरकार के 10 साल के कार्यकाल (2004-2014) में केवल तीन लोगों को भारत रत्न दिया गया। इनमें पंडित भीमसेन जोशी (2008), सचिन तेंदुलकर (2014) और सीएनआर राव (2014) रहे। वहीं मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में छह शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए पीएम मोदी का आभार भी जताया और कांग्रेस पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। लालू और नीतीश दोनों कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी से कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। बिहार के ओबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा अब तक लालू यादव और नीतीश कुमार की पार्टियों के ही साथ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने के निर्णय को वोट बैंक में सेंध लगाने के रूप में भी देखा जा रहा है। पुरस्कार दिए जाने को दो मकसद से जोड़ा जा सकता है। पहला कर्पूरी ठाकुर की सियासी धरोहर को भाजपा अपनी ओर ला सके। दूसरा भाजपा नीतीश कुमार को अपने साथ फिर जोड़ लेने का द्वार खोल दे। एक बात और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर मोदी सरकार ने राजद और जदयू की राजनीति पर जोरदार हमला करने की कोशिश भी की है। भाजपा जानती है कि लोकसभा चुनाव में यदि बिहार में बड़ी जीत हासिल करनी है तो पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करना ही होगा। कर्पूरी ठाकुर सरकार में रहे हों या विपक्ष में, हमेशा सादगी में जीवन जीते रहे। आम जनता की समस्याओं को अपनी समस्या माना। आम जनता की समस्याओं के निदान के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक चलने को तत्पर रहते थे। वे पूंजी के खेल के सख्त खिलाफ रहे। राजनीति में तीन 'सी' के विरोध में वे अक्सर बोलते थे। तीन 'सी' यानी कैश, कास्ट और क्राइम। वे सरकारों के पूंजीवादी चरित्र के भी मुखर विरोधी थे। बिहार में सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर ने ही मुंगेरीलाल कमीशन के सुझाव पर सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक रूप से पिछड़े समुदाय को शैक्षणिक और सरकारी नौकरी में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। आरक्षण फार्मूला बहुत चर्चित रहा। लाख टके की बात यह भी कि कर्पूरी का सूत्र आरक्षण का फार्मूला नहीं था। वह नैतिक राजनीति और सामाजिक क्रांति का फार्मूला था। वह अन्याय के विरुद्ध लोहा लेने का फार्मूला था। वह सोए वतन को जगाने के लिए खुद को मिटाने वाले दीवानों का फार्मूला था। महत्वपूर्ण यह है कि क्या हम उनके फार्मूले पर चल पाए?

खैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई। 48 घंटे के भीतर पहले कमंडल और फिर मंडल के दांव से क्या पीएम मोदी ने बिहार की राजनीति में बड़ा खेल कर दिया है? इसकी चर्चा व विश्लेषण सभी अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सियासी मास्टर स्ट्रोक तो मार ही दिया है।

## सोशल फोरम

# विचार करना होगा

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे।

जब उल्लास मन स्थिरता की तरफ बढ़ जाए, जब उत्साह चरम पर पहुंचकर लौटने लगे, जब खुशियां बाहर से अंदर की तरफ यात्रा करने लगें। तब विचारना जरूर की हम में राम कितने हैं या हम में राम हैं भी कि नहीं।

विचारना होगा कि कितनी शबरियों को हमने अछूत नहीं रहने दिया, विचारना कितने निषाद हमारे घर में बैठकर साथ में चाय पी रहें हैं। विचारना यह भी कि आदिवासियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हमने कुछ किया भी है कि नहीं, विचारना कि हम अपने भाई-भतीजों के प्रति कितने प्रेम से भरे हैं। हमको विचारना चाहिए कि हमारी कुंठाएं, ईर्ष्याएं और नफरतों को हमने नीचे स्टेज पर ला दिया है कि नहीं या हमने मिले हुए मौके पर सोने की लंका उसके उत्तराधिकारी को दी कि स्वयं राजा बनकर बैठ गए।



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

हमें विचारना होगा कि हमने कितने साथियों को धोखा देना बंद कर दिया या हमने अपने धर्म की आध्यात्मिकता के लिए क्या किया? साथ ही यह भी विचारना कि सनातन के लिए हमने कितनी वाहियात आधुनिकता को तिलांजलि दी है। हम में यदि राम तत्व का अभाव है तो क्या हम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसे भी थोड़े बहुत हैं भी कि नहीं। रामायण में वर्णित राम जो निकले थे शोषित, दमितों के जीवन आततातियों से बचाने को हमने कितने लोगों का शोषण बंद कर दिया। हमको विचार करना होगा कि स्वयं की अर्धांगनी को छोड़कर हम कितनी महिलाओं, बेटियों को मां, बहिन और बेटी की नजर से देख पा रहे हैं।

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे। क्योंकि मंदिर में बैठाने से पहले रामजी को मन के मंदिर में बैठाना जरूरी था, है और रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# संविधान और सनातन धर्म



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा ग्रहण किया गया और अगली यानी 1950 की 26 जनवरी से प्रवृत्त हो गया। इसमें शुरू से ही "पंथ निरपेक्षता" का सिद्धांत संरक्षित था, जिसे 1976 में 42 वें संशोधन द्वारा इंदिरा गांधी ने 'धर्म निरपेक्षता' में परिवर्तित कर दिया। हालांकि इस प्रावधान का अक्षरशः पालन कभी नहीं हुआ और बहुत कुछ कागजी होकर ही रह गया। संविधान की मूल प्रति पर चित्रकार नंदलाल बोस ने चित्र बनाए थे जिनकी भेंट पं.जवाहरलाल नेहरू से शांति निकेतन में हुई थी। तभी उन्हें यह काम सौंप दिया गया। उन्हें इस काम के लिए 21 हजार रुपये पारिश्रमिक भी दिया गया था।

इसके 'मूल अधिकार' वाले भाग के मुख पृष्ठ पर राम, लक्ष्मण, हनुमान के चित्र हैं। लंका विजय के उपरांत वे, धनुष बाण लिए, सीता जी को ले जाते उकेरे गए हैं। नीति निर्देशक सिद्धांत वाले भाग में गीता का उपदेश देते हुए कृष्ण भगवान का चित्र अंकित है। पांचवें भाग में हिंदुओं के नवें अवतार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ बैठे दिखाए गए हैं तथा 12 वें भाग में नटराज का चित्र है, जो शिव जी मान्य हैं। इसके तेरहवें भाग में शेषनाग, भगीरथ की तपस्या और गंगावतरण व अन्य देवी देवतावों के चित्र विद्यमान हैं। इन चित्रों को संविधान की प्रति में अंकन के बारे में गरमा गरम बहस भी हुई थी। यह बात उठाई गई कि इन धार्मिक चित्रों को दर्शाने पर संविधान पंथ निरपेक्ष कैसे रहेगा? तब बहुमत ने इस आपत्ति को यह कहकर निरस्त कर दिया कि 'ये ऊपर के चित्र हैं, संविधान के अंदर के प्रावधान नहीं हैं'। जो भी हो इससे संविधान निर्माताओं का सनातन किंवा हिंदू धर्म की ओर शुरुआत से ही झुकाव होना तो स्पष्ट ही होता है। यही नहीं, आजादी प्राप्त होने की रात्रि को डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हवन हो रहा था। मालूम हो कि राजेन्द्र बाबू नेहरू मंत्रिमंडल में काबीना मंत्री रहे। फिर संविधान सभा के अध्यक्ष बने और संविधान अंगीकार हो जाने पर भारत के पहले राष्ट्रपति हुए। वे जब प्रयाग में संगम स्नान करने गए, तब राष्ट्रपति रहते वहां के पुरोहितों के पैर भी छुए थे। यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि संविधान सभा द्वारा इसे ग्रहण करते ही 22 दिसंबर 1949 को अयोध्या की बाबरी मस्जिद में रामलला का श्रीविग्रह रख दिया गया था, जिसे प्रकट होना कहा गया। फिर अखंड राम नाम कीर्तन चलने लगा और दर्शन पूजन शुरू हो गया।

अतः यह कहना कि 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या लाए गए, गलत और एक तरफा प्रचार है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के फौरन बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के नव निर्माण की बात उठाई, जिसे गांधी जी ने सराहा और यह कार्य प्रारंभ हो गया तथा यह प्रसिद्ध शिव मंदिर, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है, 1950 में बनकर तैयार हो गया। पटेल साहब इस निर्माण कार्य से अंत तक जुड़े रहे। अतः हम यह पाते हैं कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के किसी भी रूप में रहते हुए, राष्ट्रीय सोच और झुकाव सनातनी ही रहा और सरकारी कार्यारंभों में नारियल ही फोड़े गए।

# स्वाध्याय के अभाव का दुष्परिणाम



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की गई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्र अथवा छात्रा का नामांकन नहीं करेगा। आज के परिदृश्य पर गौर किया जाए तो हम पाएंगे कि शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप पूर्णतया परिवर्तित हो चुका है।

आज शिक्षा के साथ व्यवसाय की भावना का पूर्णतया समावेश हो चुका है। चाहे विद्यालय हों अथवा महाविद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान, सबके सब व्यवसाय को प्राथमिकता मानकर ही कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से उनका कोई विशेष सरोकार नहीं रह गया है। कोचिंग संस्थानों के अस्तित्व में आने के पीछे जो महत्वपूर्ण कारण है वह है- विद्यार्थियों की अकर्मण्यता। आज की स्थिति यह है कि विद्यार्थी अपने लिए पका पकाया भोजन चाहता है और उसकी यह उम्मीद रहती है कि खाने का निवाला भी उसके मुंह में कोई दूसरा ही पहुंचाए। कहा गया है-'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे वन माहि'। यही हाल आजकल के विद्यार्थी का हो चुका है। सफलता का मूल मंत्र है, परिश्रम के साथ स्वाध्याय, किंतु इसे भूलकर छात्र व छात्राएं एक ऐसी अंधी दौड़ में जुटे हुए हैं जिसमें यह पता ही नहीं है कि कहां तक दौड़ना है और परिणाम क्या मिलेगा? प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे का शैक्षिक स्तर परखे बिना ही उसे आईआईटी जैसे संस्थानों अथवा आईएएस जैसी परीक्षाओं के योग्य मानकर उसे कोचिंग संस्थानों में दाखिला दिला देता है। कोचिंग संस्थानों के प्रतिकूल परिवेश एवं अभिभावक की अपेक्षाओं का दबाव परस्पर विपरीत दिशाओं में आरोपित होकर विद्यार्थी को अवसादग्रस्त कर देते हैं। नतीजतन वह सफलता के मार्ग से भटक जाता है। वहीं कुछ विद्यार्थी आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश हो जाते हैं।

यदि सभी दिशानिर्देश पूर्ण सख्ती के साथ लागू हो जाते हैं तो निश्चित ही कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा एवं विद्यार्थियों के द्वारा उठाए जाने वाले गंभीर कदम व उनके मन मस्तिष्क में पनप रहे दबावों पर रोक लगाई जा सकेगी। अंततः सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि स्वाध्याय के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करने की ठान ली जाए, तो किसी तरह के कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# करीब 15 घंटे हो रहे रामलला के दर्शन

## गुरुवार को 1 लाख 70 हजार से अधिक राम भक्तों ने की पूजा-अर्चना, सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन करा रहा है प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य नवीन मंदिर में रामलला के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब सुबह 6 से रात 10 बजे रात्रि तक अनवरत दर्शन का क्रम चल रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद गुरुवार को तीसरे दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। इसी बीच अयोध्या में राम मंदिर का उल्लास और पौष शुक्ल पूर्णिमा के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जहां सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि पर दर्शन-पूजन किया। गुरुवार सुबह 6 बजे श्री रामलला का श्रृंगार आरती-पूजन कर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन प्रारंभ करा दिया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालु जन्मभूमि पथ के राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे जहां सुगमता से दर्शन कर निहाल हो गए। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक एक लाख 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन-पूजन किए हैं।

### 24 घंटे में आया लगभग 50 लाख का दान

प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर के भव्य निर्माण के लिए एक बार फिर दान दाताओं ने खजाना खोल दिया है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई करोड़ का दान आनलाइन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को प्राप्त हुआ है। ट्रस्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में 50 लाख से अधिक दान प्राप्त हुए हैं।



रामनगरी में दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का हुजूम। अमृत विचार

## दर्शन मार्ग पर एक्स-रे मशीनों से हुई जांच, लॉकर रूम पर दिखी भीड़



श्रद्धालुओं के सामानों की एक्स-रे मशीनों से जांच करते सुरक्षाकर्मी। अमृत विचार

रामलला के दर्शन को लेकर की गई सुरक्षा व्यवस्था के बीच दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं के सामानों को एक्स-रे मशीन से गुजरा गया। यहां सुरक्षाकर्मियों ने सामानों की जांच के बाद ही आगे जाने दिया। श्रद्धालु भी कतारबद्ध होकर व्यवस्था में सहयोग देते रहे। सामानों को ट्रस्ट द्वारा संचालित लॉकर रूम में अपने सामान को जमा कराने को लिए भी भीड़ जुटी रही। मोबाइल ले जाने के प्रतिबंध पर श्रद्धालु थोड़ा निराश दिखे। उनका कहना था कि रामलला का चित्र लेने की बड़ी इच्छा है लेकिन सुरक्षा को लेकर सब स्वीकार है।



लॉकर में सामान जमा करते श्रद्धालु। अमृत विचार



# अलौकिक अयोध्या में अभूतपूर्व उल्लास

**अलौकिक छटा**

**▸▸ प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामोत्सव में चहुंओर छाया है आस्था का आवेग, प्रांतों की परंपराओं को सहेज रहा अयोध्या धाम**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अलौकिक अयोध्या में अनवरत रामोत्सव का उल्लास है। प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय दिवस गुरुवार को भी आस्था का आवेग चहुंओर छाया रहा। देश के कोने-कोने से पहुंच रहे रामभक्तों को लेकर अयोध्या धाम का कण-कण बलिहारी हुआ जा रहा है। केवल इतना ही नहीं विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेज रही रामनगरी देश को एक सूत्र में पिरो रही है।

गुरुवार को भी रामपथ और जन्मभूमि पथ के संग धर्मपथ पर श्रद्धालुओं की पदचाप जारी है। सहजता से हो रहे रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंच रहे रामभक्त अलग-अलग समूहों में अपनी लोक कलाओं और सांस्कृतिक परंपरा को भी आराध्य की जन्मभूमि पर अर्पित करने के लिए आतुर हैं। आश्चर्य यह है कोई ऐसा प्रांत नहीं है जहां की सांस्कृतिक विरासत का प्रस्फुटन न हो रहा हो। यहां के निवासी भी अब नव्य अयोध्या में प्रारंभ हो रहे नवीन युग के साक्षी के रूप में स्वयं को आह्लादित पा रहे हैं। हनुमानगढ़ी के अशोक गुप्ता, रमेश अग्रहरि कहते हैं सबकुछ कल्पना से परे है।



हनुमानगढ़ी की तरफ जाने वाले भक्तिपथ पर कुछ इस अंदाज में दिख रहे श्रद्धालु।

### नागपुर के भक्तों ने किया परंपरागत कला का प्रदर्शन

नागपुर के श्रद्धालुओं ने भी गुरुवार को अपनी परंपरागत कला का प्रदर्शन किया। शिव गर्जना नामक संस्था ने बैनर पर परंपरा, संस्कृति लिख कर कई तरह का संदेश दिया। मनमोहक धुनों के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वरिष्ठ प्रतीक टाते ने बताया 150 कलाकारों द्वारा 50 ढोल 25 ताशे और 25 ध्वज के साथ प्रस्तुति दी जा रही है। हनुमानगढ़ी के अलावा श्री राम जन्मभूमि के साथ अयोध्या धाम के 4 अन्य जगहों पर प्रस्तुति दी ।संस्था के अश्विन वानखेड़े मुख्य रूप से जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



हनुमान जी का स्वरुप धारण किए श्रद्धालु।

### बेतिया से पहुंचे मुकुटधारी रामभक्त बने आकर्षण का केंद्र



पारंपरिक कलाकारों की धूम के बीच बिहार के बेतिया से आए मुकुटधारी रामभक्त जिनमें महिलाओं की खासी संख्या रही सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। हनुमानगढ़ी से होते हुए इन रामभक्तों ने रामलला के दरबार में शीश नवा कर शुभ कल्याण की अरदास की। दिलीप सिंह, रामेश्वर राम ने बताया कि यह उनका एक विशिष्ट परिधान है जिसमें मुकुट धारण कर देवों का दर्शन किया जाता है। वहीं जन्मभूमि के निकट राम धुन में धूनी रमाते एक श्रद्धालु भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। नेपाली बाबा भी एक बड़े रथ पर सवार होकर रामलला के दर्शन के लिए गए।



# ढोल - ताशों और ध्वज के साथ राम पथिक के सदस्यों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति

**आयोजन**

**▸▸ हनुमानगढ़ी-श्रीरामजन्म भूमि में प्रस्तुति दे रहा पुणे से आया दल काशी भी जाएंगे 150 सदस्य**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में रामोत्सव की धूम छाई हुई है। विभिन्न प्रदेशों से सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियों से छटा बिखेर रहे हैं।

गुरुवार को भी अयोध्या धाम पहुचे पुणे महाराष्ट्र के श्री राम पथक चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने पारंपरिक धुनों के साथ वाद्य यंत्रों से भावपूर्ण प्रस्तुति दी। श्री राम पथिक चैरिटेबल ट्रस्ट पुणे महाराष्ट्र के अश्विन देवेडोकर जिनके अलावा राहुल वोडा व तेजस फारम के नेतृत्व में 150 लोग का समूह यहां आया है। इसका नेतृत्व कर रहे अश्विन देवेडोकर ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्योते पर सभी लोग आएं है। दल अपने साथ 50 ढोल, 25 ताशे, 25 ध्वज,25 झांझ लाया है। प्रातः हनुमानगढ़ी पर 30 मिनट का कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को आह्लादित कर दिया। इसके बाद श्री राम जन्म भूमि पथ पर इसका संचालन करेंगे। वहां भी 30 मिनट का कार्यक्रम होगा। बताया कि इसके साथ 6 और अन्य जगहों पर 30 -30 मिनट का आयोजन होगा। दल के सदस्यों ने बताया आज अयोध्या के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के कॉरिडोर पर यही प्रस्तुति प्रस्तुत करने रवाना होंगे।



हनुमानगढ़ी पर गुरुवार को प्रस्तुति देता पुणे से आया दल। अमृत विचार

# सिपाही से एसडीएम बने दीपक गांव वालों ने बिछाए पलक पांवड़े

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सिपाही से एसडीएम बने दीपक सिंह का गुरुवार को गांव पहुंचने पर गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। घर से 3 किलोमीटर दूर बुढ़वल चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनकी अगवानी की और फूल-मालाओं से लाद दिया।

तहसील रामनगर के सेमराय गांव निवासी किसान अशोक सिंह के पुत्र दीपक सिंह का 27 वर्ष की आयु में पीसीएस अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। अभी तक वह सिपाही के पद पर तैनात थे। 2018 में परास्नातक की पढ़ाई के दौरान उनका चयन यूपी पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हुआ। ठीक 6 वष बाद कड़ी मशक्कत रंग लाई और उनका चयन पीसीएस में 20वीं रैंक में हुआ। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह, बुढ़वल गन्ना समिति अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह,विजयपाल सिंह,हास्य कवि विकास बौखल,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि आशीष सिंह, प्रधान अनूप सिंह,राहुल सिंह आदि ने खुशी जाहिर कर बधाई दी। उनके परिवार वाले भावुक नजर आए।



एसडीएम के पद पर चयनित होने के बाद गांव पहुंचे दीपक सिंह का स्वागत करते गांव वाले।

## दरियाबाद में किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**दरियाबाद,बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबह घर से निकली किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। मामला दरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी मसौली थाना क्षेत्र के एक गांव में रहकर पढ़ाई करती है। इस वर्ष वह हाईस्कूल में है। छह माह पहले उसे मौसा के घर से अपने घर ले आई थी। बुधवार को उसके मोबाइल पर मसौली थाना क्षेत्र के बनिया तारा गांव निवासी रामेश्वर के नंबर से फोन आया था। गुरुवार खेत गई किशोरी को रामेश्वर का भतीजा बहला- फुसलाकर भगा ले गया। एसओ शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

# सपा ने ईवीएम के खिलाफ खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**जताया विरोध**

**▸▸ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेज कर बैलट पेपर से चुनाव कराने की उठाई मांग**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने आने वाले चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है। गुरुवार को ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा के बैनरतले राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को देकर पार्टी ने वैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा के समर्थन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रपति को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी की ओर से नामित अधिकारी को सौंपा। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले चुनाव ईवीएम से नहीं, वैलेट पेपर से कराए जाने चाहिए। इस पर चुनाव आयोग को विचार करने के लिए आदेशित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज यादव गामा, अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, प्रदेश सचिव रोहित यादव, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, कामता प्रसाद यादव, महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, रूमी राय, सुमन गौतम आदि प्रमुख पदाधिकारी आदि रहे।

### पीएमजे डाक ने तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा राममंदिर का डाक टिकट

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यालय डाक परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय महासचिव चंपत राय को श्रीराम लला प्रतिनिधि के रूप में राम मंदिर पर जारी स्मारक डाक टिकट का सेट तथा देश- विदेश में श्रीराम से जुड़े डाक टिकटों के संग्रह की विशेष बुकलेट भेंट की। अयोध्या के दौरे पर आये लखनऊ मुख्यालय पीएमजे दक्ष ने बताया कि अयोध्या में एक फिलेटलिक म्यूजियम बनने जा रहा है, जिसमें अन्य डाक टिकटों के साथ श्रीराम के जीवन से जुड़े सभी प्रमुख डाक टिकटों का संग्रह देखने को मिलेगा। पीएमजे दक्ष ने बताया कि देश विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अयोध्या धाम उप डाक घर के नए भवन का निर्माण किया जाएगा और इसे मॉडल पोस्ट आफिस के तौर पर प्रस्तुत किया जाएगा।



तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव को राममंदिर डाक टिकट भेंट करते पीएमजे। अमृत विचार




रामलीला में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### रामोत्सव : रामलीला में श्रीलंका और सिंगापुर के कलाकारों दी मनमोहक प्रस्तुति

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में रामोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। मठ मंदिरों में रामकथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीं देश-विदेश के कलाकार रामलीला का मंचन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे है। संस्कृत विभाग की ओर तुलसी उद्यान में रामोत्सव के तहत कई प्रांतों के कलाकार ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसमे राजस्थान की नेहा वैष्णव ने चरी नृत्य, असम के कृष्णा, महाराष्ट्र की श्रद्धा, जमशेदपुर के सुनील दत्त विश्वकर्मा, गोवा के शेष नाइक ने भी नृत्य व भजन गायन किया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं देर शाम श्रीलंका और सिंगापुर के कलाकारों ने बाल्मीकि रामायण पर आधारित प्रसंगों पर मंचन कर माहौल को राममय बना दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर जय श्रीराम का उद्घोष किया।

**खुशखबरी** राम नाम से जुड़े सामानों की जमकर हुई खरीदारी, तीन से चार दिन में हो गया करोड़ों का व्यापार

# रामधुन पर झूमा बाजार, धनवर्षा हुई अपार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या धाम के बाजारों पर खूब रामकृपा बरसी। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने राम नाम से जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। तीन से चार दिन में ही लाखों-करोड़ों की बिक्री हो जाने से व्यापारियों की बांछें खिल आईं। आलम यह रहा कि दुकानों पर सामान आउट ऑफ स्टॉक हो गए। भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है और व्यापारी माल अटा नहीं पा रहे हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद दर्शनार्थियों का जो रेला चला है वह बहुत ही अविश्वसनीय था। अयोध्या में दर्शन के पश्चात खरीदारी इस कदर हुई कि दुकानदारों का स्टॉक ही खत्म हो गया। 20 से 24 जनवरी के बीच लड्डू प्रसाद, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े, दुपट्टा, पटका, टीशर्ट, श्रीराम का झंडा, गमछे, पीतल की मूर्तियां, श्री राम लिखी टोपियां, मंदिर मॉडल आदि सामानों की धूम थी। रिकार्ड बिक्री होने से अयोध्या के दुकानदार बहुत खुश दिखे। एक आंकड़े के मुताबिक अयोध्या में लगभग करोड़ों रुपये का कारोबार हो चुका है, लेकिन ट्रांसपोर्ट की बंदी की वजह से दुकानदारों का सामान अभी सुलभ नहीं हो पाया है, जिससे बिक्री थोड़ी कम हो गई है।



थोक विक्रेता की दुकान पर खरीदारी करते दुकानदार। अमृत विचार

### 30 लाख का बिका माल

अयोध्या धाम में कपड़े के थोक सुरेंद्र ने बताया कि लगभग 20 से 30 लाख का माल बिक चुका है। स्टॉक खत्म है। माल रास्ते में है। डिमांड बढ़ती जा रही है। अयोध्या के साथ जुड़वा शहर में भी थोक व्यापारी लोगों के यहां स्टॉक खत्म हो चुका है।

### झटपट बिक गए 5 लाख झंडे

झंडे की थोक बिक्री करने वाले अश्विनी गुप्ता ने बताया मैंने 22 तारीख के लिए पांच लाख झंडे मंगवाए थे, जो अब खत्म हो चुके हैं। यही हाल अन्य झंडा व्यापारियों का भी है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर और झंडे मंगाए गए हैं।

**श्री राम दर्शन यात्रा**

### आज पहुंचेगा देवभूमि उत्तराखंड के दर्शनार्थियों का जत्था

**अयोध्या,अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भाजपा की प्रस्तावित श्री राम दर्शन यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से देवभूमि उत्तराखंड से श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को रामनगरी पहुंचेगा। पार्टी ने सभी तरह की व्यवस्था की है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पार्टी ने प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 5 हजार को दर्शन कराने की योजना बनाई है। भीड़ के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित होने के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमेलश श्रीवास्तव ने बताया की ट्रस्ट व प्रशासन के समन्वय से व्यवस्था पूरी की जा रही है। नेतृत्व के निर्देश के अनुसार आगे के कार्यक्रम संपादित कराये जाएंगे।

## एक नजर

### बसपा के सेवक लाल ने सपा ज्वाइन की

**लखनऊ, अमृत विचार :** उन्नाव के मोहान विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बसपा सेवक लाल रावत ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेते हुए उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए कहा कि सपा सरकार द्वारा प्रदेश में खासा विकास हुआ है। पार्टी कार्यालय में सदस्यता ग्रहण के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री इन्द्रजीत सरोज व प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

### जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट फिर जारी

**रामपुर अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामे दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई चल रही है। गुरुवार को जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हो सकीं। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया है। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं, जिस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। गुरुवार को भी जयाप्रदा कोर्ट में पेश नही हो सकीं।

### मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य नियुक्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती प्रक्रिया में सहारनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य डॉ. सुधीर राठी को नियुक्त किया गया है। लोकसेवा आयोग द्वारा प्रधानाचार्य की नियुक्ति के बाद वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ. संगीता अनेजो को पीलीभीत के राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर भेज दिया गया है। यह आदेश गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा अनुभाग एक से सचिव पवन कुमार द्वारा जारी हो चुका है।

# 10 लाख लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

▸▸ स्नान के लिए घाटों की संख्या आठ से बढ़ाकर 12 की गई

संवाददाता, प्रयागराज

**गंगा**, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में गुरुवार को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ भक्तों का महीने भर चलने वाला कल्पवास शुरू हो गया। माघ मेला प्रशासन के मुताबिक, गुरुवार शाम तक करीब 10 लाख लोगों ने गंगा स्नान किया।

मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि माघ मेला के द्वितीय स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर घाटों की संख्या आठ से बढ़ाकर 12 कर दी गई है। इस तरह से घाटों की कुल लंबाई 3300 फुट से बढ़कर लगभग 6200 फुट हो गई है। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद तड़के से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना शुरू हो गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पूरे मेला क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने स्नानार्थियों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। तीर्थ पुरोहित आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष पूर्णिमा स्नान के साथ संगम क्षेत्र में लोगों का कल्पवास आज से प्रारंभ हो गया जो एक महीने तक चलेगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने कहा कि घने कोहरे और शीतलहर के बावजूद कल्पवासियों ने तड़के से ही स्नान शुरू कर दिया। हालांकि दोपहर में धूप खिलने से स्नान करने वाले लोगों की संख्या और बढ़ने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि स्नान के दौरान सुरक्षा के लिए 'डीप वॉटर बैरिकेडिंग' तथा जाल की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित गोताखोर, जल पुलिस के कर्मी, एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) तथा एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के दल पानी में मौजूद हैं और वे लगातार निगरानी कर रहे हैं। मिश्र ने बताया कि अयोध्या से लौटकर माघ मेला प्रवास के लिए आ रहे साधु संतों की सुविधा के लिए अतिरिक्त वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



प्रयागराज के संगम तट पर लगे माघ मेले में पौष पूर्णिमा स्नान के लिए जाते श्रद्धालु।

# अधिवक्ताओं से विनम्र व्यवहार करने का निर्देश

▸▸ रजिस्ट्री अधिकारियों के अशिष्ट व्यवहार का मामला

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट के निबंधक (न्यायिक) ने हाल की घटनाओं से प्रेरित होकर अपने सभी अधिकारियों को एक कार्यालय आदेश के माध्यम से निर्देश दिया है कि वह अधिवक्ताओं और उनके क्लर्कों के साथ बातचीत करते समय धैर्य और सम्मान पर जोर दें।

उक्त आदेश में कहा गया है कि हाईकोर्ट के विभिन्न अनुभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिवक्ता और उनके मुंशियों के साथ व्यवहार करते समय विनम्रता का पालन करना चाहिए, क्योंकि वे समाज में असहाय, वंचित और हाशिए पर खड़े लोगों को बराबरी का एहसास कराते हैं। उक्त निर्देश का उद्देश्य हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं के प्रति रजिस्ट्री अधिकारियों के अशिष्ट व्यवहार के बारे में शिकायतों की घटनाओं को रोकना है। इस आदेश का कारण हाल की वे घटनाएं हैं, जिनमें रजिस्ट्री को अपने अधिकारियों के कथित असभ्य आचरण के बारे में शिकायतें मिलीं। उपरोक्त के अतिरिक्त निबंधक और संयुक्त निबंधकों को अधिकारियों के बीच शिष्टाचार विकसित करने के लिए ट्रेनिंग सेशन आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है।

# पांच न्याय से देश में मजबूत होगा लोकतंत्र: अजय राय

राजनीति

▸▸ राहुल गांधी की न्याय यात्रा से बौखला गई है भाजपा, तभी दर्ज हो रहे हैं मुकदमे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश राहुल गांधी के युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय व श्रमिक न्याय को हासिल कर देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन से बौखला गई है, इसीलिए यात्रा पर हमले, बैनर-पोस्टर फाड़ने, राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर आदि हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी ब्लाकों में ध्वजवंदन और भारत जोड़ो न्याय यात्रा 26 जनवरी से 30 जनवरी तक निकाली जाएगी।




कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

## कल से नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल में होंगी प्रतियोगिताएं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** राज्य सरकार के नेतृत्व में हर साल की तरह इस बार भी विश्व वेटलैण्ड दिवस पर 27 जनवरी से दो फरवरी तक नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2024 मनाया जाएगा। इस कड़ी में पूरे सप्ताह कई जिलों में विविध आयोजन कराए जाने है। 27 जनवरी को शहीद चन्द्र शेखर आजाद पक्षी विहार, नवाबगंज, उन्नाव में बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत होगी। इसमें वन राज्यमंत्री केपी मलिक मौजूद रहेंगे। 28 को गोविन्द सागर बांध, ललितपुर वन प्रभाग ललितपुर, 29 को राज्य पक्षी सारस अभ्यारण्य, बखिरा संतकबीरनगर वन प्रभाग में फेस्टिवल का आयोजन होगा।

# चिकित्सा अनुदान एसिड अटैक पीड़िता का मौलिक अधिकार

कोर्ट-कचहरी

▸▸ एसिड अटैक के आरोपियों की आपत्ति को हाई कोर्ट ने किया खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एसिड अटैक से संबंधित एक याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि चिकित्सा अनुदान एक मौलिक अधिकार है जो भारत में रहने वाले सभी व्यक्तियों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित है। एसिड अटैक पीड़ितों के लिए राज्य द्वारा मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है।

23 मई 2014 के शासनादेश में प्रस्तावित है कि पीड़ितों के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी विभाग में 25 बिस्तरों वाले विशेष वार्ड का प्रबंध किया गया है। पीड़ित को मुआवजा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा चोटों के आकलन के बाद दिया जाता है। मौजूदा मामले के तथ्यों पर विचार करने के साथ सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए आरोपियों को 5 लाख 26 हजार रुपये की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने अलीगढ़ निवासी पीड़िता और उसके बेटे द्वारा दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मांगी गई राशि पीड़िता द्वारा निजी अस्पताल में एसिड अटैक से जलने के कारण चिकित्सा उपचार पर खर्च की गई है।

बता दें कि याचियों को देखभाल और पुनर्वास के लिए नियमावली 2015 के तहत अधिकतम पांच लाख की मुआवजा राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद याचियों ने पुनः मुआवजे के भुगतान का दावा किया है जो उन्होंने मथुरा और जयपुर में इलाज के दौरान खर्च किए। हालांकि विपक्षियों/आरोपियों ने उपरोक्त राशि के भुगतान पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि याची ने सरकारी अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में रेफर करने के संबंध में यूपी नियमावली 2015 के नियम 12-ख के प्रावधानों का पालन नहीं किया है। इसके साथ ही एसिड हमले में 10% से कम चोट लगने के कारण पीड़िता का बेटा उक्त नियमावली के तहत मुआवजे का हकदार नहीं है।

# वैज्ञानिक प्रमाणों से बढ़ाई जाएगी आयुर्वेद की उपयोगिता

सेमिनार

▸▸ बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जागरुकता कार्यक्रम किया गया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुर्वेद की उपयोगिता और सेहतमंद जीवनशैली की जागरुक बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन' चलाया जाएगा। अभियान में आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ समझाया जाएगा। ताकि लोग सोच-समझ कर अपने रोज़मर्रा के खाद्यय विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें।

डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित अभियान अंतर्गत 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी गुरुवार को कंपनी के दिनेश कुमार ने लखनऊ में सरस्वती बालिका विद्यालय मंदिर में हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि भावी पीढी बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा।

'साइंस इन एक्शन' कैंपेन को विभिन्न माध्यमों के ज़रिए अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाया जाएगा। कंपनी के ही डॉ. ए.के. पांडेय ने बताया कि आयुर्वेद और च्यवनप्राश के बारे में कई गलत अवधारणाएं मौजूद हैं। 'साइंस इन एक्शन" से लोगो में व्याप्त मिथक दूर किए जाएंगे।

# वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स' योजना के तहत शुरू हुए कार्य पर राज्य सरकार ने 4.85 करोड़ रुपये जारी किये हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण व उन्हें आश्रयस्थल मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में केंद्र सरकार की इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स योजना को प्रदेश में क्रियान्वित करने पर सरकार का विशेष फोकस है। पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन अनुभाग को योजना के कार्यपालन के लिए 4.85 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है।

### सृजित हो रहे रोजगार

वन क्षेत्रों में संरक्षण के लिहाज से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के जरिए सरकार स्थानीय जनता को गाइड, ड्राइवर, आतिथ्य कर्मियों और अन्य सहायक नौकरियों में सेवा करने के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। ये योजनाएं विभिन्न पर्यावरण-विकास परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विभिन्न कौशल उपलब्ध करने को बढ़ावा देती हैं। इससे वे स्वरोजगार के लिए सक्षम हो सकेंगे।

# कांग्रेस पर भारी पड़ेगा राम का विरोध : शर्मा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अमृत विचारः पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि राम का विरोध कांग्रेस को भारी पड़ेगा। इस चुनाव में हनुमान भी उन्हें नहीं बचा पाएंगे। श्रद्धा का विरोध कांग्रेस की पुरानी परंपरा है।

जब सोमनाथ मंदिर बना, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू वहां नहीं गए और पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को भी जाने से रोक दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कभी अयोध्या नहीं गईं। राजीव गांधी जन्मभूमि के अंदर नहीं गए थे। सोनिया गांधी और राहुल गांधी बगल की सीट से चुनाव लड़ते हैं, लेकिन कभी अयोध्या नहीं गए। पूर्व उप मुख्यमंत्री गुरुवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश, मायावती, आम आदमी पार्टी का कोई नेता अयोध्या नहीं पहुंचा, जबकि साधु संतों के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा इमाम संघ के अध्यक्ष अयोध्या पहुंचे। देश में इस समय मोदी लहर से विपक्षी उड़े हुए हैं। इज्जत घर बनाकर और आरक्षण दिलाकर महिलाओं का सम्मान हुआ है।

किसानों की आय दुगनी करने की दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहे हैं। कोई पदयात्रा निकाले या पैदल रहे। मोदी जनता के सपना कैसे पूरे किए जाएं, यह प्रयास करते हैं। मोदी-योगी का समन्वय एक माडल है। राम मंदिर निर्माण कराकर अपना वादा पूरा किया है। अब तो तमिलनाडु में भी जय श्री राम का नारा लगा रहा है।




## ट्रांसगोमती के विभिन्न उपकेंद्रों पर सर्वर रहा डाउन

**लखनऊ, अमृत विचार :** ट्रांसगोमती क्षेत्रों के विभिन्न बिजली उपकेंद्रों पर गुरुवार को सर्वर डाउन होने के चलते उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। जीवीआरए, अहिबरनपुर, चिनहट सहित गोमतीनगर में बिलों को जमा करने आए उपभोक्ताओं के साथ बिलों के समायोजन के लिए खड़े लोग सर्वर डाउन होने की वजह से मायूस दिखे। करीब चार घंटे तक सर्वर डाउन रहा। अहिबरनपुर उपकेंद्र के जेई ने बताया कि 11 बजे सर्वर के डाउन होने की वजह से बिलों को जमा करने आए लोगों की कैश काउंटर पर भीड़ लग गई। साथ ही नए कनेक्शन और बिलों के समायोजन के लिए लोगों को खासी दिक्कतें हुई। 3 बजे के बाद सर्वर के सामान्य होने पर उपकेंद्र पर काम शुरू किया जा सका।

## वर्ग पहेली-324

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोतने की क्रिया या भाव 2. दीवार पर रंग या लेप करने की क्रिया 3. पुताई की मज़दूरी।
3. गुरुच या गुडूची, एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।
4. 1. हठी, ज़िद्दी 2. अड़ियल।
5. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथ-साथ विचरण करने वाली स्त्री 2. सखी, सहेली, साथिन 3. पत्नी।
7. 1. देर तक होने वाली धम की आवाज़ 2. पदचाप।

**ऊपर से नीचे**

2. मांगलिक अवसर या उत्सव आदि में संबंधियों या मित्रों को भेजी जाने वाली मिठाई।
3. 1. पीठ पर तीन सफ़ेद धारियों वाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु जो पेड़ों पर या बगीचों में रहता है 2. गिलाई 3. चिखुरी।
5. अग्नि, आग।
6. ईरान या पर्शिया नामक देश।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| 4 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली - 323 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | रु | त | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 2 दा | ■ | 3 बं |
| ■ | 4 कं | 5 द | ल | ■ | श |
| ■ | 6 डो | ल | ची | ■ | लो |
| 7 का | म | दा | नी | ■ | च |
| यि | ■ | र | ■ | ■ | न |
| की | ■ | ■ | 8 लौं | डा | ■ |

## सुडोकू -41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 2 | | | 1 | |
| | | 9 | | | 8 | | | 3 |
| | | 4 | 9 | | 6 | | | 5 |
| 2 | | | 5 | 3 | 7 | | | 6 |
| | | 1 | | | | 7 | | |
| 6 | | | 1 | 9 | 2 | | | 4 |
| 4 | | | 7 | | 1 | 5 | | |
| 5 | | | 8 | | | 9 | | |
| | 8 | | | 5 | | 6 | | |

### सुडोकू - 40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 27 जनवरी 01.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गणतंत्र दिवस।
मुहूर्त- अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.48, 12.40-13.24 तक। दिशाशूल-पश्चिम।
ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 10.28 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** - आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने से लाभ होगा। छात्रों को पढ़ाई में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कुछ लोग आपका मजाक उड़ा सकते हैं। परिवार में किसी का विवाह तय हो सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** - आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। शत्रु आपके सामने घुटने टेकते नजर आएंगे। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पाने में आसानी होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**मिथुन** - आज पिछली गलतियों से सीखने के अवसर मिलेंगे। परिवार के लोग आपको कोई उपहार दे सकते हैं। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे। आपको धन उधार लेने से बचना चाहिए। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** - आज परिवार में एकता और सामंजस्य बढ़ेगा। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। लंबित सरकारी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग करेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह** - आज घर की साज-सज्जा में आप धन खर्च करेंगे। आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। विदेश से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। काम का दबाव बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों में विवाद होने की संभावना बन रही है।

**कन्या** - आज व्यापारिक यात्रा की योजना बनेगी। वैवाहिक जीवन में सुख बढ़ेगा। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको यश प्राप्त होगा। लेखन कार्यों में जुड़े लोगों को ख्याति मिलेगी।

**तुला** - आज विदेशी स्रोतों से धन लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आप शॉपिंग पर जा सकते हैं। प्रशासन से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भोग-विलास और ऐश्वर्य पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक** - आज कानूनी मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। ऑफिस में आपके काम का लोग श्रेय लेने का प्रयास करेंगे।

**धनु** - आज आपको काफी सावधान रहना चाहिए। बच्चों को बड़ों की डांट खानी पड़ेगी। पीठ और कमर में दर्द और थकान महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से परेशानी का अनुभव होगा। व्यवसाय में क्लाइंट्स के साथ रिलेशन खराब हो सकते हैं।

**मकर** - आज पुराना ऋण उतारने के लिए दिन उत्तम है। जीवनसाथी की सलाह लेकर काम करना शुभ होगा। व्यवसाय में अधिकतम काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। नए विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**कुंभ** - आज निःस्वार्थ भाव से लोगों की मदद करेंगे। इसीलिए लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जॉब में मनोयोग से काम करेंगे। अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं।

**मीन** - आज आपकी योग्यता लोगों के सामने निखर के सामने आएगी, लेकिन आप अपनी उन्नति से असंतुष्ट रहेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में हानि हो सकती है। किसी से कोई वादा न करें। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
तकदीर का तमाशा - सुबह : 10.00
हिन्दुस्तान की कसम - रात : 07.56

Sony Max
राउडी - सुबह : 09.08
एकलव्य - रात : 09.30

Sony Pix
साल्ट - सुबह : 09.48
एज ऑफ टूमारो - रात : 09.00

Zee Cinema
हिम्मतवार - सुबह : 10.30
परमाणु - रात : 07.30

Colors Cineplex
स्वदेश - दोपहर : 12.24
गब्बर इज बैक - शाम : 04.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- बीस हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को पंद्रह हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल अलसी | 2600-2700 |
| तेल तिल्ली | 2600-2700 |

# सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्णता के करीब सरकार : सीतारमण

## वित्त मंत्री ने हिंदू कॉलेज की वर्षगांठ पर कहा- अब देश के आत्मनिर्भर बनने का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उन पर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

वित्त मंत्री ने कहा, यह साफ है कि 2014 लेकर अब तक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया।

### डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम



सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके। आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को इसके लिए चुना है। इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं।

# नोवार्टिस इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** नोवार्टिस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुरुवार को हुई बैठक में मुर्देश्वर का इस्तीफा मंजूर कर लिया। मुर्देश्वर ने 25 जनवरी, 2024 को एक पत्र में निदेशक और कंपनी के कर्मचारी के तौर पर दो अप्रैल, 2024 को कारोबारी घंटों के बाद पद छोड़ने की सूचना दी थी। मुर्देश्वर ने निदेशक मंडल को भेजे अपने पत्र में कहा, "मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आकांक्षाएं समय के साथ विकसित हुई हैं, और मेरा मानना है कि यह अपने लिए एक नई दिशा अपनाने का सही समय है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

» टेक महिंद्रा का शेयर छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था।

50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत घटकर 510.4 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,934.93 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,400। |

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| चना | 5200-5400 |

# एयर इंडिया पांच और ए350 विमानों को करेगी बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया जुलाई में शुरू होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण कर लिया था।

# सीसीई एग्री एप के प्रयोग में 59 जिले फिसड्डी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

» लखनऊ व बागपत अव्वल, ललितपुर, कन्नौज, बदायूं, जौनपुर, महोबा, मथुरा बेहद खराब

» खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से कर पाए

**अमृत विचार :** प्रदेश में खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में अनिवार्यता होते हुए भी फसल कटाई सर्वेक्षण यानी सीसीई एग्री एप का 100 प्रतिशत प्रयोग नहीं हुआ। क्रॉप कटिंग के दौरान कुल 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से किए गए। जबकि शेष पहले की तरह टेबिल पर उत्पादकता के आंकड़े भरे गए। हालांकि लखनऊ ने 1916 व बागपत ने 356 प्रयोग 100 प्रतिशत एप से कर सफलता हासिल की है, जबकि 50 प्रतिशत से कम एप का प्रयोग करने में 59 जिले फिसड्डी हैं। सबसे खराब प्रगति ललितपुर, कन्नौज व बदायूं की 1 प्रतिशत व जौनपुर, मथुरा व महोबा की 2 प्रतिशत से कम है। इस पर गंभीरता न लेने वाले 50 फीसदी से कम प्रगति वाले एसडीएम व तहसीलदार से शासन कार्रवाई कर सकता है। गाजियाबाद, हापुड़, मुज्जफरनगर सहारनपुर, सोनभद्र व शामली की प्रगति अच्छी है। इनमें 70 फीसदी से अधिक प्रयोग किए हैं।

**यहां 50 प्रतिशत से कम प्रगति**

| जिले | प्रयोग | इतने किए |
|---|---|---|
| बरेली | 4914 | 1918 |
| मुरादाबाद | 2696 | 1058 |
| बदायूं | 8608 | 63 |
| शाहजहांपुर | 5156 | 166 |
| रामपुर | 3120 | 569 |
| पीलीभीत | 2908 | 567 |
| कासगंज | 3680 | 1346 |

**ये भी पीछे**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ललितपुर | 5048 | 9 | फर्रुखाबाद | 3064 | 211 |
| कन्नौज | 3404 | 8 | अमेठी | 2728 | 264 |
| महोबा | 4268 | 67 | चित्रकूट | 3144 | 317 |
| मथुरा | 2740 | 46 | बांदा | 3310 | 336 |
| जौनपुर | 7156 | 137 | फतेहपुर | 5624 | 771 |
| कानपुर नगर | 2444 | 658 | अयोध्या | 3308 | 573 |
| कानपुर देहात | 4888 | 123 | जालौन | 4448 | 893 |
| बाराबंकी | 5248 | 267 | गोरखपुर | 5400 | 1187 |
| उन्नाव | 7628 | 512 | प्रयागराज | 6100 | 2103 |

### पारदर्शिता के लिए एप लागू

क्रॉप कटिंग में कुछ गांव के खेत चिह्नित कर फसल की कटाई कर उपज निकाली जाती है। पुरानी व्यवस्था से इन पर घर बैठे या फिर मनमाने तरह से आंकड़े भरने के आरोप लगते हैं। इसमें पारदर्शिता लाकर उपज के सही आंकड़े सरकार तक पहुंचाने के लिए 2018 में सीसीई एप लागू किया गया था। इसमें फोटो, समेत पूरा विवरण ट्रेस होता है।

क्रॉप कटिंग में पारदर्शिता के लिए एप का प्रयोग करना है। इसमें लखनऊ व बागपत ने 100 प्रतिशत प्रयोग किया है। जबकि कुछ जिलों की प्रगति खराब है। यहां से संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही सुधार किया जाएगा।
**-सुमिता सिंह,** निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 तक रोक**

**चंडीगढ़।** संगरूर जिले की एक अदालत ने 2008 के एक मामले में गुरुवार को पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी। जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अरोड़ा की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत दी। अरोड़ा के वकील योगेश गुप्ता ने कहा, अदालत ने मंत्री की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी और अंतिम आदेश की घोषणा के लिए मामले को स्थगित कर दिया गया।

**महिला को ब्लैकमेल, धन ऐंठने में विदेशी गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** एक महिला को उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर धन ऐंठने के आरोप में 37 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान इवान के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार बिजनेस वीजा पर आया इवान ग्रेटर नोएडा में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) हेमंत तिवारी ने बताया हमें एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। जांच में आरोप सही मिले।

**कोविड-19 से संक्रमण के 198 नए मामले**

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 से संक्रमण के 198 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,764 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे की अवधि में पंजाब में एक मौत की सूचना मिली।

# मैक्रों और मोदी ने की जयपुर की सैर

## प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया ऐतिहासिक हवा महल का दीदार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को परकोटे में स्थित जंतर मंतर से हवा महल तक रोड शो किया। इस दौरान मोदी व मैक्रों खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे। दोनों नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने मोदी मोदी के नारे भी लगाए। उन पर अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगे तथा फ्रांस के राष्ट्रध्वज ले रखे थे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक चला। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोशनी से जगमगाते ऐतिहासिक हवा महल को निहारा। बाद में स्थानीय कलाकृतियों व हस्तशिल्प उत्पादों की एक दुकान में गए। वहां राष्ट्रपति मैक्रों अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की प्रतिकृति निहारते देखे गए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें वहां रखे भीम यूपीआई स्कैनर के बारे में भी बताया। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं।



जयपुर के बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

इससे पहले मोदी ने गुरुवार शाम जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। अपने भारत दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैक्रों का स्वागत किया। वहीं, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी शाम में जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे से मोदी जयपुर के परकोटे में स्थित जंतर मंतर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में जगह जगह लोग व स्कूली बच्चे उनके स्वागत के लिए खड़े थे।

मैक्रों हवाई अड्डे से आमेर के किले पहुंचे। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बातचीत करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।

# गणतंत्र दिवस पर 6 कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेसी

» छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत दिए जाएंगे



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छह कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र सहित 80 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दे दी। छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत और 16 शौर्य चक्र में से दो को मरणोपरांत प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। कीर्ति चक्र अशोक चक्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जबकि शौर्य चक्र शांतिकाल का तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार जिन्हें कीर्ति चक्र पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई उनमें पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की 21वीं बटालियन के मेजर दिग्विजय सिंह रावत, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर दीपेंद्र विक्रम बासनेत और महार रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के हवलदार पवन कुमार यादव शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार मरणोपरांत पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वालों में पंजाब रेजिमेंट (आर्मी मेडिकल कोर) की 26वीं बटालियन के कैप्टन अंशुमान सिंह, पैराशूट रेजिमेंट की नौवीं बटालियन (विशेष बल) के हवलदार अब्दुल माजिद और राष्ट्रीय राइफल्स की 55वीं बटालियन के सिपाही पवन कुमार शामिल हैं। इसके अनुसार शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में पैराशूट रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के मेजर मानेओ फ्रांसिस, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर अमनदीप जाखड़, महार रेजिमेंट के नायब सूबेदार बारिया संजय कुमार भामर सिंह, 9 असम राइफल्स के हवलदार संजय कुमार और राष्ट्रीय राइफल्स से पुरुषोत्तम कुमार शामिल हैं।

भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट बिमल रंजन बेहरा और भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शैलेश सिंह (पायलट), फ्लाइट लेफ्टिनेंट हृषिकेश जयन करुथेदथ (पायलट) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह भी शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं।

# झारखंड उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने एक महिला के अपने पति से गुजारा-भत्ता मांगने से जुड़े मामले में आदेश सुनाते हुए धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया है। फैसले में न केवल पति और पत्नी के वैयक्तिक संबंधों की बात की गई है, बल्कि विवाहित दंपतियों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने 25 पन्नों के आदेश में उच्चतम न्यायालय के फैसलों को उद्धृत करते हुए इस बारे में विचार व्यक्त किया कि भारत में महिलाएं किस तरह शादी के बाद पति के परिवार में रहने आती हैं। न्यायमूर्ति चंद ने अपने आदेश में ऋग्वेद, यजुर्वेद, मनुस्मृति के उद्धरणों का भी वर्णन किया और टेरेसा चाको की पुस्तक 'इंट्रोडक्शन ऑफ फेमिली लाइफ एजुकेशन' का भी हवाला दिया।

# कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार की भाजपा में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार गुरुवार को भाजपा में वापस लौट आए। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर नाराज होने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजीव चंद्रशेखर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा, मुख्य प्रवक्ता व मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र की मौजूदगी में उनकी घर वापसी हुई।



बीजेपी में दोबारा शामिल जगदीश शेट्टार का नई दिल्ली में स्वागत करते नड्डा।

हुबली-धारवाड़ मध्य सीट से छह बार विधायक रहे जगदीश शेट्टार की गिनती राज्य के अनुभवी नेताओं में होती है। उनका परिवार जनसंघ के दिनों से पार्टी से जुड़ा रहा।

# गोधरा दंगों के बाद हथियार पहुंचाने वाली महिला को 18 साल बाद एटीएस ने पकड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात में 2002 में हुए गोधरा कांड के बाद के दंगों का बदला लेने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की आरोपी 52 वर्षीय महिला को गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 18 साल बाद पकड़ लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एटीएस ने 23 जनवरी को वटवा इलाके के एक घर से अंजुम कुरैशी उर्फ अंजुम कानपुरी को गिरफ्तार किया। एटीएस के अनुसार महिला को तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है और उस पर 2005 में शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था

# गजब : बठिंडा में अवैध मुकाबले में जब्त मुर्गा बना केस प्रॉपर्टी, पुलिस ने ली कस्टडी

चंडीगढ़, एजेंसी

» मुर्गे को तारीख पर कोर्ट में भी पेश किया जाएगा

पंजाब के बठिंडा जिले में कुछ दिन पहले 'मुर्गों की लड़ाई' के अवैध मुकाबले से बरामद किए गए एक मुर्गे को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 'केस प्रॉपर्टी' के रूप में पेश किया जाएगा। 'केस प्रॉपर्टी' ऐसी वस्तु को कहा जाता है कि जिसे अपराध के मामले में पुलिस अपने कब्जे में ले लेती है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बठिंडा के बल्लुआना गांव में आयोजित इस प्रतिबंधित खेल प्रतियोगिता के तीन आयोजकों पर पांच दिन पहले मामला दर्ज किया गया था।



सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) निर्मलजीत सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद पुलिस ने आयोजकों में एक राजविंदर सिंह उर्फ राजू से मुर्गे को बरामद किया था। पुलिस ने बताया कि मुकाबले में जीतने वाले मुर्गे के मालिकों को दिए जाने वाले कुछ पुरस्कार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मुर्गे को कुक्कुट पालन करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति को दिया है जो उसकी देखरेख कर रहा है।

सहायक उप निरीक्षक ने कहा कि मामले की जब कभी सुनवाई होगी, हम मुर्गे को अदालत में पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुर्गा विषय में 'केस प्रॉपर्टी' है। पुलिस ने बताया कि राजविंदर सिंह, जगसीर सिंह और गुरजीत सिंह के खिलाफ पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम, 1960 के संबद्ध प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को मामले में जमानत मिल गई है।

# पीएम मोदी ने पार्टी के घोषणा पत्र के लिए युवाओं से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्ण बहुमत के साथ स्थिर सरकार चुनने की वकालत की और युवा मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में परिवारवादी पार्टियों को हराने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके वोट ही भारत की दशा व दिशा तय करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजयुमो की ओर से आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि परिवारवादी पार्टियों की सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था। मोदी ने युवाओं से आगामी लोस के मद्देनजर भाजपा के घोषणापत्र के लिए सुझाव देने का आग्रह किया।

# आतंकी घटनाओं में आई 66 प्रतिशत कमी : शाह

जम्मू, एजेंसी

» गृहमंत्री ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई, कहा-धारा 370 हटने से राज्य में लौट रही शांति

जम्मू कश्मीर में शांति के एक नए युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है।

शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे।



शाह ने कहा कि 2000 में जम्मू कश्मीर में पथराव की 2,654 घटनाएं हुई थीं लेकिन 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, 2010 में करीब 132 बंद के आयोजन किए गए लेकिन 2023 में एक भी नहीं किया गया। 2010 में करीब 112 नागरिकों की पथराव की घटनाओं में मौत हुई लेकिन 2023 में पथराव में एक भी नागरिक ने जान नहीं गंवाई। करीब 6,235 नागरिक 2010 की अवधि के दौरान घायल हुए। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण पर भी नकेल कसी गई है।

उन्होंने कहा कि संपत्ति सील और कुर्क की जा रही। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई आतंकी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया है। मोदी की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को एक पर्यटन केंद्र में बदल दिया है जो कभी आतंकवाद के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि बम विस्फोट, गोलीबारी, पथराव और बंद के युग की जगह शिक्षा, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, उद्योग और बुनियादी ढांचे ने ले ली है।

# हरिशंकर भाभड़ा का निधन, पार्टीजनों ने दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा ने बीती रात स्थानीय रूंगटा अस्पताल में अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह उनका पार्थिव देह भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पार्टीजनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वरिष्ठ नेता के पार्थिव शरीर के दर्शन कर पार्टी का झंडा ओढ़ाया, पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पहला ग्रैंडस्लैम जीतने से बस एक कदम दूर बोपन्ना

## आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की जोड़ी को हराकर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से बस एक जीत दूर है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन को बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा।



### एबडेन के साथ अच्छा रहा तालमेल : बोपन्ना

बोपन्ना ने कहा कि एबडेन के साथ तालमेल अच्छा रहा। इस उम्र में सफलता के बारे में पूछने पर कहा कि उनके साथ एक बड़ी टीम है। उन्होंने फोकस बनाए रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया। मानसिक मजबूती के लिए योग करते हैं। एबडेन ने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास है। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। अब एक मैच बाकी है।

### कड़े मुकाबले में बोपन्ना ने दिखाई खेल भावना

पहले दो सेट में बराबरी के बाद तीसरे सेट के पहले गेम में बोपन्ना और एबडेन 0-30 से पीछे थे लेकिन बोपन्ना ने अपनी दमदार सर्विस बरकरार रखी। बोपन्ना की खेल भावना एक बार फिर देखने को मिली जब सातवें गेम में उन्होंने नेट छूने के बाद खुद बताया कि एक अंक गंवा दिया है। बोपन्ना का बैकहैंड शॉट लंबा जाने के बाद वे 15-30 से पीछे हो गए और झांग ने क्रॉसकोर्ट पर फोरहैंड विनर लगाया, जिससे बोपन्ना को दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। उनका बैकहैंड शॉट बाहर चला गया, जिससे विरोधी टीम ने वापसी की। अगले गेम में बोपन्ना और एबडेन को तीन मैच प्वाइंट मिले जो उन्होंने बचाए। चीनी खिलाड़ियों ने हालांकि वापसी करते हुए एक समय स्कोर 5-5 कर लिया।

### सुपर टाइब्रेकर से हुआ मैच का फैसला

11वें गेम में करीबी मुकाबले के बाद एबडेन ने सर्विस बरकरार रखते हुए 6-5 की बढ़त दिलाई, इसके बाद एक और ब्रेक प्वाइंट से वे मैच जीत जाते लेकिन तीसरा सेट टाई रहने पर सुपर टाइब्रेकर हुआ। सुपर टाइब्रेकर में एबडेन ने रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और बोपन्ना ने झांग के रिटर्न पर जबर्दस्त वॉली विनर लगाकर स्कोर 7-5 कर दिया। बोपन्ना ने इसके साथ मैच खत्म किया।

# कोको गॉफ को हराकर सबालेंका फाइनल में



मेलबर्न, एजेंसी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन और डायना यास्त्रेमस्का के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। झेंग और दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी यास्त्रेमस्का पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रहे हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में सबालेंका के खिलाफ गॉफ की 2024 की पहली हार है।

# ज्योति रंधावा बने सीनियर यूरो क्यू स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय



अंताल्या, एजेंसी। गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बन गए है। उन्होंने लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे। वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा ने 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थीं। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

# भारतीय स्पिनरों ने बैजबॉल की उड़ाई धज्जियां

## 246 रन पर सिमटी इंग्लैंड की पहली पारी, अश्विन और जडेजा ने चटकाए 3-3 विकेट

हैदराबाद, एजेंसी

इंग्लैंड की बैजबॉल की रणनीति की बृहस्पतिवार को हैदराबाद में भारतीय स्पिनरों ने धज्जियां उड़ा दीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम पहली पारी में 246 रन पर सिमट गई। जवाब में यशस्वी जायसवाल ने शानदार अर्धशतक जड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दी। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। यशस्वी जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं। भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान रोहित शर्मा के रूप में गंवाया, जो स्पिनर जैक लीच की गेंद पर आउट हो गए। रोहित ने 27 गेंद में तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाए।

**76** रन 70 गेंदों पर बनाकर यशस्वी शुभमन के साथ मैदान पर डटे

**119** रन बनाए भारत ने पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर





### स्पिन तिकड़ी के सामने ढेर हुई इंग्लैंड

सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए, जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने की इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति कहीं नजर नहीं आई, जिसके दम पर पिछले कुछ अर्से में उसने अपार सफलता हासिल की है।

### रोहित ने 64 में 52 ओवर स्पिनरों से कराए

कप्तान रोहित शर्मा ने 64 .3 में से 52 ओवर तीनों स्पिनरों से कराए। स्पिनर भी कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले आठ ओवरों में 41 रन बना लिए थे। अश्विन ने 12वें ओवर में डकेट को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जडेजा ने ओली पोप को 14वें ओवर में पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। अश्विन ने अगले ओवर में क्रॉली को अपना 492वां टेस्ट शिकार बनाया। उनकी फुललैंथ गेंद पर क्रॉली ने मोहम्मद सिराज को कैच थमाया।

### 60 रन पर गिरे 3 विकेट, रूट और बेयरस्टो ने संभाली पारी

तीन विकेट 60 रन पर गिरने के बाद रूट और बेयरस्टो ने पारी को संभाला। उनके बीच हुई 61 रन की साझेदारी को तोड़ते हुए अक्षर ने बेयरस्टो को पवेलियन भेजा। स्पिन को बखूबी खेलने वाले रूट भी जड़ेजा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर जसप्रीत बुमराह को कैच थमाया। बेन फोक्स 24 गेंद में चार रन बनाकर अक्षर का दूसरा शिकार बने, जिनका कैच विकेट के पीछे केएस भरत ने लपका। टॉम हार्टली (23) को जडेजा और मार्क वुड (11) को अश्विन ने बोल्ड किया, जबकि रेहान अहमद (13) ने बुमराह की गेंद पर विकेट के पीछे कोना भरत को कैच थमाया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत 119/1 (23 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 76 | 70 | 9/3 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो लीच | 24 | 27 | 3/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 14 | 43 | 1/0 |

अतिरिक्त: 5, कुल: 23 ओवर में एक विकेट पर: 119 रन, विकेट पतन: 1-80, गेंदबाजी: वुड 2-0-9-0, हार्टली 9-0-63-0, लीच 9-2-24-1, अहमद 3-0-22-0

**इंग्लैंड 246/10 (64.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3/0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 1 | 11 | 0/0 |
| जो रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6/3 |
| बेन फोक्स का भरत बो पटेल | 4 | 24 | 0/0 |
| रेहान अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1/0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2/1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2/0 |
| जैक लीच नाबाद | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 3, कुल :64 .3 ओवर में ऑल आउट : 246 रन, **विकेट पतन:** 1-55, 2-58, 3-60, 4-121, 5-125, 6-137, 7-155, 8-193, 9-234, **गेंदबाजी:** बुमराह 8 .3-1-28-2, मोहम्मद सिराज 4-0-28-0, रविंद्र जडेजा 18-4-88-3, रविचंद्रन अश्विन 21-1-68-3, अक्षर पटेल 13-1-33-2

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी से अभी नहीं लिया है संन्यास : मैरी कॉम



नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन मैरी कॉम ने बृहस्पतिवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक संन्यास की घोषणा नहीं की है और उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी संन्यास का एलान करना होगा तो खुद बता देंगी। दरअसल डिब्रूगढ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है।

### पहले मैच में भारत का सामना स्विटजरलैंड से

बेंगलुरू। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मस्कट में पहले एफआईएच हॉकी-5 विश्व कप में पूल बी में रविवार को स्विटजरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। सिमरनजीत सिंह की कप्तानी वाली टीम का सामना रविवार को ही मिस्र से होगा। आखिरी ग्रुप मैच में टीम सोमवार को जमैका से खेलेगी। पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड की टीमें हैं। पूल सी में आस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं, जबकि पूल डी में फीजी, मलयेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल भी उसी दिन होगा और फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

हॉकी-5 विश्व कप

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

मस्कट। मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने हॉकी 5 महिला विश्व कप में अमेरिका को 7-3 से हराया। भारत के लिए महिमा चौधरी, मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग, मुमताज खान और अजमिना कुजूर ने गोल दागे। समफेस्ट ने रिवर्स शॉट पर अमेरिका को बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान लिनीया ने दूसरा गोल करके भारतीय खेमे में खलबली बचा दी। दूसरे हाफ में भारतीयों ने दबाव बनाकर पहला गोल कर दिया। अमेरिका के लिए अगले ही मिनट समफेस्ट ने दूसरा गोल किया। मरियाना ने दो गोल करके भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद दीपिका ने दो और गोल किए। मुमताज और अजमिना ने एक-एक गोल करके अमेरिका की हार तय कर दी।

### नीरज चौपड़ा ने रोजर फेडरर से की मुलाकात



ज्यूरिख। स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने हाल में एक-दूसरे से मुलाकात की। स्विट्जरलैंड टूरिज्म द्वारा आयोजित इस मुलाकात में फेडरर और नीरज चोपड़ा ज्यूरिख में मिले। फेडरर ने कहा कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से देश के लिए काफी कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में उनसे मिलना शानदार रहा है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि रोजर फेडरर की विनम्रता ने उन्हें प्रेरित किया। फेडरर ने नीरज को अपने हस्ताक्षर वाला टेनिस रैकेट भेंट किया, जबकि नीरज ने जर्सी उपहार में दी।

### शशिकुमार ने पेलान को हराकर किया उलटफेर

चेन्नई। शशिकुमार मुकुंद ने गुरुवार को कड़े मुकाबले में चेक गणराज्य के दूसरे वरीय डोमीनिक पेलान को हराकर 25 हजार डॉलर इनामी आईटीएफ फ्यूचर्स अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर कर दिया। वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। शशिकुमार ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए पेलान को 5-7, 7-6, 7-5 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टोमिक को अभिनव संजीव के खिलाफ सीधे सेट में 6-16-4 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। यूक्रेन के एरिक वेंशेलबोइम ने रंजीत के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि रूस के एलेक्सी जखारोइ ने आठवें वरीय इजराइल के ओरेल केमही को सीधे सेट में हराया।

# कोहली चौथी बार वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, एजेंसी



विराट कोहली को पिछले साल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। कोहली ने 6 शतक और 8 अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाए थे। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

कोहली ने भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया और 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार भी हासिल किया। कोहली के कॅरिअर का यह सातवां व्यक्तिगत आईसीसी पुरस्कार है और वनडे में यह उनका चौथा पुरस्कार है। उन्होंने इससे पहले वनडे में 2012, 2017 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने 2018 में टेस्ट पुरस्कार भी जीता था, जबकि 2017 और 2018 में उन्होंने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती थी।

### पैट कमिंस चुने गए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कमिंस ने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती और इंग्लैंड की आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए लगातार दूसरी रशेल हेहो फ्लिंट ट्राफी जीती।

### उस्मान ख्वाजा बने टेस्ट के सरताज

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने। श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ने पहली बार सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर पुरस्कार हासिल किया। वह आईसीसी पुरस्कार पाने वाली देश की पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई। इंग्लैंड के अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने तीसरी बार साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर के लिए डेविड शेफर्ड ट्राफी जीती।

# भारत ने आयरलैंड को 201 रन से रौंदा

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

**118** रन की पारी खेली भारत के मुशीर खान ने

**4** विकेट नमन तिवारी और 3 स्वामी पांडे ने चटकाए

मुशीर खान के शतक, नमन तिवारी और स्वामी पांडे की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड को 201 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 302 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 53 रन पर चार और स्पिनर पांडे ने 21 रन पर तीन विकेट चटकाए। भारत की गेंदबाजी के सामने आयरलैंड 29.3 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई।

आयरलैंड की ओर से 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेनियल फोर्किन ने सर्वाधिक नाबाद 27 रन बनाए। टीम ने 45 रन तक ही आठ विकेट गंवा दिए थे। फोर्किन ने ओलिवर रिली और लिन लुटोन के साथ टीम का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज जोर्डन नील (11) और रेयान हंटर (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इससे पहले भारत ने मुशीर के 118 रन और कप्तान उदय सहारन (75 रन) के साथ उनकी 156 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 301 रन बनाए। दो मैच में दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और उसका अगले चरण में जगह बनाना लगभग तय है।

सचिन धास ने अंत में नौ गेंद में 21 रन की पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया जो इस मैदान पर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय मैच का सर्वोच्च स्कोर है। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 119 रन बटोरे। पहले मैच की तरह कप्तान उदय सहारन ने एक बार फिर एंकर की भूमिका निभाते हुए स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और मुशीर को उनका नैसर्गिक आक्रामक खेल खेलने दिया।



# बॉलीवुड हलचल

## संगीत में किस्मत आजमाएंगी परिणीति चोपड़ा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह एक गायिका के रूप में संगीत क्षेत्र में कदम रख रही हैं। शास्त्रीय संगीत की पृष्ठभूमि रखने वाली चोपड़ा ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक करार किया है, जो मनोरंजन जगत में एक प्रसिद्ध नाम है। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा संगीत मेरे लिए हमेशा खुशी की जगह रही है। दुनिया भर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर कार्यक्रम पेश करते देखा है और अब उस दुनिया का हिस्सा बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने को लेकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर हैं। यह यात्रा एक साथ दो क्षेत्रों में कॅरिअर बनाने का अवसर देती है। परिणीति चोपड़ा संगीत की दुनिया में पूरी तरह से नई नहीं हैं क्योंकि उन्होंने 2017 की अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदु के लिए माना के हम यार नहीं गाना गाया था।



### वरुण धवन की अगली फिल्म का नाम होगा बेबी जॉन

साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर एटली कुमार बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ फिल्म वीडी 18 बनाने जा रहे हैं। एटली कुमार ने हाल ही में फिल्म वीडी 18 का मुहूर्त वीडियो शेयर किया था। अब मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वरुण धवन की इस फिल्म का नाम बेबी जॉन है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। हालांकि इस फिल्म में उनके सह कलाकार कौन होंगे इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

## सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री



सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस हिला दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बाद एक कई रिकॉर्ड्स बनाए। इस फिल्म के हिट होने के बाद सनी देओल के हाथ एक कई फिल्में लगी है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा फिल्म लाहौर 1947 को लेकर है। इसमें सनी देओल लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए काफी समय से फीमेल लीड एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीति जिंटा इस फिल्म के साथ कमबैक करने वाली है। इस फिल्म में सनी देओल के बाद प्रीति जिंटा अहम रोल में नजर आने वाली हैं। हालांकि इसको लेकर अब तक कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि मेकर्स इसको लेकर जल्द घोषणा कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में फिर गदर मचाते दिखेंगे सनी देओल

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म लाहौर 1947 की कहानी में भी सनी देओल पाकिस्तान में गदर काटने वाले हैं। सनी देओल की इस फिल्म राजकुमार संतोषी डायरेक्ट करने वाले हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के सोशल मीडिया हैंडल से इसको लेकर बहुत पहले जानकारी दी गई थी। एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की घोषणा हुई थी। उस वायरल तस्वीर में आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी साथ नजर आए थे।

## क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज



विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज कर दिया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया जा चुका है। अब फिल्म का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज किया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म का यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सपनों को नष्ट करे देगा असफल होने का डर

अभिषेक बच्चन ने गुरुवार को इंस्टाग्राम परएक पोस्ट शेयर की। अभिषेक बच्चन ने लिखा कि असफल होने का डर आपको सपनों को नष्ट करे देगा। असफलता से सीखना आपके सपनों को साकार करेगा। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की खबरों के बीच उनकी यह पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है। यह पहली बार नहीं है जब अभिषेक बच्चन ने अपनी पर्सनल लाइफ की उठापटक की खबरों के बीच पोस्ट शेयर किया है। इससे पहले भी वह ऐसा कर चुके हैं।

### कृति सेनॉन को मिला यूएई गोल्डन वीजा



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनॉन को हाल ही में बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। अब कृति सेनॉन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल कृति सेनॉन को प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। पहले यह सम्मान शाहरुख खान, संजय दत्त, बोनी कपूर, रणवीर सिंह, वरुण धवन को मिल चुका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

